

माँ कात्यायनी

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 08 अक्टूबर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-49 मूल्य 3.00 ₹

# केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अपील, हथियार छोड़ मुख्यधारा से जुड़ें युवा

## छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की रणनीति को केन्द्र सरकार ने सराहा

**पायनियर संवाददाता ◄ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com









देश के नक्सल प्रभावित राज्यों में जारी नक्सलवाद के खिलाफ चल रहे अभियानों पर एक अहम बैठक नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की, जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और अन्य नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने हिस्सा लिया। इस महत्वपूर्ण बैठक का केंद्र बिंदु छत्तीसगढ़ का हाल ही में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ नक्सल विरोधी ऑपरेशन था, जिसमें राज्य की पुलिस ने 31 नक्सलियों को ढेर किया। इस ऑपरेशन में छत्तीसगढ़ पुलिस की कुशल रणनीति और राज्य सरकार की योजनाओं की सफलता पर विशेष चर्चा की गई। बैठक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नडडा, केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय तथा छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस ऑपरेशन में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनकी टीम के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष जनवरी से लेकर अब तक छत्तीसगढ़ के सुरक्षा बलों ने लगभग 194 नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराए हैं। वहीं 801 नक्सली गिरफ्तार हुए एवं 742 नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया है। उन्होंने कहा आज भी जो युवा नक्सलवाद में लिप्त है उनसे आग्रह है कि हथियार छोड़ कर मुख्य धारा से जुड़े। सभी राज्यों ने आपके पुनर्वास के लिए बेहतर योजनाएं बनाई हैं उसका फायदा लीजिए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बैठक में नक्सल ऑपरेशन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे राज्य पुलिस और खुफिया एजेंसियों ने महीनों की मेहनत और प्लानिंग के बाद इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। ऑपरेशन में करीब 1000 जवान शामिल थे, जिन्होंने 15 किलोमीटर के दायरे में स्थित गवाड़ी पहाड़ को घेरकर 31 नक्सलियों को ढेर किया। इस ऑपरेशन में कई बड़े नक्सली नेता मारे गए, जिनमें 16 पर कुल 1 करोड़ 30 लाख का इनाम घोषित था। मुठभेड़ में 18 पुरुष और 13 महिला नक्सली मारे गए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने प्रेजेंटेशन में बताया कि कैसे राज्य की पुलिस फोर्स ने सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। मुख्यमंत्री ने बैठक में केवल ऑपरेशन की सफलता पर ही नहीं, बल्कि राज्य में चल रहे विकास कार्यों पर भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों की गति बढ़ाई गई है। हम निरंतर गाँवों तक बुनियादी सुविधाएँ पहुंचा रहे हैं, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, और महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के लगातार मिल रहे मार्गदर्शन में हमने माओवादियों के कोर को तोड़ा। ऐसे एरिया में हमने 32 नये कैम्प स्थापित किये हैं, जिसे वो अपनी राजधानी तक कहते थे। उनकी बटालियन के कमांडर हिड़मा के गाँव में भी हमने कैंप स्थापित किया और उसकी माँ को भी स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ सरकार की आगे की योजनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार का मुख्य लक्ष्य नक्सलियों के बचे हुए गढ़ों को समाप्त करना और इन इलाकों में स्थाई शांति और विकास सुनिश्चित करना है। निकट भविष्य में, दक्षिण बस्तर में 29 नए सुरक्षा कैंपों की स्थापना की जाएगी, ताकि नक्सलियों के प्रभाव को खत्म किया जा सके।

## सीएम विष्णुदेव ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात कर विकास योजनाओं और नक्सल उन्मूलन पर की चर्चा



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके निवास पर मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य में पिछले नौ महीनों के दौरान हुए विकास कार्यों की जानकारी दी, जिसमें कृषि, कौशल विकास और शिक्षा के क्षेत्र में की गई प्रमुख पहलों को रेखांकित किया गया। इसके साथ ही उन्होंने राज्य में हाल ही हुए सफल नक्सल ऑपरेशन की जानकारी प्रधानमंत्री से साझा की। प्रधानमत्री ने इस ऑपरेशन की सफलता पर सुरक्षा बलों के साहस की सराहना की। मुलाकात के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आठ लाख आवास स्वीकृत किये जाने पर नरेंद्र मोदी का आभार भी जताया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री को माओवाद के खिलाफ राज्य में चल रहे ऑपरेशन और विकास कार्यों की प्रगति पर विस्तृत जानकारी दी।

## क्विक न्यूज़

### बंगाल में विस्फोट में पांच लोगों की मौत, चार घायल



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में ट्रक में विस्फोटकों के साथ रखे डेटोनेटर में विस्फोट होने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गयी और चार अन्य घायल हो गये। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विस्फोट भद्रुलिया के पास लोकपुर में एक बंद कोयला खदान के पास सुबह करीब साढ़े 10 बजे हुआ, जब मजदूर विस्फोटक उतार रहे थे। जबरदस्त विस्फोट के कारण कम से कम पांच लोगों की मौत हो गयी और चार अन्य घायल हो गये। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विस्फोट इतना शक्ति शाली था कि मजदूरों के शव कई टुकड़ों में बंट गये और विस्फोट स्थल से करीब 500 मीटर के दायरे में बिखर गये। विस्फोटकों से लदा ट्रक भी टूट गया और उसकी छत उड़ गयी। स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होंने घटनास्थल से पांच लोगों के शवों के टुकड़े और तीन से चार घायलों को ले जाये जाते हुए देखा। यह इलाका बंजर है और यहां कोई आबादी नहीं है।

**श्री रावतपुरा सरकार**
**ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स**
फार्मेसी
बी.फार्मा, डी.फार्मा, एम.फार्मा
नर्सिंग
बी.एस.सी, पोस्ट बेसिक
बी.एस.सी, एम.एस.सी
7222910415/30

### संजीव अरोड़ा के घर हुई ईडी की कार्रवाई राजनीति से प्रेरित : केजरीवाल



**नई दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल ने पार्टी के राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा के घर हुई ईडी की छापेमारी को राजनीति से प्रेरित बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री सुबह से लेकर शाम तक निर्दोष लोगों को जेल में डालने और बदले की कार्रवाई करने का काम कर रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि जाहिर है, यह कोई भ्रष्टाचार के खिलाफ जांच नहीं चल रही है। इन्होंने संदीप अरोड़ा के ऊपर छापेमारी कर दी। यह कोई भ्रष्टाचार के खिलाफ जांच नहीं चल रही है, बल्कि ऐसा लग रहा है जैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुरी तरह से एक पार्टी के पीछे पड़ गए हैं। जितनी ताकत उनके पास है, उन्होंने उन सारी एजेंसियों और संसाधनों को एक पार्टी और उनके नेताओं को खत्म करने में लगा दिया है लेकिन हमने कोई गलत काम नहीं किया। इसलिए हमें किसी बात का डर नहीं है।

### रुपया दो पैसे मजबूत

**मुंबई।** आयातकों एवं बैंकरों की बिकवाली की बदौलत आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया दो पैसे की बढ़त लेकर 83.97 रुपये प्रति डॉलर हो गया।

## भारत-यूएई का फूड कॉरिडोर परियोजना पर 'मिशन मोड' में अमल, दोनों पक्ष कार्य समूह बनाने पर सहमत

**वार्ता ◄ मुम्बई**
www.dailypioneer.com



संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने भारत में 'फूड पार्क' परियोजनाओं में निवेश के प्रस्ताव पर मिशन मोड में अमल के लिए एक कदम बढ़ाते हुए भारत के साथ एक कार्य समूह'' बनाने पर सहमति जतायी जो भारत और यूएई के बीच फूड कॉरिडोर (खाद्य-व्यापार-मार्ग) स्थापित करने के प्रयासों को गति देने में सहायता करेगा। यूएई विशेष रूप से अपनी खाद्य आवश्यकता की दृष्टि से महत्वपूर्ण खाद्य-पार्क परियोजनाओं और फूड कॉरिडोर पर प्रारंभ में दो अरब डॉलर का निवेश करना चाहता है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आज यहां यूएई के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री शेख हामिद बिन ज़ायद अल नाहियान के साथ प्रतिनिधि स्तर की द्विपक्षीय बैठक के बाद यह जानकारी दी। नाहियान दुबई इन्वेस्टमेंट अथोरिटी के प्रबंध निदेशक भी हैं। यूएई भारत में बनियादी ढांचा, हरित ऊर्जा और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में 75 अरब डॉलर के निवेश का प्रस्ताव कर चुका है। गोयल के अनुसार द्विपक्षीय निवेश समझौते के बाद यह 100 अरब के स्तर तक पहुंच सकता है। दोनों मंत्रियों ने यहां भारत-यूएई द्विपक्षीय निवेश संधि संबंधी कार्यबल की बैठक में अपने अपने दल की अध्यक्षता की और द्विपक्षीय निवेश और व्यापार बढ़ाने से जुड़े विषयों पर चर्चा की। गोयल ने कार्यबल की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में बताया कि दोनों पक्ष निवेशकों की सुविधा के लिए एक दूसरे के यहां अपने निवेश कार्यालय स्थापित करने पर सहमत हुए हैं । बैठक में सहमति बनी है कि भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) यूएई में जल्दी ही अपना पाठ्यक्रम शुरू करेगा तथा इसके साथ ही यह प्रतिष्ठित संस्थान अपना पहला विदेशी परिसर यूएई में स्थापित करेगा। दोनों पक्ष डिजिटल भुगतान के क्षेत्र हाल में सहयोग के लिए हाल में स्थापित व्यवस्था के विस्तार पर भी सहमत हुए हैं।

## उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा -योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाएं

**पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा**
www.dailypioneer.com



उप मुख्यमंत्री तथा बेमेतरा जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव ने बेमेतरा जिला मुख्यालय में अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में विकास कार्यों की प्रगति और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विकास कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खाद्य मंत्री दयालदास बघेल तथा विधायक दीपेश साहू और ईश्वर साहू भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने विभागवार योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजना है। इसके लिए पात्र सभी हितग्राहियों के लिए आवास स्वीकृत करें। उन्होंने जिले के नगरीय निकायों के अधिकारियों को निर्माण और जन सुविधाएं विकसित करने के कार्यों को गंभीरता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी नगरीय निकाय में काम में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी मुस्तैदी से अपने दायित्वों का निर्वहन कर शहरों का सुव्यवस्थित और सुनियोजित विकास सुनिश्चित करें। कर्मचारियों के वेतन का समय पर भुगतान करें।

## हथियार बनाने में उन्न्त प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल जरूरी : राजनाथ सिंह

**एजेंसी ◄ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि युद्धों में निरंतर नई प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल को देखते हुए भारतीय रक्षा उद्योग को भी हथियारों को बनाने में गैर पारंपरिक और दोहरे इस्तेमाल तथा असैन्य प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल की दिशा में कदम उठाने होंगे। सिंह ने एक कार्यक्रम में कुछ देशों के बीच चल रहे युद्धों का उल्लेख करते हुए कहा कि समय की जरूरत है कि भारत भी किसी से पीछे न रहे। उन्होंने कहा , आज हम तरह-तरह के युद्धों, और युद्धों की संभावनाओं के बीच जी रहे हैं । इन युद्धों में लगातार नई-नई प्रौद्योगिकी का समावेश हुए चला जा रहा है। इनमें न सिर्फ पारंपरिक हथियारों और गोला बारूद का इस्तेमाल हो रहा है, बल्कि कई प्रकार के दोहरे इस्तेमाल या असैन्य वस्तुओं तथा प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्हें वैपनाइज किया जा रहा है। ऐसे में हमें इस प्रकार की प्रौद्योगिकी को गहराई से समझना होगा। हमें देखना होगा, कि किस प्रकार से इन प्रौद्योगिकियों का कल्पना के आधार पर इस्तेमाल हम अपनी रक्षा के लिए कर सकते हैं। मैं यहां, सिर्फ दूसरे युद्ध ग्रसित पक्षों के अनुप्रयोगों की नकल की बात नहीं कर रहा हूं। मैं इससे आगे बढ़ते हुए, उन प्रणालियों या ऐप की ओर आपका ध्यान ले जाना चाहूंगा, जो बिल्कुल नई हों, और सिर्फ हमारी हों। उन्होंने कहा कि हमें आई डैक्स और इस तरह की योजनाओं तथा चुनौतियों के समाधान से आगे बढ़ते हुए, ऐसी प्रौद्योगिकी ऐसे नवाचार ले आएँ जो अब तक की जरूरतों से भी कहीं आगे की चीज़ हों, और वे हमारी जरूरत बन जाए। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए सभी हितधारकों के सहयोग का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा , आत्मनिर्भरता जैसा बड़ा काम केवल अकेले सरकार अपने दम पर नहीं कर सकती।

## नौकरी के बदले जमीन मामले में लालू प्रसाद तेजस्वी-तेज प्रताप की की अर्जी जमानत मंजूर




**एजेंसी ◄ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com

जमीन लेकर रेलवे की नौकरी देने के अभियोग का सामना कर रहे पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद और उनके बेटों तेजस्वी तथा तेज प्रताप यादव की जमानत की अर्जी को धन शोधन मामलों की सुनवाई करने वाली राउज एवेन्यू स्थित अदालत ने कुछ शर्तों के आधार पर स्वीकार कर लिया। मामले में आरोपियों की अर्जी की सुनवाई करने वाले न्यायाधीश विशाल गोगने की अदालत ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपियों को एक-एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर यह राहत दी। अदालत ने ईडी की ओर से दाखिल अनुपूरक चार्ज शीट पर पूर्व रेल मंत्री और उनके इन परिजनों को समन जारी किए थे। यह मामला यादव के (2004 से 2009 के दौरान) रेल मंत्री के पद पर रहने के दौरान का है। उनके खिलाफ सीबीआई की ओर से मामला दर्ज किए जाने के बाद ईडी ने धन शोधन का मामला दर्ज किया था। आरोप है कि मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित रेलवे के पश्चिम मध्य क्षेत्र में ग्रुप-डी की नियुक्ति यों के बदले पूर्व केंद्रीय मंत्री के परिवार या सहयोगियों के नाम जमीन के टुकड़े उपहार में दिए गए या हस्तांतरित किए गए थे।

## 3000 करोड़ रुपये के सहयोग देने के भारत सरकार के फैसले की सराहना की

# भारत-मालदीव स्थानीय मुद्राओं में कारोबार करेंगे

**वार्ता ◄ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com



भारत और मालदीव ने अपने द्विपक्षीय सहयोग को 'समग्र आर्थिक एवं समुद्री सुरक्षा साझीदारी' के रूप में आगे बढ़ाने की घोषणा करने के साथ ही मुक्त व्यापार समझौते की दिशा में बातचीत शुरू करने और स्थानीय मुद्राओं में कारोबार करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के बीच हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय शिखर बैठक में ये निर्णय लिए गए। दोनों नेताओं ने भारतीय सहयोग से निर्मित हानीमाधू अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नये रनवे और 700 से अधिक आवास का उद्घाटन किया तथा मालदीव में रूपे कार्ड का शुभारंभ किया। इस मौके पर दोनों देशों के बीच आपसी सहयोग के पांच समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करके आदान-प्रदान किया गया जो रक्षा, भ्रष्टाचार निरोधक कार्यवाही, विधि क्षेत्र में क्षमता विस्तार तथा खेल एवं युवा मामलों के क्षेत्र को लेकर हैं। बैठक के बाद समग्र आर्थिक एवं समुद्री सुरक्षा साझीदारी पर एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया गया जिसमें कहा गया है कि भारत और मालदीव हिंद महासागर क्षेत्र में समान चुनौतियां साझा करते हैं जिनका दोनों देशों की सुरक्षा और विकास पर बहुआयामी प्रभाव पड़ता है। स्वाभाविक साझीदार के रूप में, वे भारत और मालदीव दोनों के लोगों के साथ-साथ बड़े हिंद महासागर क्षेत्र के लाभ के लिए समुद्री और सुरक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने में मिलकर काम करने का संकल्प लेते हैं। मालदीव, अपने विशाल विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र के साथ, समुद्री डकैती, मछली पकड़ने, नशीली दवाओं की तस्करी और आतंकवाद सहित पारंपरिक और गैर-पारंपरिक समुद्री चुनौतियों का सामना कर रहा है। दोनों देश इस बात पर सहमत हुए कि भारत, एक विश्वसनीय और विश्वसनीय भागीदार के रूप में, मालदीव के साथ विशेषज्ञता साझा करने, क्षमताओं को बढ़ाने और मालदीव की जरूरतों और आवश्यकताओं के अनुसार संयुक्त उपाय करने के लिए मिलकर काम करेगा। डॉ. मुइज्जू ने द्विपक्षीय मुद्रा विनिमय समझौते के रूप में 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर और 3000 करोड़ रुपये के सहयोग देने के भारत सरकार के फैसले की सराहना की, जो मालदीव की मौजूदा वित्तीय चुनौतियों से निपटने में सहायक है। दोनों नेता मालदीव को उसकी वित्तीय चुनौतियों से निपटने में समर्थन देने के लिए और उपाय लागू करने पर भी सहमत हुए हैं। इस मौके पर मोदी ने अपने वक्तव्य में कहा , भारत और मालदीव के संबंध सदियों पुराने हैं। भारत, मालदीव का सबसे करीबी पड़ोसी और घनिष्ठ मित्र देश है। हमारी 'पड़ोसी प्रथम' की नीति और 'सागर' विज़न में मालदीव का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने कहा कि भारत ने सदैव मालदीव के लिए सबसे पहले मददगार की भूमिका निभाई है।

## बिचौलिए डकार रहे हैं किसानों की मेहनत की कमाई, मोदी को मतलब नहीं : कांग्रेस

**वार्ता ◄ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने कहा है कि बिचौलिये किसानों के मेहनत की मोटी कमाई खा रहे हैं और किसानों को अपनी मेहनत का मामूली हिस्सा ही मिल रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस पर मौन हैं और उनको इससे कोई मतलब नहीं है। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक पेज पर ट्वीट कर कहा, मोदी सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन रिजर्व बैंक की रिपोर्ट ने जो खुलासा किया है, वो चौंकाने वाला है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि जो फल और सब्जियां मार्केट में बिकती हैं, उसका मात्र 30 से 35 प्रतिशत ही किसानों को मिल पाता है। पार्टी ने यह समझाते हुए कहा,प्याज की खुदरा कीमत में से किसानों को सिर्फ 36 प्रतिशत हिस्सा मिल पाता है, टमाटर की खुदरा कीमत में से सिर्फ 33 प्रतिशत, आलू की खुदरा कीमत में से किसानों को सिर्फ 37 प्रतिशत, केले की खुदरा कीमत में से 15 प्रतिशत और आम की खुदरा कीमत में से किसानों को सिर्फ 67 प्रतिशत हिस्सा मिल पाता है। इन आंकड़ों से साफ है- जी तोड़ मेहनत के बाद भी देश के किसान बदहाल हैं और बिचौलियों की मोटी कमाई हो रही है। किसानों को न फसलों का दाम मिल रहा, न मुआवजा और न न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को किसानों की तकलीफों से मतलब कहां, वे अपनी जिंदगी में मस्त हैं, दोस्त को अमीर बनाने में व्यस्त हैं।

## विधायक देवेंद्र यादव के खिलाफ 550 पन्नों का चार्जशीट पेश

**पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार**
www.dailypioneer.com



कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव के खिलाफ पुलिस ने सीजेएम कोर्ट में 550 पेज की चार्जशीट बनाकर पेश किया है। चार्जशीट में डेढ़ दर्जन गंभीर धाराओं के अंतर्गत देवेंद्र यादव को गिरफ्तार किया गया है। वे 17 अगस्त से जेल में बंद हैं। आपको बता दें कि, बलौदाबाजार हिंसा मामले में 13 एफआईआर दर्ज है और उसमें से अब तक विधायक देवेंद्र यादव समेत 185 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। 4 दिन पहले विधायक देवेंद्र यादव की रिमांड एक बार फिर दो दिन आगे बढ़ा दी गई थी। सुनवाई के दौरान पुलिस ने चालान पेश नहीं किया और अभियोग पत्र पेश करने के लिए समय मांगा है। जिस पर कोर्ट ने देवेंद्र यादव की न्यायिक रिमांड 5 अक्टूबर तक के लिए बढ़ा दी थी। चालान पेश करने में हो रही देरी पर देवेन्द्र यादव ने फिर आरोप लगाया है कि जानबूझकर चालान पेश करने में देर की जा रही है। जिससे उनके खिलाफ आरोप गढ़े जा सके। देवेंद्र के वकील ने सोमवार को हाईकोर्ट में भी उनके जमानत को लेकर याचिका लगाई है। इससे पहले 10 सितंबर और 17 सितंबर को कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका ख़ारिज की थी। देवेंद्र यादव की 17 अगस्त को भिलाई से गिरफ्तारी हुई थी। इसके बाद से लगातार न्यायिक रिमांड बढ़ रही है। वे रायपुर की सेंट्रल जेल में बंद हैं। पुलिस का तर्क है कि, विधायक का मोबाइल जमा नहीं होने के चलते केस के प्रोग्रेस में देरी हो रही है। जिस पर देवेंद्र के वकील ने कहा कि, मोबाइल जमा कर दिया गया था। डीवीआर कॉपी करने के बाद पुलिस ने वापस लौटाया। विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी बलौदाबाजार हिंसा मामले में हुई है। उन पर हिंसा भड़काने का आरोप है। इस मामले में बलौदाबाजार पुलिस ने 4 बार नोटिस जारी किया, लेकिन विधायक ने बयान देने जाने से मना कर दिया था। उन्होंने कहा था कि पुलिस को बयान लेना है, तो उनके पास और लेकर जाए। हालांकि पूछताछ के लिए तीसरा नोटिस मिलने पर देवेंद्र यादव ने बलौदाबाजार जाकर पुलिस अधीक्षक से मुलाकात भी की थी। वहीं, बलौदाबाजार पुलिस के एक उच्चाधिकारी की माने तो पुलिस के पास विधायक देवेंद्र यादव के खिलाफ गवाह हैं और कुछ लोगों के बयान हैं।

# केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नडडा ने डब्ल्यूएचओ दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र की क्षेत्रीय समिति के 77वें सत्र को संबोधित किया

पायनियर संवाददाता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारत की स्वास्थ्य प्रणाली सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) प्राप्त करने के लिए संपूर्ण सरकार और संपूर्ण समाज के दृष्टिकोण को अपनाती है, जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल और आवश्यक सेवाओं को मजबूत करने पर जोर दिया जाता है। यह बात केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने विश्व स्वास्थ्य संगठन दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र (एसईएआरओ) के 77 वें सत्र के उद्घाटन भाषण के दौरान कही। क्षेत्रीय समिति की बैठक के उद्घाटन सत्र में पदाधिकारियों का चुनाव, प्रस्तावों और निर्णयों के लिए मसौदा समूह की स्थापना, सत्र के संचालन को विनियमित करने के लिए विशेष प्रक्रियाओं को अपनाना और प्रोविजनल एजेंडा को अपनाना शामिल था। इस कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोगों में डॉ रजिया पेंडसे, शेफ डी कैबिनेट, डब्ल्यूएचओ मुख्यालय, ल्योनपो टंडिन वांगचुक, स्वास्थ्य मंत्री, भूटान, अब्दुल्ला नाज़िम इब्राहिम, स्वास्थ्य मंत्री, मालदीव; प्रदीप पौडेल, स्वास्थ्य और जनसंख्या मंत्री, नेपाल; डॉ एलिया एंटोनियो डी अरुजो डॉस रीस अमरल, स्वास्थ्य मंत्री, तिमोर लेस्ते; एमए अकमल हुसैन आजाद, सचिव, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, बांग्लादेश; कुंटा विबावा दासा नुग्रहा, महासचिव, स्वास्थ्य मंत्रालय, इंडोनेशिया चोई हुई चोल, भारत में कोरिया लोकतांत्रिक जनवादी गणराज्य के राजदूत और डॉ. वीरवुत इमसमरान, थाईलैंड के सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय के उप स्थायी सचिव शामिल थे। नड्डा ने कहा, सभी को स्वास्थ्य कवर प्रदान करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप, केंद्र सरकार ने विश्व की सबसे बड़ी सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित स्वास्थ्य आश्वासन योजना, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री - जन आरोग्य



योजना (एबी पीएम-जेएवाई) शुरू की है। इस पहल में 120 मिलियन से अधिक परिवार शामिल हैं, जो अस्पताल में भर्ती होने पर प्रति परिवार 6,000 अमेरिकी डॉलर का वार्षिक लाभ प्रदान करते हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि सरकार ने हाल ही में इस योजना का विस्तार 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों के लिए किया है। उन्होंने कहा, इस विस्तार से 60 मिलियन बुजुर्ग आबादी सहित लगभग 45 मिलियन परिवारों को मुफ्त स्वास्थ्य बीमा कवरेज का लाभ होगा। यह भारत की बढ़ती बुजुर्ग जनसांख्यिकी के लिए सार्वभौमिक और समावेशी स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) से उत्पन्न होने वाली बढ़ती सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों को पहचानते हुए भारत उच्च रक्तचाप, मधुमेह और हृदय संबंधी बीमारियों जैसी स्थितियों से निपटने के लिए 2010 से एनसीडी की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम लागू कर रहा है। इस पहल के कारण प्रारंभिक चरण में निवारक उपायों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 753 एनसीडी क्लीनिक, 356 डे केयर सेंटर और 6,238 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किए गए हैं। नड्डा ने कहा कि डिजिटल स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक प्रकाश स्तंभ देश के रूप में भारत, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, ई-संजीवनी, एकीकृत स्वास्थ्य सूचना मंच (आईएचआईपी), सक्षम आदि जैसे अपने डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे (डीपीआई) को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करके साझा करने के लिए तैयार है। एक डब्ल्यूएचओ-प्रबंधित नेटवर्क को भारत की जी20 प्रेसीडेंसी के दौरान लॉन्च किया गया था। यह डिजिटल स्वास्थ्य पर वैश्विक पहल के माध्यम से तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करता है। उन्होंने यह भी कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान कोविन डिजिटल प्लेटफॉर्म की उल्लेखनीय सफलता के बाद, भारत ने सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन डिजिटल प्लेटफॉर्म-यूविन की अवधारणा बनाई है। पोर्टल सभी टीकाकरण कार्यक्रमों को पंजीकृत, ट्रैक और मॉनिटर करेगा।

# टेमरी में 30 करोड़ की लागत से अतिउच्चदाब उपकेंद्र ऊर्जीकृत

- 84 गांवों में 30 हजार उपभोक्ताओं को मिलेगा सीधा फायदा

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी निरंतर और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति के लिए प्रदेश में लगातार पारेषण क्षमता का विस्तार कर रही है। इसी कड़ी में बेमेतरा जिले में 132/33 केवी सब-स्टेशन टेमरी को सफलतापूर्वक उर्जीकृत किया गया। इस परियोजना की कुल लागत 30 करोड़ रूपए है। इसके साथ ही प्रदेश में 132केवी क्षमता के उप केंद्रों की संख्या 104 हो गई है।

ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने स्विच ऑन करके 80 एमवीए क्षमता के इस सबस्टेशन को ऊर्जीकृत किया। शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशन एवं पॉवर कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव के मार्गदर्शन में पॉवर कंपनी प्रदेश में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति के लिए प्राथमिकता से काम कर रही है। इस दिशा में ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि पंपों की मांग को देखते हुए पारेषण क्षमता का विस्तार किया जा रहा है। बेमेतरा के टेमरी में 132/33 केवी का नया सब-स्टेशन बनाया गया है, जिसमें 40 एमवीए के दो ट्रांसफार्मर स्थापित किये गए हैं। इस उपकेंद्र के प्रारंभ होने से बेमेतरा जिले के नांदघाट, मारो, टेमरी, बदनारा, कुरा, संबलपुर के संपूर्ण क्षेत्र एम लो-वोल्टेज से निजात मिलेगी तथा गुणवत्तापूर्ण निरंतर विद्युत आपूर्ति होगी। इस उपकेंद्र में विद्युत सप्लाई 132 केवी सिमगा-टेमरी लाइन से होगी। इस नवनिर्मित टेमरी उपकेंद्र से आसपास के करीब 84 ग्रामों के 30 हजार विद्युत उपभोक्ताओं, 8000 हजार कृषि पंप उपभोक्ता, किसानों को बेहतर बिजली मिल सकेगी। इस क्षेत्र में काफी संख्या में कृषि पंप हैं, साथ ही औद्योगिक इकाइयों और घरेलू उपभोक्ताओं को लगातार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशकव्दय केएस मनोठिया, डीके तुली, मुख्य अभियंता जी. आनंद राव, मधुकर जामुलकर, एके अंबस्थ, कल्पना घाटे, अधीक्षण अभियंता पीपी सिंह, सुनील भुआर्य, आरके तिवारी, यूआर मिर्चे, सूर्यवंशी, आशीष राय कार्यपालन अभियंता एसके चौहान, वीरेन्द्र ठाकुर, सहायक अभियंता आरके हरमुख सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# दिल्ली एनसीआर में केंद्र सरकार की वैन पर टमाटर का भाव 65 रुपये प्रति किलोग्राम

वार्ता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत उपभोक्ता मामले विभाग की सचिव, निधि खरे ने टमाटर की बढ़ती कीमतों से लोगों को राहत देने के लिए 65 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से टमाटर बेचने वाली राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड (एनसीसीएफ) वैन को हरी झंडी दिखाई। एनसीसीएफ मंडियों से सीधे टमाटर खरीदकर 65 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर बाजार में उपलब्ध करा रही है। इस पहल का उद्देश्य आम लोगों को टमाटर की कीमतों में हाल ही में हुई वृद्धि से राहत देना और बिचौलियों को होने वाले




अप्रत्याशित लाभ को रोकना है। एनसीसीएफ देश भर के प्रमुख शहरों में आम लोगों को सरकारी बफर से 35 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से प्याज की आपूर्ति भी लगातार कर रहा है। मंडियों में लगातार बड़ी मात्रा में टमाटर की आवक के बावजूद हाल के हफ्तों में टमाटर के खुदरा मूल्य में बेतहाशा वृद्धि देखी गई है। टमाटर के प्रमुख उत्पादक आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में लंबी अवधि के मॉनसून के चलते बारिश और उच्च आर्द्रता के कारण हाल के हफ्तों में गुणवत्ता सम्बंधी चिंताएं पैदा हुई हैं। उच्च मांग वाले त्यौहारी सीजन में टमाटर मौजूदा बढी हुई कीमत में बाजार के बिचौलियों की संभावित भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता।

# आईआईपीए को कर्मयोगी कार्यक्रम के साथ मिलकर अधिकारियों के प्रशिक्षण के लिए काम करना चाहिए : डॉ. जितेंद्र सिंह

वार्ता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री, डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए) जैसे संस्थानों को शासन प्रणाली की नई चुनौतियों से निपटने के लिए न केवल केंद्र सरकार, बल्कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के युवा सिविल सेवकों को प्रशिक्षण देने के भारत सरकार के कर्मयोगी कार्यक्रम के साथ मिलकर काम करना चाहिए। जितेंद्र सिंह ने भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए) की 325वीं कार्यकारी परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि




दिल्ली में कार्यरत सहायक सचिवों को बेहतर समझ के लिए आईआईपीए में उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं प्रशासन विधियों से अवगत कराया जाना चाहिए। ऐसा अनुभव हासिल करके वे अधिक जागरूक नौकरशाह बन सकेंगे। स्मरणीय है कि 2020 में परिकल्पित, प्रमुख मिशन कर्मयोगी को सिविल सेवकों की दक्षता और क्षमता निर्माण की नींव को मजबूत करने के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है ताकि वे दुनियाभर के सर्वोत्तम संस्थानों और विधियों से ज्ञान हासिल करने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और इसकी भावनाओं तथा अपनी जड़ों से जुड़े रहें। इस कार्यक्रम को एकीकृत सरकारी ऑनलाइन प्रशिक्षण-आईगॉटकर्मयोगी प्लेटफॉर्म के माध्यम से बढ़ावा दिया जा रहा है। सिविल सेवाओं की क्षमता विभिन्न प्रकार की सेवाएं प्रदान करने, कल्याणकारी कार्यक्रमों को लागू करने और मुख्य शासन कार्यों को करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# दशहरा उत्सव आयोजन हेतु एनएमडीसी अधिकारी एवं थाना प्रभारी ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा



पायनियर संवाददाता किरंदुल
www.dailypioneer.com

भव्य सार्वजनिक दशहरा उत्सव का आयोजन छत्तीसगढ़ी संस्कृति एवं क्रीड़ा मंडल किरंदुल के द्वारा 12 अक्टूबर को किया जाना हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए सोमवार शाम 04 बजे फुटबॉल ग्राउंड किरंदुल में एनएमडीसी के अधिकारी महेश कुमार, थाना प्रभारी पीके साहू,छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक क्रीडा मंडल के अध्यक्ष लोकनाथ चुरेंद्र सचिव पीएल साहू कार्यालय सचिव डागेंन्द्र वर्मा विनोद मांडले, योगेश चंद्राकर, टेकराम के द्वारा दर्शकों की बैठने की व्यवस्था, स्टेज व्यवस्था, रावण दहन की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था के लिए ग्राउंड का निरीक्षण किया।

# जायसवाल निको के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 210 ग्रामीण लाभान्वित

पायनियर संवाददाता छोटेडोंगर/नारायणपुर
www.dailypioneer.com

नारायणपुर जिले में स्थित छोटेडोंगर लौह अयस्क खदान मेसर्स जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा ग्राम छोटेडोंगर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन बिहान भवन में किया गया। इस चिकित्सा शिविर में नागपुर के विशेषज्ञ चिकित्सको डॉ नीलेश ठाकरे सर्जन, डॉ मनोहर कांगले फिजिशियन, डॉ श्याम दोयोटले ऑर्थो सर्जन, डॉ पुरसोत्तम गुप्ता, के उपस्थित में विभिन्न प्रकार के बीमारियों का ईलाज एवं जाँच किया गया। जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के द्वारा ग्रामीणों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने



के उद्देश्य से आयोजित इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ कम्पनी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतो छोटेडोंगर बड़गाँव, गौरदण्ड, धनोरा, चमेली, राजपुर, रायनर, के साथ नारायणपुर व ओरछा ब्लाक (अबूझमाड़) के अन्य ग्राम पंचायतो के लगभग 210 ग्रामीणों को हुआ।

# दवाइयों के दस्तावेजों में पायी गयी अनियमितता मां लक्ष्मी मेडिकल स्टोर का लाइसेंस निलंबित

पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

खाद्य एवं औषधि प्रशासन के द्वारा दवाइयों की गुणवत्ता जांच एवं क्रय विक्रय दस्तावेजों के नियमानुसार संधारण हेतु मेडिकल स्टोर में लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार एवं उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन डॉ. आर.के. सिंह के मार्गदर्शन में औषधि विभाग द्वारा जिले में संचालित मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शेड्यूल एच1 एवं नार्कोटिक दवाईयों के खरीदी-बिक्री दस्तावेजों की जांच की गई। सभी मेडिकल स्टोर



के संचालकों को आवश्यक दस्तावेजों का नियमानुसार संधारण करते हुए दवाईयों को उचित तापमान में रखने एवं सीसीटीवी कैमरा लगाने हेतु निर्देशित किया गया। औषधि विभाग द्वारा फरसगांव ब्लॉक के ग्राम बड़ेडोंगर में संचालित मां लक्ष्मी मेडिकल स्टोर का औषधि लायसेंस निलंबित किया गया है। निरीक्षण के दौरान शेड्यूल एच 1 एवं अन्य दवाईयों के खरीदी-बिक्री दस्तावेजों का जाँच किया गया, जांच में औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन सामग्री अधिनियम के तहत अनियमितता पाई गई थी, जिसके लिये फर्म के संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया था। जवाब संतोषप्रद न होने पर औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी ने इस कृत्य को गंभीर लापरवाही मानते हुए फर्म मां लक्ष्मी मेडिकल स्टोर का ड्रग लाइसेंस 7 दिवस के लिए निलंबित किया है। इसी प्रकार कोंडागांव शहर में संचालित न्यू शांति मेडिकल से दवाइयों की गुणवत्ता जांच के लिए अमोनेक्स्ट क्रीम नामक दवा को राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया। औषधि निरीक्षक सुखचैन सिंह धुर्वे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में संचालित सभी मेडिकल स्टोर का नियमित निरीक्षण के दौरान समय-समय पर दवाईयों के गुणवत्ता जाँच हेतु औषधि परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा जाता है।

# केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने सीसीएल की दो परियोजनाओं का शिलान्यास किया



एजेंसी नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कल सीसीएल के बोकारो एवं करगली क्षेत्र में कारो कोल हैंडलिंग प्लांट एवं कोनार कोल हैंडलिंग प्लांट परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इन दोनों संयंत्रों की क्षमता क्रमशः 7 मिलियन टन प्रतिवर्ष एवं 5 मिलियन टन प्रतिवर्ष है। इस अवसर पर गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, बेरमो के विधायक कुमार जयमंगल (अनूप सिंह), कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन पीएम प्रसाद, सीसीएल के सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह, सीसीएल के अधिकारी, श्रमिक संघ के प्रतिनिधि एवं अन्य हितधारक उपस्थित थे। दुबे ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कोनार प्लांट के शिलान्यास समारोह के अवसर पर पौधारोपण भी किया। कारो और कोनार कोल हैंडलिंग प्लांट परियोजनाओं में फर्स्ट माइल रेल कनेक्टिविटी सुविधा, कोयला खदानों से उत्पादित कोयले को नजदीकी रेलवे सर्किट तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। रेलवे सर्किट से कोयला देशभर के थर्मल पावर प्लांट और अन्य उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाएगा। फिलहाल इन खदानों से कोयला, सड़क मार्ग से रेलवे साइडिंग तक लाया जाता है।

# पिथौरागढ़ में कार खाई में गिरी, तीन की मौत

पायनियर संवाददाता पिथौरागढ़/नैनीताल
www.dailypioneer.com

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिला में सोमवार को एक स्कार्पियो कार खाई में गिर गयी जिससे तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने शवों को बाहर निकाल लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना जाजरदेवल थाना क्षेत्र के अंतर्गत कनारी पाभै में हुआ। स्कार्पियो कार संख्या यूके 05 टीए 2128 अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। कार में तीन लोग महेन्द्र नगरकोटि, निवासी मखौलिया, पिथौरागढ़ और कैलाश कापड़ी एवं अनिल नगरकोटि निवासीगण दौला, पिथौरागढ़ सवार थे। तीनों की मौके पर ही मौत हो गयी। जाजरदेवल थाना प्रभारी प्रकाश पांडे के नेतृत्व में पुलिस और अग्निशमन बल की टीम मौके पर पहुंची और शवों को खाई से बाहर निकाला। पंचायतनामा भरने के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

## तेलंगाना सरकार ने किसानों को ऋण माफी का पूरा किया वादा : मुख्यमंत्री

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सूचित किया है कि उनकी सरकार ने राज्य में किसानों का कर्ज माफ करने की अपनी प्रतिबद्धता को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को संबोधित एक पत्र में कहा कि 27 दिनों की अवधि के भीतर, तेलंगाना सरकार ने 17 हजार 869 करोड़ रुपये का ऋण माफ कर दिया है, जिससे 22.22 लाख किसानों को लाभ हुआ है। एक बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि ऋण माफी के वादे के साथ तेलंगाना में सत्ता में आई कांग्रेस अपनी बात पर खरी उतरी है।

## शिवराज सिंह चौहान ने किसान और किसान संगठनों से की चर्चा

# किसान साथियों से मिलकर मैं बहुत प्रसन्न हूं और इनकी सेवा मेरे लिए भगवान की पूजा है : चौहान

वार्ता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसान और किसान संगठनों से संवाद के क्रम में नई दिल्ली में किसान संगठनों के सदस्यों से चर्चा की। चौहान ने किसान महापंचायत के प्रमुख और उनके संघ के अलग-अलग राज्यों के अनेकों किसान प्रतिनिधियों व किसानों का स्वागत किया। किसान संगठनों ने कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की व सुझाव दिये। चौहान ने बताया कि आज मेरा सौभाग्य है कि किसान महापंचायत के प्रमुख रामपाल सिंह और उनके संघ के अलग-अलग राज्यों के अनेकों किसान प्रतिनिधियों से बहुत सार्थक चर्चा हुई। हमने कई चीजों का गहराई से अध्ययन किया है। किसानों से चर्चा के दौरान राज्य सरकारों और केंद्र सरकार से संबंधित मुद्दे सामने आये हैं, उन पर गहराई और गंभीरता से विचार करेंगे। कृषि मंत्री होने के नाते मैं पूरा प्रयत्न करूंगा कि किसान कैसे आगे बढ़ें व कृषि



क्षेत्र की हालत कैसे ठीक हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसान हितैषी हैं। किसानों के साथ संवाद उनकी समस्याओं को समझने में बहुत मदद करता है। चौहान ने कहा है कि किसान महापंचायत के प्रमुख रामपाल सिंह ने कहा कि किसान के लिए काम हो। किसानों ने अनेकों सार्थक मुददे उठाये हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कई चीजें हो रही हैं। किसानों के हित में पिछले दिनों लगातार अनेकों फैसले किये गये हैं जैसे कृषि विकास योजना में लचीलापन- इसमें प्रावधान किया है कि जिस राज्य के लिए जो योजना उपयुक्त हो वह वहीं काम करे। ऐसी कई चीजों पर काम हुए हैं और ऐसी कई चीजों पर काम होने की आवश्यकता है। किसानों ने फसल बीमा योजना सहित कई चीजों की तरफ ध्यान आकर्षित किया है। हम पूरी गंभीरता से इन समस्याओं के समाधान का प्रयत्न करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि किसान साथियों से मिलकर मैं बहुत प्रसन्न हूं और इनकी सेवा मेरे लिए भगवान की पूजा है। उन्होंने मीडिया के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि फसल बीमा का क्लेम लेने में ऐसी कोई बाध्यता नहीं है ऋणी और अऋणी किसानों में सवैच्छिक हो। कई बार यह देखने में आया है कि स्वैछिक नहीं है तो उसे भी इस योजना के अन्तर्गत लाया जाता है आदि कई चीजों पर चर्चा हुई है।

# रामकृष्ण मिशन के दोनों फुटबाल टीम बनी चैंपियन



पायनियर संवाददाता नारायणपुर
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय 16वी नवभारत फुटबॉल चैंपियनशिप 2024, बिलासपुर का शुभारंभ 1 अक्टूबर 2024 को हुआ था जिसमें रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर के आर के एम फुटबॉल अकादमी के सीनियर टीम एवं जूनियर अंडर 17 टीम दोनों भाग लिया। जिसमें जूनियर और सीनियर टीम दोनों एक साथ फाइनल जीतकर चैंपियन बना। फाइनल में रामकृष्ण मिशन नारायणपुर के जूनियर टीम का मुकाबला शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सारंगढ़ के साथ हुआ जिसमे रामकृष्ण मिशन जूनियर टीम ने सारंगढ़ को 5-0 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम किया। नवभारत फुटबॉल प्रतियोगिता कमिटी के ओर से ट्रॉफी के साथ 41 हजार रुपए का चेक प्रदान किया और प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट आश्रम के खिलाड़ी प्रणव कर्मा को साइकिल प्रदान किया। वही दूसरे फाइनल मुकाबले में आरकेएम फुटबॉल अकादमी के सीनियर ने केरल पोलिस टीम को 2- 1 से शिकस्त देकर ट्रॉफी अपने नाम किया। ट्रॉफी के साथ 1 लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट आरकेएम फुटबॉल टीम के खिलाड़ी अखिलेश उइके को एक मोटर साइकिल पुरस्कार में दिया गया। रामकृष्ण आश्रम सचिव स्वामीजी ने दोनो टीम के प्लेयर्स और कोच को बधाई और शुभकामनाएं दिया। जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष और सचिव ने भी बधाई दी।

# इंजीनियर बना ठेकेदार, निर्माण कार्य चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

पायनियर संवाददाता ∢ बीजापुर
www.dailypioneer.com



भ्रष्टाचार और कमीशन खोरी पर कड़ी कार्रवाई करने एवं अंकुश लगाने के लिए राज्य सरकार भले ही बड़ी-बड़ी बातें करे। अधिकारी कर्मचारियों को तमाम निर्देश जारी करे। इसके बावजूद भी जिले में सरकारी कार्यों को देखरेख करने वाले अधिकारियों का रवैया नहीं बदल रहा है । दरअसल ग्राम पंचायत बासागुड़ा में चावल गोदाम के लिए 10 लाख की रुपए की लागत से भवन निर्माण का कार्य चल रहा है, जिसकी निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत है पर निर्माण कार्य कोई ठेकेदार या सरपंच सचिव नही करवा रहे है बल्कि काम की गुणवत्ता की देखरेख करने जनपद पंचायत में पदस्त इंजीनियर राजेन्द्र कुर्रे कर रहे है राजेन्द्र कुर्रे जनपद पंचायत आवापल्ली में शासकीय इंजीनियर है जो पंचायतों के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की देखरेख करना है पर स्वयं ही ठेकेदार बनकर निर्माण कार्यो में गोर भ्रष्टाचार को अंजाम दे रहे है। ग्राम पंचायत बासागुड़ा में बनने वाले चावल गोदाम गुणवत्ताहीन सामग्री का इस्तमान किया जा रहा है। भ्रष्टाचार किस हद तक हो रह है यह भवन देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है, वही स्थानीय लोगो का का कहना है कि इंजीनियर अपना काम छोड़कर ठेकेदारी कर रहे है ग्राम पंचायत में कई काम है जैसे स्कूल भवन मरम्मत,चावल गोदाम निर्माण जैसे कई काम इंजीनियर साहब कर रहे है। वही निर्माण कार्य मे करने वाले मजदूर भी इनके भ्रष्टाचार से बच नही पाए , किलेपाल के मजदूरों का कहना है कि उन्हें चावल गोदाम में मजदूरी करने की मजदूरी अब तक नही मिली है जिसके कारण काम बंदकर वापस घर चले गए है। एक इंजीनियर ठेकेदार का काम करे तो भ्र्ष्टाचार किस हद तक होगा इसका अंदाजा लगा सकते ।

# बालक उ.मा.वि. में जिला स्तरीय कला उत्सव 2024-25 का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा को पहचानने उसे पोषित करने और शिक्षा में कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्ष 2015 से कला उत्सव का आयोजन कर रहा है। इसी तारतम्य में जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा से जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि, जिला कलेक्टर कोंडागांव कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी कोंडागांव आदित्य चांडक, जिला मिशन समन्वयक महेंद्र पांडे के मार्गदर्शन जिला स्तरीय कला उत्सव 2024-25 प्रतियोगिता का आयोजन बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंडागांव, जिला कोंडागांव में किया गया। जिसमें जिले के पांचों विकास खंडों से अलग अलग विधाओं में चयनित विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया और सभी विजेता प्रतिभागियों को जिला परियोजना समग्र शिक्षा जिला कोंडागांव की ओर से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने प्रतिभाग किए सभी बच्चों को राज्य स्तर पर कोंडागांव की एक अलग पहचान बनाने हेतु शुभकामनाएं दी। सभी प्रतिभागियों एवं प्रभारी शिक्षकों के लिए भोजन की भी व्यवस्था भी की गई थी। जिला स्तर पर चयन उपरांत इन बच्चों को अब राज्य स्तर पर अपने कला का प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। इस आयोजन के अवसर पर मुख्य अतिथि जसकेतु उसेंडी नगरपालिका उपाध्यक्ष कोंडागांव, गोपाल दीक्षित वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, सोनमणि पार्षद, लक्ष्मी ध्रुव पार्षद, विशेष अतिथि के रूप में बोर्ड मेंबर छग.मा.शि.मंडल संजय ठाकुर, छग.शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह भदौरिया, नवलदीप टेक्सटाइल इंजीनियर पंजाब, जेनेट मैडम आदित्य बिरला ग्रुप की वाइस चेयरमैन मुंबई,जिला समग्र शिक्षा से जिला मिशन समन्वयक महेंद्र पांडे, शीला शार्दुल एडीपीओ, एपीसी एसआर मरापी, एपीसी सहदेव मरकाम, एपीसी श्रीनिवास नायडू, कार्यक्रम संयोजक नरेंद्र नायक प्राचार्य, मालती ध्रुव बीआरसी कोंडागांव, कार्यक्रम सह संयोजक निर्मल शार्दुल प्र.अ., बृजेश तिवारी व्याख्याता, अखिलेश गायधने निर्णायक, बृजेश पवार निर्णायक, आचार्य दादा अतिथि, उद्घोषक की भूमिका मधु तिवारी प्र.अ. एवं महेंद्र सागर व्याख्याता ने किया।

# जनजातीय समुदाय ने मनाया गौरवशाली अतीत





पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में एक भव्य और ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जनजातीय समुदाय के ऐतिहासिक, सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विविधता और ऐतिहासिक धरोहर को सहेजने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाला रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लता उसेण्डी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, बस्तर विकास प्राधिकरण एवं विधायक कोंडागांव रहीं। इस अवसर पर आईटीआई कोंडागांव और फरसगांव के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जनजातीय समुदाय की कला, संगीत और नृत्य का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में जनजातीय नायक बिरसा मुंडा के जीवन और अन्य जनजाति नायकों के योगदान के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही, रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती मनाई गई, जिसमें महिलाओं की भूमिकाओं को भी उजागर किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया, जिन्होंने अपने-अपने व्यवसाय में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। संस्था के समस्त व्यवसायों के प्रशिक्षणार्थी और प्रभारी अधीक्षक चंद्रभान सिंह मराबी सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# पूरे खेल भावना के साथ खिलाड़ी खेले और सफल हो : डोमन सिंह


पायनियर संवाददाता ∢ जगदलपुर
www.dailypioneer.com





कमिश्नर डोमन सिंह ने कहा कि पूरे खेल भावना के साथ खिलाड़ी खेल को खेले और सफल हो। खेल एक ऐसी विधा है जिसकी लोकप्रियता बहुत है, जिसमें खिलाड़ियों को सम्मान, प्रसिद्धि, लोकप्रियता मिलती है साथ ही एक रोल मॉडल के रूप में कई खिलाड़ी लोग उसका अनुसरण करते हैं। एकलव्य विद्यालय के खिलाड़ी भी अपना बेहतर प्रदर्शन करें, संभाग का नाम रौशन करें, राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करें। उक्त उद्बोधन कमिश्नर सिंह ने भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की खेल महोत्सव 2024-25 अन्तर्गत दो दिवसीय संभाग स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का धरमपुरा स्थित क्रीड़ा परिसर में शुभारंभ के अवसर पर दिया। उन्होंने संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल हो रहे स्कूली बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए जिलों से चयनित होकर आने के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में सीसीएफ आरसी दुग्गा ने कहा कि खेल की हर गतिविधि में युवाओं को हिस्सा लेना चाहिए साथ ही खेल या जीवन में हमारा लक्ष्य निर्धारित होना चाहिए, कुछ करके दिखाने की भावना से कई खिलाड़ी अपना बेहतर प्रदर्शन करते हैं। कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि एकलव्य विद्यालय में विभिन्न शिक्षण गतिविधियों के साथ बच्चों के व्यक्तित्व के विकास के लिए कई गतिविधि संचालित किया जाता है। इसी क्रम में खेल भी एक हिस्सा है, खेल गतिविधि भी सामुदायिकता की भावना का विकास करने में सहायक है। कार्यक्रम में अतिथियों ने मां दंतेश्वरी, छतीसगढ़ महतारी और मां सरस्वती की छायाचित्र में पुष्पहार अर्पितकर और दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किए। एक खिलाड़ी ने खेल नियमों के तहत प्रतियोगिता में शामिल होने हेतु शपथ दिलाई। कमिश्नर ने 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में सीटी बजाकर प्रतियोगिता का औपचारिक शुरुआत किए। ज्ञात हो कि भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की खेल महोत्सव 2024-25 अन्तर्गत दो दिवसीय संभाग स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता धरमपुरा स्थित क्रीड़ा परिसर में संभाग के लगभग एक हजार खिलाड़ी 27 खेल विधा में भाग ले रहे है। शुभारंभ के अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, आयुक्त नगर निगम हरेश मंडावी, एसडीएम जगदलपुर भरत कौशिक, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास नरेश शोरी सहित आदिवासी विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, एकलव्य विद्यालयों के खेल शिक्षक और खिलाड़ी उपस्थित थे।

# मां शीतला की कृपा से ग्राम गिरोला में श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह यज्ञ का आयोजन





पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव जिले के धर्म नगरी ग्राम गिरोला में शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष में लगातार 2016 से श्रीमद भागवत ज्ञान सप्ताह यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही धूमधाम से हो रहा है। यह आयोजन ग्राम के लोगों की मां शीतला के प्रति अपार श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है। बस्तर की पावन धरा पर बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी का आशीर्वाद हमेशा से बना हुआ है। उसी बस्तर की पावन धरा पर विद्यमान ग्राम गिरोला में मां शीतला साक्षात विराजमान हैं। सन 1998 की बात है जब शारदीय नवरात्रि में मां शीतला ने साक्षात ग्राम गिरोला की पावन धरा पर आशीर्वाद स्वरूप पावन पद चिन्ह छोड़ा था।

# संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ के द्वारा सेजेस के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का संभाग स्तरीय सम्मान समारोह

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जगदलपुर जिला बस्तर में छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानन्द संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ के द्वारा सेजेस के प्रतिभावान छात्र छात्राओं का संभाग स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती की पूजा अर्चना कर एवं राज्यगीत अरपा पैरी के धार के साथ हुआ। साथ ही स्वामी आत्मानंद जी के जयंती के उपलक्ष्य में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि किरण सिंह देव विधायक जगदलपुर एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि सफीरा साहू महापौर नगर पालिक निगम जगदलपुर, सेजेस के छात्र छात्रा, पालकगण एवं सेजेस के संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी भारी संख्या में उपस्थित रहे। अतिथियों का संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास तिवारी एवं अन्य पदाधिकारियों के द्वारा स्वागत किया गया। तत्पश्चात बस्तर जिला अंतर्गत सेजेस के सभी प्रतिभावान छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि जी के द्वारा पुरस्कृत किया गया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि ने उपस्थित विद्यार्थियों, पालकों एवं संविदा शिक्षक एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सभी का उत्साह वर्धन किया। साथ ही कार्यक्रम की खूब सराहना किया। प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा मुख्य अतिथि को संघ की मांगों से अवगत कराया जिस पर मुख्य अतिथि ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सब कुछ संभव है। संघ के लिए गौरव की बात है कि संघ की मांगों पर विस्तृत चर्चा हेतु किरण सिंह देव विधायक जगदलपुर एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा विकास तिवारी को पृथक से समय प्रदान किया गया है। उक्त आयोजन में प्रदेश अध्यक्ष विकास तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज साहू, प्रदेश कोषाध्यक्ष राकेश साहू, प्रदेश कार्यकारिणी हरीकृष्ण भोगल, हामिद सर, संभाग अध्यक्ष भावना दुबे, उपाध्यक्ष प्रीति सीमन जिला अध्यक्ष रायपुर प्रीति पंतवाने, जिला अध्यक्ष खैरागढ़ डोमार सिंह राजपूत तथा समस्त बस्तर टीम एवं संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी साथियों की उपस्थिति रही।

# राघव मंदिर में नवरात्र के पंचमी तिथि को की गई स्कंदमाता की पूजा



पायनियर संवाददाता ∢ किरंदुल
www.dailypioneer.com

आश्विन शुक्ल पंचमी तिथि अर्थात शारदीय नवरात्रि की पंचमी तिथि को स्कंदमाता की अराधना की जाती है।मान्यताओं के अनुसार भगवान शिव और माता पार्वती के पुत्र कार्तिकेय को स्कंद के नाम से भी जाना जाता है।भगवान स्कंद को माता पार्वती ने प्रशिक्षित किया था, इसलिए मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप को स्कंदमाता कहते हैं।राघव मन्दिर बैलाडीला देवस्थान में नवरात्रि की पंचमी तिथि के सुअवसर पर सोमवार सुबह 08 बजे विशेष पूजा अर्चना की गई।

## मेगा चिकित्सा शिविर में 1819 मरीजों का निःशुल्क उपचार

# नारायणपुर मेडिकल कैम्प अपने आप में एतिहासिक : डॉ. अविनाश तिवारी

पायनियर संवाददाता ∢ नारायणपुर
www.dailypioneer.com






बालक हायर सेकेंडरी विद्यालय में दो दिवसीय निःशुल्क मेगा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसका समापन सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक रूपसाय सलाम के मुख्य अतिथ्य में किया गया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि डॉक्टर मरीजों के लिए देवता के समान हैं, जो मरीजों को रोग से निजाद दिलाते हैं। उन्होंने भविष्य में जिले के अबुझमाड़ क्षेत्र ओरछा और सोनपुर में मेगा चिकित्सा शिविर लगाकर उपचार कराने की अपील जिला प्रशासन से की है। उन्होंने चिकित्सों की कार्य को सराहना करते हुए कहा कि अबुझमाड़ क्षेत्र में आकर मरीजों का इलाज कर उनकी रोग से बचाव करने का कार्य किये हैं जो अमुल्य योगदान है।कार्यक्रम को कलेक्टर बिपिन मांझी ने संबोधित करते हुए कहा कि अंबेडकर चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सों के द्वारा दो दिवसीय शिविर में अबुझमाड़ क्षेत्र के ग्रामीणों को निःशुल्क उपचार कर रोग से बचाव हेतु सराहनीय कार्य किया गया, जिसके लिए धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। भविष्य में शिविर की आवश्यकता पड़ने पर आप लोगों की सेवा की पुनः जरूरत पड़ेगी। उन्होंने सभी चिकित्सों को दो दिवसीय इलाज में सहयोग करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी चिकित्सकों को दो दिवसीय शिविर में सहयोग देने के लिए जिला प्रशासन की ओर से स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र मुख्य अतिथि के हाथों प्रदान किया गया। पैन एंड पैलियेटिव मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ.अविनाश तिवारी जो पूर्व में टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल मुंबई में अपनी सेवा दे चुके है ने कहा नारायणपुर मेडिकल कैम्प अपने आप में एक एतिहासिक कैम्प रहा। यह कैम्प कुशल रूप से प्रबंधित रहा। यहा जाच से लेकर दवाई व व्यवस्था उच्च कोटि का रहा ।उन्होने जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस शिविर में हार्ट एवं कैंसर जैसे जानलेवा बीमारियों का निदान व काउंसलिंग किया एवं भविष्य में पुनः नारायणपुर आने की बात कही। मेगा चिकित्सा शिविर में चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. के.के. साहू, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक अग्रवाल, डेंटल रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष गुप्ता एवं डॉ. जितेंद्र सर्राफ, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रमोद भीमसरिया, आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. श्रीनिवास एवं डॉ. प्रशांत रावत, होम्योपैथी विशेषज्ञ डॉ. संध्या एवं डॉ चंदन अग्रवाल,कैंसर परामर्श, दर्द एवं उष्माशक विशेषज्ञ डां. अविनाश तिवारी एवं डॉ. आशीष सिन्हा द्वारा पंजीयन कराये मरीजों का उपचार किया गया। हड्डी रोग के 122, नेत्र रोग के 232, किडनी समस्या के एक, लिवर समस्या के 02, दंत एवं मुख रोग के 62, चर्म रोग के 63, कान नाक एवं गला रोग के 65, हृदय रोग के 30, स्त्री रोग के 15, शिशु रोग के 47, न्यूरोलॉजी रोग के 16, मानसिक रोग के 46 और सर्दी खासी और बुखार के 1118 के मरीजों का निःशुल्क इलाज किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा निःशुल्क मेगा चिकित्सा शिविर में 08 दिव्यांग एवं वृद्धजनों को छड़ी वितरण किया गया। कार्यक्रम को बृजमोहन देवांगन, अपर कलेक्टर बिरेन्द्र बहादुर पंचभाई, डॉ. आशीष सिन्हा, डॉ. केके साहू द्वारा संबोधित किया गया। इस दौरान स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र मेश्राम, एस.डी.एम. वासु जैन, डिप्टी कलेक्टर डॉ. सुमित गर्ग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. टीआर कुंवर, डी.पी.एम. राजीव बघेल, जनपद सीईओ एल.एन. पटेल, सीएमओ नगरपालिका आशीष कोर्राम, प्राचार्य मनोज बागड़े सहित पत्रकारगण एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# माहरा समाज जिला बस्तर की कार्यकारिणी में हुआ बड़ा विस्तार



पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

माहरा समाज जिला बस्तर की कार्यकारिणी में बड़ा विस्तार किया गया। संभागीय पदाधिकारियों की अध्यक्षता में जिलाध्यक्ष कन्हैया सोना ने बस्तर जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया। नए पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष आकाश कश्यप, अमल बैश, डालिमधर कश्यप, मनोरथ चालकी, सोनसाय कश्यप, विष्णु प्रताप सिंह, दामूधर बघेल, बलराम बेसरा, मानसिंह बघेल, सचिव गणेश नागवंशी, सह-सचिव धनुर्जय बघेल, कोषाध्यक्ष डिकेश वासुदेव नाग, मीडिया प्रभारी नुकेश बघेल, कार्यकारिणी सदस्य जगबंधु कश्यप, विनय सोना, राजेंद्र बघेल, अभिजीत प्रताप, राजू बघेल, भारत चालकी, फूल सिंह बघेल, संतोष कश्यप, गोपाल नाग, सोनसाय नाग, अमल बैश, आकाश कश्यप, धनुर्जय बघेल, विष्णु प्रताप सिंह, शिव चरण जॉन, हरेश बघेल। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने नए पदाधिकारियों को बधाई दी।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना
**निविदा सूचना क्रमांक:** 110/06/आईएनसी/8/2024 दिनांक: 30.09.2024
**कार्य का नामः** डीजल लोको शेड और एचएचपी शेड, रायपुर में इंसिनरेटर संयंत्र का संचालन और रखरखाव। **निविदा मूल्य:** ₹ 22,16,040/-, **अग्रिम धन राशि:**₹ 44,300/-, **दस्तावेज की लागत:** ₹ 3,000/, **निविदा बंद होने की तारीख व समय:** दि. **25.10.2024** के **12:00** बजे। इस निविदा के खिलाफ मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है व सभी मैनुअल प्रस्ताव अस्वीकार कर दिए जाएंगे। उपरोक्त निविदा की विस्तृत व संपूर्ण जानकारी एवं पात्रता मानदंड के लिए कृपया Sr. DME (D) / DLS / SECR / रायपूर के कार्यालय से संपर्क करें या वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज डाउनलोड करें।
**वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजिनियर (DLS)**
PR/R/DLS/FL/135 द.पू.म. रेलवे, रायपुर
South East Central Railway @secrail

# चैतन्य देवियों की झाँकी आकर्षण का केन्द्र बनीं





पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा नवरात्रि के पावन अवसर पर नवा रायपुर अटल नगर के सेक्टर-20 स्थित सेवाकेन्द्र में सजाई गई चैतन्य देवियों की झाँकी का जिन्दल स्टील एण्ड पावर कम्पनी के प्रेसीडेन्ट प्रदीप टण्डन, एन.आर.डी.ए. के पूर्व चेयरमैन एस.एस. बजाज, जीएसटी के असिस्टेण्ट कमिश्नर शैलेन्द्र पाटले और ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। झाँकी का अवलोकन करने के बाद जिन्दल जिन्दल स्टील एण्ड पावर कम्पनी के प्रेसिडेन्ट प्रदीप टण्डन ने कहा कि राजयोग साधनारत ब्रह्माकुमारी बहनें जब अपलक देवियों के रूप में विराजित होती हैं तो यह निर्णय करना मुश्किल हो जाता है कि यह सजीव हैं या जड़ मूर्तियाँ हैं। इनके सम्मुख बैठने से मानसिक शान्ति के साथ साथ बेहद आत्मियता और अलौकिकता की अनुभूति होती है। नवा रायपुर विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष एस.एस. बजाज ने कहा कि झाँकी की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह बहुत ही आकर्षक और मनभावन है। इसे देखकर असीम आनन्द की प्राप्ति हुई। यह राजयोग एवं ध्यान का चमत्कार है। स्टेट जी.एस.टी. के असिस्टेण्ट कमिश्नर शैलेन्द्र पाटले ने कहा कि ब्रह्माकुमारी बहनों को देवियों के रूप में मूर्तिमान देखकर अनोखा अनुभव हुआ। यहाँ जो रंगोली सजायी गई है वह भी मनमोहक और दर्शनीय है। रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने बतलाया कि सेक्टर-20 में इमर्सिव डोम थियेटर के निकट सजाई गई यह झाँकी आगामी 12 अक्टूबर तक रहेगी तथा इसे देखने का समय प्रतिदिन सायं 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक रखा गया है। झाँकी में संगीतमय कमेन्ट्री के माध्यम से विशाल मंच पर विराजित शिवशक्तियों -माँ दुर्गा, श्री लक्ष्मी, सरस्वती, काली, गायत्री वैष्णो देवी, मीनाक्षी, सन्तोषी माता और उमादेवी आदि की महिमा का लाइट एण्ड साउण्ड के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केन्द्र होती है।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह का किया गया आत्मीय स्वागत

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय स्थित निजी हॉस्पिटल के शुभारंभ समारोह में पहुँचे विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह का स्थानीय हैलीपेड पहुँचने पर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। हैलीपेड में पूर्व विधायक बिलाईगढ़ सनम जांगड़े, नगर पालिका परिषद् अध्यक्ष चितावर जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष नंद कुमार साहू, छ.ग. स्काउट गाइड जिला प्रतिनिधि डॉ.अजय राव, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, डीएफओ मयंक अग्रवाल, सहित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह का आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान कैबिनेट एवं प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए हाई स्कूल रोहिना के प्राचार्य सम्मानित



पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय संस्था शिक्षा अंजोर भारत छत्तीसगढ़ द्वारा बसना में आयोजित स्वर्गीय प्रेमसिंह साव आदर्श शिक्षक सम्मान समारोह में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने के लिये शासकीय हाई स्कूल रोहिना प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार जायसवाल को मुख्य अतिथि बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल के हाथों शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया एवं इस अवसर पर समिति के संस्थापक सदस्य के रूप में व्याख्याता कमलेश साहू को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह ज्ञातव्य हो कि समस्त शिक्षकों के सामूहिक प्रयास से छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड परीक्षा 2023 में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम आने पर तत्कालीन कलेक्टर महासमुंद प्रभात मलिक द्वारा प्राचार्य अजय कुमार जायसवाल को सम्मानित किया जा चुका है। इस वर्ष भी परीक्षा परिणाम काफी उत्कृष्ट रहा एवं 6 छात्रों का चयन नवोदय विद्यालय में भी हुआ है। इस उपलब्धि पर बसना बीईओ जेआर डहरिया, एबीओ बद्रीविशाल जोल्हे, व्हीके शुक्ला, लोकेश्वर कंवर, बीआरसी पूर्णानंद मिश्रा, संकुल समन्वयक के बसना विखं अध्यक्ष टीआर पटेल, संकुल प्रभारी पंचानन ठाकुर, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष नेपाल साहू, सरपंच जन्नसिनी साहू, पूर्व सरपंच सुरेंद्र सेठ, कुंतल साहू, व्याख्याता पूनम साहू, शिक्षक वीरेंद्र कर, डीजेंद्र कुर्रे, प्रेमचंद साव आदि शिक्षक साथियों एवं पालकों ने बधाई दी है।

# रामचंडी की विशेष पूजा एवं आरती के पश्चात हुआ प्रसाद वितरण

पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर

**महामंत्री मथामणी बढ़ाई ने अपनी बेटी के जन्मदिन पर कराया भंडारा**

www.dailypioneer.com



नवरात्र के अवसर पर देवी मंदिरों श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ती ही जा रही है। प्रतिदिन मंदिरों में तरह-तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। गढ़फुलझर में कोलता समाज की आराध्य देवी के रूप में विराजित माँ रामचंडी मंदिर परिसर में रोजाना भजन कीर्तन के साथ आरती की जा रही है। तृतीय दिवस संध्या 4 बजे बैठकी कीर्तन का आयोजन रखा गया जिसमें कीर्तन दल रसोड़ा, पुटका द्वारा सुंदर भजन प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात रामचंडी की विशेष पूजा एवं आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। रात्रि भण्डारा भोज एवं क्षीर की व्यवस्था बाबा बिशासहे कुल कोलता समाज के महामंत्री मथामणी- भोजकुमारी बढ़ाई द्वारा उनकी सुपुत्री हेमाद्री बढ़ाई के जन्मदिन के उपलक्ष्य में की गयी। इस अवसर पर समाज की ओर से अध्यक्ष गिरधारी साहू द्वारा हेमाद्री को मां रामचंडी का तैलचित्र और चुनरी भेंट कर आशीष प्रदान किया गया। तृतीय दिवस बसना विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल माँ रामचंडी मंदिर पहुंचकर माता जी का दर्शन कर क्षेत्र की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर कोलता समाज के संरक्षक हरिचरण प्रधान, कार्यकारिणी अध्यक्ष गिरधारी साहू, महामंत्री मथामणी बढ़ाई, उपाध्यक्ष प्रवीण भोई, प्रदेश महासचिव विजय शंकर विशाल, प्रदेश उपाध्यक्ष नंदकिशोर भोई, सचिव द्वय ललित कुमार साहू, रंकमणी प्रधान, मंदिर समिति अध्यक्ष चन्द्रकांत भोई, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष त्रिवेणी बढ़ाई, सचिव निरुपमा विशाल, नगर पं. बसना उपाध्यक्ष सुमीत अग्रवाल, प्रकाश सिन्हा, सामाजिक पदाधिकारी गण एन एल भोई, नंदलाल प्रधान, प्रकाश प्रधान, भाग्येश साहू, दिलीप भोई, हेमसागर प्रधान, विजय प्रधान, किशोर भोई, सुरेन्द्र साहू, रामलाल साहू, जयंत बारीक, महेश नायक, सूर्यकांत बारीक, अशोक साहू, अश्विनी बारीक, मुरारी प्रधान, रसिक प्रधान, विनोद बारीक, लक्ष्मण प्रधान, तेजेन्द्र प्रधान, लक्ष्मीनारायण भोई, संजय भोई, नवीन साहू, रामधारी पात्र, रमेश भोई, श्रवण विशाल, शौकीलाल बारीक, सुरेन्द्र प्रधान, अशोक साहू, मंदिर समिति के पदाधिकारीगण, शाखा सभा ठाकुरपाली के पदाधिकारी, सदस्य गण, बड़ी संख्या में माताएं- बहनें, भक्त जन उपस्थित रहे।

# उभयलिंग व्यक्ति से बराबरी का व्यवहार करें : मेजर गुप्ता

पायनियर संवाददाता ◄ कुरुद
www.dailypioneer.com




संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में राष्ट्रीय कैडेट कोर , राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूथ रेडक्रास के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को उभयलिंग व्यक्ति का कल्याण . विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य वक्ता शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष मेजर डॉ ओमजी गुप्ता थें। कार्यक्रम की भूमिका पर प्रकाश डालतें हुए भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष एम.एस.साहू नें कहा कि व्यक्तियों से समाज बनता है और उभयलिंग व्यक्ति भी समाज का एक हिस्सा है तो उसकी शिक्षा के लिये उसके स्वास्थ्य के लिये, उसकी राजनीति में, समाज में एवं अन्य क्षेत्रों में हिस्सेदारी के लिये न्यायपालिका नें उन्हें कुछ अधिकार और हमें कुछ दायित्व दिये हैं जिनसे अवगत कराना ही आज के कार्यक्रम का उद्देश्य है कि हम सभी उभयलिंग व्यक्ति से मानवता का व्यवहार करें। मुख्य वक्ता की आसंदी से मेजर डॉ ओमजी गुप्ता नें कहा कि अगर सारे समाज का हमें विकास करना है तो समाज के हर व्यक्ति पर हमें ध्यान देना पड़ेगा । उभयलिंग व्यक्ति के प्रति हमें अपनी मानसिकता में परिवर्तन करना पड़ेगा और हमें उनके साथ बराबरी का व्यवहार करना पड़ेगा। उन्होंने उभयलिंग व्यक्ति के तीन प्रकार की श्रेणियों से सभी को अवगत कराते हुए किसी व्यक्ति के उभयलिंग होंने के पीछे जेनेटिक और हार्मोनल कारकों को कारण बताया। साथ ही उन्होंने ट्रांसजेंडर पर्सन्स (प्रोटेक्शन ऑफ राइट्स) एक्ट 2019 के बारें में छात्र-छात्राओं को बड़े ही विस्तार से बताया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ फिरोज सोनवानी नें छत्तीसगढ़ की प्रमुख चर्चित राजनीतिक ट्रांसजेंडर महिला एवं रायगढ़ की पूर्व मेयर मधु किन्नर के बारे में छात्र -छात्राओं को बताया। इस अवसर पर जैव-प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ तरुण कुमार पटेल, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार, रेणु पाटले सहित यूथ रेडक्रास के प्रभारी हरिराम साहू, सहित बड़ी संख्यां में एनसीसी के कैडेट्स, एनएसएस के स्वयंसेवक एवं बीपीएड के छात्र -छात्रायें उपस्थित थे।

# अघरिया महिला मंच ने किया छात्रावास भवन में गरबा उत्सव का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



अघरिया महिला मंच द्वारा नवरात्रि के अवसर पर फुलझर अघरिया छात्रावास भवन में एक दिन का गरबा डांडिया उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुवात, सुशीला जगदीश चौधरी के मंत्रोचारण तथा आरती के साथ सर्वप्रथम समस्त महिलाओ द्वारा इष्ट देव श्री कृष्ण जी तथा मां दुर्गा की आराधना के द्वारा किया गया, तत्पश्चात कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया जिसमे अघरिया महिला मंच की महिलाओ द्वारा गरबा और डांडिया नृत्य की विविध प्रस्तुति दी गई, जिसमे सुलोचना नायक, गायत्री पटेल, भावना पटेल, माधुरी पटेल, मोंगरा पटेल, वंदना पटेल, चंदा चौधरी, सुशिला चौधरी, देमोती पटेल, विमला पटेल, मंजू चौधरी, लक्ष्मी नायक, प्रेमलता नायक, राधा पटेल, दमयंती नायक, मनीषा चौधरी, सुनिता पटेल द्वारा आकर्षक गरबा नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसी कड़ी में बच्चो के द्वारा भी अकर्षक गरबा नृत्य प्रस्तुति दी गई, जिसमे अंशिका नायक, माही चौधरी, तुष्टि चौधरी, पलक पटेल, खुशी पटेल द्वारा गरबा नृत्य प्रस्तुत किया गया। माही नायक और हिमांशी पटेल का माता दुर्गा स्वरूप विशेष आकर्षण रहा। इस अवसर पर महिलाओं और बच्चों के लिए गेम रखा गया था, जिसमे बलून दौड़ में 40 प्लस, सुशीला चौधरी और सुनिता पटेल ने,अंडर 40 मे मंजू चौधरी, प्रेमलाता नायक ने प्रथम स्थान, प्राप्त किए, हंसाने वाला गेम में 40प्लस में सुलोचना नायक, सीता पटेल, वीणा पटेल, सुशीला चौधरी ने अंडर 40 में चंदा चौधरी, राधा पटेल, कविता पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, फनी एंड ब्रेन क्विज में तिलोत्तमा नायक, सुनिता प्रशांत पटेल, वीणा पटेल, निशा पटेल सभी ने भाग लिया। इसके पश्चात् कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ उपाध्यक्ष अखिल भारतीय अघरिया समाज केन्द्रीय इकाई रायगढ़ डॉ गैसमोती पटेल ने अघरिया महिला मंच को सम्बोधित करते हुए कहा कि बेटियां, महिलाएं नारी शक्ति का स्वरूप होती हैं और उन्होंने कहा कि यदि समाज को नई दिशा में ले जाना है तो पुरानी सोच को बदलना होगा और नई सोच को लेकर आगे आना होगा। लेकिन अपने सभ्यता संस्कार और अपने समाज की परंपरा और रिवाज को ना भूले। यह भी ध्यान रखना आवश्यक है, सीता अमृत पटेल ने अघरिया महिला मंच द्वारा आयोजित गरबा उत्सव की प्रशंशा करते हुए कहा कि इस प्रकार का आयोजन बड़े रूप में होना चहिए। जिसमे क्षेत्र की समस्त समाजिक महिलाएं भाग ले सके, सुलोचना नायक द्वारा गरबा का अर्थ बताते हुए कहा गरबा, गर्भ को कहा जाता है इसलिए माता स्वरूपा प्रत्येक नारी के सम्मान में यह नृत्य किया जाता है, इस अवसर पर माता स्वरूपा बालिकाएं पलक मिष्ठी, आरू, खुशी, सिद्धि, हिमांशी, झलक तुष्टि, माही, कार्यक्रम में शामिल हुई। उक्त कार्यक्रम का संचालन मंजू चौधरी और लक्ष्मी नायक द्वारा तथा आभार प्रदर्शन मनीषा चौधरी द्वारा किया गया।

# बिजेपुर में स्नेह सम्मेलन का आयोजन, नारी के बिना जीवन चक्र अधूरा है : सीमारानी



पायनियर संवाददाता ◄ बसना
www.dailypioneer.com

बसना विधानसभा के ग्राम बीजेपुर शाखा सभा पिपरोद द्वारा स्नेह सम्मेलन का आयोजन विगत दिनों रखा गया इस अवसर पर 'समाज के उत्थान में हम सब की भागीदारी' विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गयी। सम्मेलन के मुख्य अतिथि महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद सहायक प्राध्यापक डॉ सीमारानी प्रधान थीं। सम्मेलन की अध्यक्षता पिपरोद सभापति रसिक प्रधान ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बाबा बिशासहे कुल कोलता समाज के संभागीय महामंत्री मथामणी बढ़ाई थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अधिष्ठात्री देवी मां रामचंडी की पूजा अर्चना के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। महामंत्री बढ़ाई ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से हम अपने विचारों का आदान-प्रदान कर पाते हैं तथा समाज में आपसी भाईचारा एवं सद्भाव पनपता है। डॉ सीमारानी प्रधान ने कहा कि यह सम्मेलन ही अपने आप में एक विशिष्ट संस्कृति का परिचायक है। समाज के उत्थान के लिये महिलाओं को आगे आना होगा और अपने आप को पहचानना होगा।

# जल जीवन मिशन से दूरस्थ ग्राम राजादेवरी की बदली तस्वीर, लोगो को मिलने लगा है घर में ही स्वच्छ जल




पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार/लवन
www.dailypioneer.com

कसडोल के दूरस्थ वनांचल ग्राम पंचायत राजादेवरी में जल जीवन मिशन पूरा होने से गांव की तस्वीर ही बदल गई है। अब लोगो को पीने के लिए घर में ही स्वच्छ जल मिलने लगा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जल की उपलब्धता को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। इस मिशन का उद्देश्य हर घर तक नल द्वारा स्वच्छ और सुरक्षित पानी पहुँचाना है। जिससे ग्रामीण जीवन में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। गांव वालो से चर्चा करते हुए जल जीवन मिशन से राजकुमार कोशले ने बताया की जल जीवन मिशन के तहत, सिंगल विलेज योजना अन्तर्गत गांवों में नल-जल योजनाएं स्थापित की गई हैं, जिससे गांव के लोगों को स्वच्छ पानी प्राप्त हुआ है। स्वच्छ पानी की उपलब्धता से जल जनित बीमारियों में कमी आई है,जिससे ग्रामीण स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। पानी लाने में लगने वाला समय बचाने के कारण महिलाओं को अन्य कार्यों में भाग लेने का अवसर मिला है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार हुआ है। मिशन के अंतर्गत जल संरक्षण और कुशल उपयोग के लिए जागरूकता कार्यक्रम सतत चलाए जा रहे हैं। जिससे दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित की जा सके। मनोज कुमार राठौर ने बताया की जल जीवन मिशन ने न केवल पानी की समस्या का समाधान किया है, बल्कि यह ग्रामीण विकास और आर्थिक समृद्धि का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बन गया है।

# वृद्धजनों का हुआ विशेष स्वास्थ्य जांच परीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा वृद्धजनों हेतु एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन जिला अस्पताल बलौदाबाजार में किया गया। स्वास्थ्य जाँच शिविर में 50 वृद्धजनों का इको, ब्लड प्रेशर, शुगर, नेत्र और हड्डियों का परीक्षण, नाक, कान, गला, न्यूरोलॉजी जैसी महत्वपूर्ण जांच किया गया। जिसमें कई पेंशनर भी शामिल होकर स्वास्थ्य जाँच का लाभ लिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि प्रतिवर्ष 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया जाता है। इसके तारतम्य में भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार 30 सितंबर से 5 अक्टूबर तक अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के संबंध में विविध प्रकार की गतिविधियां जिले में संपादित की जा रही हैं। इसमें प्रचार-प्रसार, स्वास्थ्य जांच शिविर आदि का आयोजन आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर जिला अस्पताल तक के स्तर पर किया जा रहा है। वृद्धावस्था में कई प्रकार की शारीरिक व्याधियां उत्पन्न होती हैं। इस हेतु समय-समय पर इस प्रकार की जांच से रोग का तत्काल पता लगाकर उसका उपचार किया जा सकता है।अतः ऐसे शिविर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर सी एम एच ओ डॉ राजेश कुमार अवस्थी, सिविल सर्जन के. के. टेम्भूरने, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा, डॉ ज्योति वर्मा, डॉ गौतम सूर्यवंशी, अस्पताल सलाहकार रीना सलूजा, डॉ विनोद पटेल, आलोक दुबे, मोनिका यादव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर विनय लंगेह ने किया राज्य स्तरीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन

पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग, खेल एवं युवा कल्याण तथा कूड़ो संघ महासमुंद के तत्वाधान में राज्य स्तरीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर 5 से 9 अक्टूबर 2024 तक आयोजित किया गया हैं। जिसमें विभिन्न जिलों से प्रशिक्षण शिविर में युवक, युवतियां शामिल हैं। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर महासमुंद विनय कुमार लंगेह, अध्यक्षता अपर कलेक्टर रवि साहू, विशिष्ट अतिथि जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग समीर पांडे, एसडीएम बसना रवि राज साहू, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, तहसीलदार बसना अर्पण कुर्रे, परियोजना अधिकारी बसना चंद्रहास नाग, ग्राम पंचायत सरपंच भंवरपुर हेमबाई पटेल, उप सरपंच मनप्रीत कौर, प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर बसना कमल स्वर्णकार, लिलाकांत पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित व पूजा अर्चना कर किया गया। स्वागत पश्चात् अध्यक्ष मीरा पंडा ने नशामुक्ति के विषय में जानकारी देकर लोगों को प्रेरित किया। समीर पांडे ने उद्बोधन में कहा कि बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ थीम को लेकर जिले में विभिन्न कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं। सुपोषित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए सही पोषण का संदेश देते हुए लोगों को जागरुक करने कहा गया। खेल अधिकारी ने आयोजन के विषय में बताते हुए आत्मरक्षा प्रशिक्षण के साथ नशामुक्ति अभियान, स्वच्छता, खेलकूद व विभिन्न जागरूकता रैली अयोजित कर लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से जिले में कार्य कर रहे हैं। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि ज़िले में विभिन्न खेल गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को गतिविधियों में शामिल कराने कार्य किया जा रहा हैं, उन्होने कहा पूर्व में सरायपाली एसडीएम रहकर काम किया हूं। इस क्षेत्र में युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए लगातार गतिविधियां संचालित किया जा रहा हैं। खास कर युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वो नशे से दूर रहें। सभी उपास्थित लोगों के माध्यम से क्षेत्र के नागरिकों को जागरुक करने नशा मुक्ति शपथ दिलाई गई साथ ही पोषण शपथ दिलाई गई। खिलाड़ियों ने अतिथियों के समक्ष काता, कुमिते व नान चाकू का प्रदर्शन किया। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंवरपुर के विद्यार्थियों ने उद्घाटन समारोह में स्वागत गीत, सरस्वती वंदना, सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी। विद्यालय प्रांगण में कलेक्टर द्वारा वृक्षारोपण किया गया। प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से प्रतिदिन सुबह व शाम नशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा हैं जिसमें स्वच्छता कार्य एवं जागरूकता रैली के साथ युवाओं को नशा से दूर रहने नशा मुक्ति रैली निकाली गई व स्वास्थ्य लाभ के लिए खेलकूद, बीमारियों से दूर रखने के लिए स्वच्छता अभियान एवं जागरूकता रैली का आयोजन कलेक्टर महासमुंद के निर्देशानुसार लगातार किया जा रहा हैं। राज्य स्तरीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न जिलों के मुख्य प्रशिक्षक को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने स्मृति चिन्ह भेंट कर प्रोत्साहित किया जिसमें रघुनाथ नेताम, छेदीलाल साहू, डिजेंद्र कुर्रे, संजय पंडा, उपेंद्र प्रधान, धनुर्जय चौधरी, अखिलेश आदित्य, रवि पाण्डेय, मीरा पंडा, बालाराम रावत, भगवती बांधे, जगन्नाथ साहू, अश्वनी कुमार जांगड़े , राजेश चक्रधारी, दलेश राणा, राकेश साहू, दीपक निषाद, धनीराम निराला, खेलावन , सरोजिनी खटकर, दिलीप सोनवानी, केशव बारीक, बी पी देवांगन, संजना साहू, साजन नेताम, रतन सिंह, दीपक दुबे, उमा दास, खेलबाबू निराला, स्वर्णक राणा, खेमराज साहू वीरेंद्र कर को सम्मानित किया गया। मंच संचालन डीजेंद्र कुर्रे सभी का आभार व्यक्त उपेंद्र प्रधान ने किया।

# मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की गई



पायनियर संवाददाता ◄ कुरुद
www.dailypioneer.com

संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में जिला पंचायत धमतरी के द्वारा प्राप्त निर्देशों एवं मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 01.01.2025 के तहत महाविद्यालय में अध्ययनरत प्रथम वर्ष के ऐसे छात्र-छात्राओं को जिनकी आयु 01.01.2024 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है उनके नाम मतदाता सूची में जुड़वाने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान स्वीप के नोडल अधिकारी हित नारायण टंडन ने वोटर हेल्प लाइन ऐप की विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा छात्र-छात्राओं के मोबाइल में इंस्टॉल भी करवाया। छात्रों को बताया गया की वे वोटर हेल्प लाइन ऐप की सहायता से अपना मतदाता परिचय पत्र स्वयं बनवा सकते हैं। साथ ही यदि आवश्यक हो तो बी. एल. ओ. की सहायता से भी आवेदन कर सकते हैं। कार्यक्रम में स्वीप इकाई के साथ यूथ रेडक्रॉस और एन.एस.एस की दोनो इकाइयों के स्वयंसेवकों ने सक्रियता से भाग लिया।

# दिव्यांग विद्यार्थी ने कृत्रिम पैर एवं शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने लगाई गुहार

## दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना के तहत सब्सिडी प्रदाय करने दिया आवेदन

- जनदर्शन के दौरान हितग्राहियों को प्राप्त हुए व्हील चेयर एवं श्रवण यंत्र, जनदर्शन में आज 110 आवेदन प्राप्त हुए

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com





कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जनदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में 110 आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम महुदा निवासी ने दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना का लाभ प्रदाय करने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि ई-रिक्शा खरीदे एक वर्ष से भी अधिक हो गए हैं, लेकिन अभी तक सब्सिडी प्रदान नही की गई है। मेरे द्वारा सभी दस्तावेज श्रम विभाग में जमा किया जा चुका है। इस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। वार्ड क्रमांक 13 लवकुश नगर जामुल निवासियों ने अधूरे सड़क, नाली निर्माण कार्य को पूर्ण कराने आवेदन दिया। वार्डवासियों ने बताया कि वार्ड में विद्युत पोल एवं स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य किया जा चुका है, किंतु सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है, जिसके कारण पानी जाम होने से वार्डवासियों एवं स्कूली बच्चों को आवागमन में परेशानी हो रही है एवं मच्छर पनप रहे हैं। इस पर कलेक्टर ने नगर पालिक जामुल को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। वार्ड-58 ओम नगर उरला निवासियों ने सड़क/बिजली लगवाने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि सड़क/बिजली नही होने से मोहल्लेवासियों को आने-जाने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। रात में बिजली न होने के कारण वार्ड में अंधेरा बना रहता है, जिसके कारण गुण्डे, मवाली द्वारा शराब पीकर छेड़छाड़ की संभावना बनी रहती है। महिलाओं को आने-जाने में सुविधाओं का सामना करना पड़ता है। इस पर कलेक्टर ने नगर निगम दुर्ग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। दुर्ग निवासी दिव्यांग विद्यार्थी ने कृत्रिम पैर एवं शासकीय योजनाओं को लाभ दिलाने आवेदन दिया। आवेदिका बीएस कम्प्यूटर साईंस की छात्रा है। वह दोनों पैरों से दिव्यांग है। वह आगे की पढ़ाई करने के लिए छात्रवृत्ति एवं कृत्रिम पैर की मांग की। इस पर कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग को तत्काल कृत्रिम पैर दिलाने निर्देश दिए। जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर द्वारा समाज कल्याण विभाग के सौजन्य से दिव्यांग हितग्राही भूषण तांडी व मती सुखिया बाई साहू को व्हील चेयर प्रदान किया गया।

इसी प्रकार मनीराम चौहान तथा रमेश कुमार रामटेके को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। जनदर्शन में आज प्रधानमंत्री आवास योजना के अधिक आवेदन प्राप्त हुए। साथ ही आर्थिक सहायता, अनुकंपा नियुक्ति, सड़क मरम्मत, राशन कार्ड, अवैध कब्जा सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। इन सभी आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।


# सहकारी बैंक दुर्ग की ऋण समिति की बैठक में 6.78 करोड़ ऋण स्वीकृत

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी एवं प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग की अध्यक्षता में सहकारी केंद्रीय बैंक में ऋण उप समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संचालक सदस्य सु अंशु गोयल, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड, अवधेश मिश्रा उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ दुर्ग, उप संचालक कृषि एवं सचिव के रूप में कांत चन्द्राकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बैंक के कार्यक्षेत्र जिला दुर्ग, बालोद, बेमेतरा के अंतर्गत 311 सहकारी समिति से संबंधित कृषकों का फसल ऋण के साथ-साथ उद्यानिकी प्रकरणों में 40 कृषकों को 66. 09 लाख रु. ऋण स्वीकृत हुआ, गौपालन के 118 नवीन ऋण प्रकरणों में 225.67 लाख ऋण की स्वीकृति एवं नवीनीकरण के अंतर्गत 158 प्रकरणों में 262.65 लाख ऋण की स्वीकृति दी गई, मत्स्य पालक कृषकों के 5 प्रकरणों में 6.75 लाख की ऋण स्वीकृति एवं नवीनीकरण के अंतर्गत 6 प्रकरणों में 9.83 लाख की स्वीकृति दी गई। किसान क्रेडिट कार्ड ऋण योजनांतर्गत बकरी पालन के लिए 4 नवीन प्रकरणों में 7.46 लाख एवं नवीनीकरण के तहत 4 प्रकरणों में 6.49 लाख की स्वीकृति दी गई। कुक्कुट पालन हेतु 01 नवीन प्रकरण में 3.00 लाख की स्वीकृति दी गई। मध्यकालीन नार्मल ऋण योजनांतर्गत तारफेंसिंग एवं स्प्रींकलर सेट हेतु 01 प्रकरण में 1.41 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई। अकृषि ऋण के तहत मध्यकालीन व्यक्तिगत ऋण हेतु 09 प्रकरणों में 59.50 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई इसी प्रकार स्वयं सहायता समूहों को 07 प्रकरणों में 9.00 लाख की ऋण स्वीकृत किया गया। स्वीकृति प्रदान की गई। राष्ट्रीय आजीवका मिशन के तहत 5 प्रकरणों में 9.50 लाख की कृषकों हेतु संचालित गोल्डन क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 2 प्रकरणों में 10.00 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई। संस्थागत बैंक कर्मचारियों हेतु दोपहिया ऋण योजनांतर्गत 1 कर्मचारी को 0.79 लाख की पुष्टि किया गया। इस प्रकार ऋण'उप समिति की बैठक में कुल 361 प्रकरणों में 6.78 करोड़ की ऋण स्वीकृति एवं पुष्टि किया गया। कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी ने बैंक के माध्यम से ऋणनीति अनुसार उप संचालक कृषि / उद्यानिकी/ पशुपालन/मत्स्य विभाग के विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार कृषकों के मध्य करने हेतु निर्देश दिए गए, ताकि बैंक के माध्यम से इन योजनाओं में अधिकाधिक कृषक लाभान्वित हो।

# शिवरीनारायण के देवी मंदिरों में जगमगा रहे हैं आस्था के दीप





पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

टेम्पल सिटी शिवरीनाराण मे शारदीय नवरात्रि बडी श्रध्दा भक्ति के साथ मनाया जा रहा है ,नगर के सभी देवी मंदिरों साव घाट स्थित देवी दाई मंदिर, न्यु मार्केट स्थित दुर्गा मंदिर, कुरू पाठ, काली मंदिर, शीतला मंदिर, माता अन्नपूर्णा एवं ग्राम देवता ठाकुर देव मे आस्था के दीप जगमगा रहे हैं । श्रध्दालुओं ने माता अन्नपूर्णा एवं देवी दाई ( शीतला माता ) मंदिर ठाकुर देव में मनोकामना दीप भी प्रज्वलित कराये है। इसी तरह युवकों ने नगर के विभिन्न चौंक-चौराहों मेला मैदान, बाम्बे मार्केट, महावीर चौंक, लम्बा दुकान, सिध्दबाबा मंदिर, गौरा चौरा चौंक जोगीडीपा, सेठी नगर फोकट पारा आदि स्थानों पर आकर्षक पंडाल बनाकर माँ दुर्गा की मूर्ति स्थापित किये हैं और विधि विधान से पूजा अर्चना कर रहे हैं और श्रध्दालुगण भी सुबह शाम आरती के समय देवी मंदिरों और दुर्गा पंडालों मे पहुंच रहे हैं। देर रात तक जसगीत , डांडिया से माता की सेवा हो रही है पुरा नगर शक्ति की भक्ति मे डूबा हुआ है ।

# सड़क दुर्घटना को रोकने आवारा घूमन्तू पशुओ की धरपकड़ निरंतर जारी

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत शासन की योजना रोका छेका संकल्प अभियान के तहत सड़क पर आवारा सड़क में बैठने वाले पशुओ की धरपकड़ निरंतर जारी है। रोका छेका अभियान की पुरी टीम सुबह सड़को पर काउकेचर की गाड़ी लेकर पहुंच जाते है। प्रतिदिन देखा जाता है कि पशु मालिको द्वारा सुबह अपने पशुओ का दुध निकालकर उन्हे खुला छोड़ देते है। जिससे पशु इधर-उधर घूमते सड़को के बीच में आकर खड़े एवं बैठ जाते है। जिससे यातायात प्रभावित होता है। आने जाने वाले लोगो को पशुओ से टक्कर होकर गिरने का खतरा बना रहता है। जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल, के निर्देश पर निगम आयुक्त हितेश पिस्दा ने रोका छेका के नोडल अधिकारी को अनिल सिंह को आदेशित किये है। कि तैयाहारी सीजन चालू हो गया है, जिससे सड़को पर भीड़ भाड़ अधिक हो रही है। माता बमलेश्वरी के दर्शन के लिए तीर्थयात्री भी जा रहे हैं । हमें सबके सुरक्षा का ध्यान रखना है। पशुओ के सड़को के बीच बैठे एवं आपस मे लड़ते रहने से यातायात प्रभावित हो रही है। जिसके कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। रोका छेका की टीम सुबह एवं दोपहर 2 पाली में काउकेचर गाड़ी लेकर शहर के हर क्षेत्र में पशुओ को पकड़ने का कार्य कर रही है। पकड़े गये पशुओ को कोसानाला गौठान एवं डी मार्ट के पास गौठान में रखा जा रहा है। जहां पशुओ के लिए हरा चारा, पानी एवं चिकित्सा उपचार की सुविधा भी की जाती है। साथ ही पकड़े गये पशुओ के गले में रेडियम पटटी भी लगाया जा रहा है। जिससे वाहन चालक को पशु दुर से ही दिख जाए और वाहन चालक सतर्क हो जाए। जिससे होने वाले सड़क दुर्घटना को रोका जा सके। अभियान के दौरान नोडल अधिकारी अनिल सिंह, राजस्व अधिकारी मलखान सिंह सोरी, जे.पी.तिवारी, बालकृष्ण नायडू एवं तोड़फोड़ दस्ता प्रमुख हरिओम गुप्ता अपने दल के सदस्यो के साथ जानवरो को पकड़ने का कार्य निरंतर कर रहे है।

# रिखी ने 108 लोक वाद्यों के साथ दी सामूहिक प्रस्तुति, मुख्यमंत्री साय ने सराहा





पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com

गैर सरकारी पहल 'लोकमंथन' की ओर से छत्तीसगढ़ ग्रीन समिट का आयोजन 3 से 5 अक्टूबर तक राजधानी रायपुर में किया गया। इस दौरान इस्पात नगरी भिलाई निवासी व प्रख्यात लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय ने अपनी प्रस्तुति दी। वहीं उन्होंने अपने संग्रहित लोकवाद्यों की प्रदर्शनी लगाई। जिसे देखने पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित देश भर के कला संस्कृति से जुड़े लोगों भरपूर तारीफ की। इस दौरान रिखी क्षत्रिय की कला व उनके वाद्ययंत्रों का संग्रह देख कर प्रज्ञा प्रवाह के अखिल भारतीय संयोजक जे नंदकुमार मुक्त कंठ से सराहना की और अगले माह हैदराबाद में 21 से 24 नवंबर तक होने वाले 'लोकमंथन' के चौथे संस्करण में शामिल होने का न्यौता भी दे दिया। वहां रिखी देश भर के आदिवासी लोक कला मर्मज्ञों और आदिवासी समुदाय के कलाकारों के बीच अपना संग्रह प्रस्तुत करेंगे और अपने समूह के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे। रायपुर में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन शनिवार 5 अक्टूबर को हुआ। यहां रिखी क्षत्रिय का लोक वाद्य संग्रह देखने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी पहुंचे। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन केदार कश्यप चूंकि रिखी के संग्रह से पहले से परिचित हैं, इसलिए उन्होंने यहां रखे ज्यादातर वाद्य यंत्रों का परिचय खुद होकर मुख्यमंत्री साय को दिया।

# डोंगरगढ़ पदयात्रियों की सुविधा के लिए निरंतर की जा रही सफाई व्यवस्था

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com



शरद नवरात्रि में डोंगरगढ़ बम्लेश्वरी माता के लिए पदयात्री पैदल ही निकलते है। उसको देखते हुए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त बजरंग दुबे के निर्देशानुसार जिस मार्ग से पदयात्रि जा रहे है। वहां पर सफाई व्यवस्था को व्यवस्थित की जा रही है। रोज वहां पर नियमित झाड़ू लग रहा है, आवश्यकतानुसार पानी का छिड़काव भी किया जा रहा है। जिससे पदयात्रियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। सब आराम से दर्शन कर सके। इसके साथ ही नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के सभी दुर्गा पंडालो की साफ-सफाई एवं आवश्यकतानुसार घुलाई के लिए अलग से कर्मचारी नियुक्त किये है। जो प्रतिदिन जाकर साफ -सफाई करते है। आवश्यकतानुसार पंडाल की चारो तरफ घुलाई भी की जा रही है। विधायक एवं महापौर ने सभी श्रद्धालूओ से अपील की है कि स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए आप अपनी पदयात्रा पूर्ण करें। नगर निगम का पूरा प्रयास है, आप को किसी प्रकार की तकलीफ न हो। शहर में भी दर्शन करने वाले लोग यातायात नियमो का पालन करें। नगर निगम भिलाई के द्वारा डबरा पारा खुर्सीपार, चंद्रा मोर्या टाकिज, सुपेला घड़ी चैंक, नेहरू नगर चैंक होते हुए बटालियन तक सफाई व्यवस्था सुदृड़ किया गया है। डस्ट बिन की भी व्यवस्था किया गया है, उसी में कचरा फेकना है, इधर-उधर न फेंके। इस कार्यवाही में जोन के स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, विरेन्द्र बंजारे, अंकित शक्सेना की डयूटी लगाई गई है। जिन्हे अपने अपने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था करवानी है।

# महाराजा चौक से लेकर बोरसी चौक तक सड़कों से हटाया गया कब्जा


- बोरसी,अवैध रूप से संचालित चिकन,मटन दुकान सहित 75 लोगो पर किया बेदखल कार्रवाई

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के मार्गदर्शन में आज जिला प्रशासन एवं निगम प्रशासन की संयुक्त कार्वाही, सुबह 11 बजे महाराजा चौक में एसडीएम हरवंश मिरी,तहसीलदार पंचराम सलामे, अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, पद्मनाभपुर थाना प्रभारी, यातायात पुलिस अधिकारी,पुलिस बल और अमले के साथ पहुँचे।लगभग चार घंटे चली अतिक्रमण हटाओ अभियान की कार्रवाही।महाराजा चौक से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाही शुरू किया गया। साहू जलेबी, भारतीय स्टेड बैंक होते हुए-बोरसी चौक क्षेत्र में अवैध कब्जों के खिलाफअभियान और तेज किया गया। सोमवार को ताबड़तोड़ कार्रवाई महाराजा चौक से बोरसी मार्ग में की गई। इस दौरान विरोध का प्रयास तो हुआ, लेकिन तोडू दस्ता व पुलिस बल के सामने उनकी एक नही चली। बोरसी चौक तालाब के करीब तोडू दस्ता ने खुल में मांस विक्रय करने वालों पर भी कार्रवाई की। दुकानदारों द्वारा टीनसेट व सड़क सीमा के आगे तक तार फेंसिंग और पक्का चबूतरा बनाया गया था, जिसको निगम के तोडू दस्ता ने सख्ती से कार्रवाही कर हटाया गया। दुकानदारो द्वारा टीन शेड डाल कर किए गए अवैध निर्माण को अतिक्रमण अधिकारी व राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता की उपस्थिति में जेसीबी से ध्वस्त कर दिया।महाराजा चौक से लेकर बोरसी रोड पर लम्बे समय से लगे प्रचार-प्रसार के बोर्ड को हटाकर निगम से अपने कब्जे में ले लिया। अवैध रूप से संचालित चिकन मटन, मछली दुकान सहित विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए बेदखल किया, महाराजा चौक व बोरसी चौक क्षेत्र रोड पर विक्रय, के लिए खड़े किए गए गाड़ी को हटवाया गया। प्रचार प्रसार के लिए लोहे के बोर्ड डालकर सड़क में आवागमन में बाधा कर उत्पन्न करने वाले लगभग 75 से अधिक अवैध सामग्री रास्ते से हटाकर जब्त किया गया। कार्रवाही के दौरान पुलिस बल की उपस्थिति में हटाया गया।

# मां जगत जननी की भक्ति में सराबोर हुआ नगर जगह जगह विराजित हुई मां जगदम्बा





पायनियर संवाददाता < कोटा
www.dailypioneer.com

शक्ति की उपासना का महापर्व कोटा नगर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। नवरात्र में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जगह जगह मां दुर्गा को विराजित किया गया। विभिन्न स्थानों पर भव्य पंडाल बनाए गए है, एवं आकर्षक साज सज्जा के साथ लाइटिंग की गई है। नयनाभिराम प्रतिमा की सुंदरता देखते ही बनती है। पंचमी के अवसर पर मां चंडिका मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। मंदिर के मुख्य पुजारी मनोज तिवारी ने बताया की इस वर्ष मंदिर में 317 तेल ज्योति कलश, 7 घृत कलश, 1 अखंड ज्योति कलश, एवं 14 ज्वारा कलश प्रज्वलित है। एवं नवमी तिथि को हवन एवं शरद पूर्णिमा को भंडारा प्रसाद वितरण किया जाएगा। माता चौरा शीतला मंदिर में माता के दर्शन के लिए भक्त ों का तांता लगा हुआ ह। पूजा पाठ के। साथ साथ जस गीत एवं जगराता से भक्त माता की भक्ति ने रमे हुए है, सेवा और आस्था का प्रतीक है मां जगत जननी दुर्गा उत्सव समिति। वैसे तो कोटा ने विभिन्न स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित है। परंतु नगर के स्टेट बैंक के सामने विराजित मां जगत जननी का दर्शन लाभ लेने पूरे नगर वासी आतुर रहते है। मुख्य व्यवस्थापक उमेश गुप्ता ने बताया की पिछले 35 वर्षो से मां जगत जननी की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। लोगों में माता के प्रति विशेष आस्था है। यहां माता के दरबार में मांगी गई हर मनोकामना पूर्ण होती है।

# अलग-अलग वार्डों में निरीक्षण, पहले दिन निगम ने काटे तीन नल कनेक्शन, मचा हड़कंप

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम बार-बार टैक्स वसूली की अपील करने के बाद भी टैक्स नहीं देने वाले पर निगम ने कार्रवाई शुरू कर दी है।टैक्स वसूली के लिए निगम ने पूरी तरीके से अभियान छेड़ दिया है, अब टैक्स वसूली अवकाश के दिनों में भी की जा रही है।मौके पर काटे जाएंगे नल कनेक्शन। निगम लोकेश चन्द्राकर ने राजस्व वसूली के लिए इसके निर्देश दिए हैं, ताकि वसूली में तेजी आए। अवकाश के दिनों में ज्यादातर लोग जो सरकारी एवं गैर सरकारी कर्मचारी होते हैं।वे घरों पर मिलते हैं इसी मंशा से अवकाश के दिनों में भी वसूली की जा रही है। राजस्व विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारी शनिवार अवकाश तथा रविवार अवकाश को भी टैक्स वसूली के लिए दुकानों, मकानों एवं प्रतिष्ठानों में टेबल लगाकर वसूली किया गया। इधर टैक्स नहीं देने वाले बकायेदारों के ऊपर कार्यवाही करना निगम ने शुरू कर दिया है। सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर ने बताया कि आज जल कर वसूलने के लिए अभियान शुरू किया गया है।जलकार्य निरीक्षक राजू चन्द्राकर एवं राजस्व विभाग अमले के साथ पहुँचे। उन्होंने वार्डो में टीम के साथ जाकर कार्रवाही के साथ जल कर नही जमा करने पर मौके पर ही नल कनेक्शन काटे जा रहे है।उन्होंने बताया कि आज टैक्स व जलकर जमा नहीं करने वाले 3 लोगों के नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही निगम टीम ने की है।वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5, एवं 56 का निरीक्षण किया गया।इसमें लम्बे अवधि से टैक्स का भुगतान नही करने वाले वार्ड 56 के करदाता से डोर-टू-डोर जाकर नल कनेक्शन काटने की चेतवानी दी गई,जिसमे 3 मकानों के नल कनेक्शन काटा गया। उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर निगम के राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता एवं सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर के द्वारा प्रत्येक सप्ताह को राजस्व विभाग के कर्मचारियों की बैठक टैक्स वसूली को लेकर की जा रही है। वित्तीय वर्ष के करदाता से नगर निगम की अपील है कि वे शीघ्र अति शीघ्र अपना टैक्स जमा कर दें। टैक्स वसूली के लिए निगम ने टीम का गठन कर दिया है। तथा प्रतिदिन टीम के माध्यम से निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी टैक्स की वसूली कर रहे हैं। निगम को चालू वित्तीय वर्ष तथा बकाया मांग को मिलाकर 35 करोड़ रुपये की वसूली की जानी है।निगम ने कमर कस लिया है और राजस्व विभाग के कर्मचारी घर-घर तक पहुंचने लगे हैं।इस अवसर पर राजस्व विभाम अमला मौजूद रहें।

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-गरियाबंद, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**
E-mail :- eeresdvgariyaband@gmail.com

**// मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना क्र.-02/2024-25 (द्वितीय आमंत्रण) //**

क्रमांक/1430/निविदा/ग्रा.यां.से./2024-25 गरियाबंद, दिनांक 07/10/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित जीर्णोद्धार कार्य हेतु मैन्युअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

1. निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि :- 16.10.2024
2. कार्यालय में निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि :- 18.10.2024
3. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि :- 21.10.2024

निविदा निम्नानुसार है:-

| स.क्र. | कार्य का नाम | प्रत्येक की लागत (लाख रू. में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 9 |
| 1 | प्रा.शा.नगरार भवन निर्माण कार्य वि.ख. गरियाबंद | 16.70 | 12500 |

उपरोक्त प्रत्येक निर्माण कार्यों की निविदा प्रपत्र का मूल्य 750 रूपये की डी.डी. कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग गरियाबंद के नाम से संलग्न किया जाना है। जिसकी अंतिम तिथि 16.10.2024 है। निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://res.cg.gov.in में दिनांक 07.10.2024 से डाउनलोड की/देखी जा सकती है।

G-242503005/4

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग गरियाबंद

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK
**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड**
(शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)
रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेशवर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001(CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV (देखें नियम 8 (1) कब्जा सूचना)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 के नियम 54) और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 13 (12) के नियम (3) अधिनियम 2002 एवं सपठित नियमों के नियम के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में माँग सूचना दिनांक 12-जुलाई-24 को निर्गमित की जिसमें माँग करते हुए ऋणी अरुण कुमार लाहरी (ऋणी), दमरु लाल लाहरी (सहऋणी), सुन्दर लाल लाहरी (सहऋणी), ऋण खाता संख्या L9001060126410160 से नोटिस में वर्णित राशि 8,32,080/- (आठ लाख बत्तीस हजार अस्सी रुपये मात्र) कुल देय राशि को इस नोटिस की प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।

ऋणी/बंधककर्ता के वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा दिनांक 03 माह अक्टूबर वर्ष 2024 को ग्रहण कर लिया है।

ऋणी/सहऋणी/बंधककर्ता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार रूपये 8,32,080/- (आठ लाख बत्तीस हजार अस्सी रुपये मात्र) 11-जुलाई-24 तक तक दिनांक तक तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक की राशि एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

ऋणी का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**स्थावर सम्पत्ति का विवरण**

रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 87/18, पीएच नं. 05, ग्राम पंचायत मालखरोडा, जिला जांजगीर चम्पा, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 4356 वर्ग फीट जो कि अरुण एवं सुन्दर एवं दामरु के स्वामित्व में है।

दिनांक : 03 अक्टूबर 2024
स्थान : जांजगीर चम्पा, छत्तीसगढ

प्राधिकृत अधिकारी
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

## संपादकीय

### भारत में पंथनिरपेक्षता अमेरिकी आयोग की रिपोर्ट

**भारत में पंथनिरपेक्षता की स्थिति** पर अमेरिकी आयोग ने एक रिपोर्ट जारी की है जिसे भारत के विदेश मंत्रालय ने खारिज कर दिया है। धार्मिक बहुलता की समृद्ध उपस्थिति वाले भारत राष्ट्र को लंबे समय से 'पंथनिरपेक्षता' व 'बहुलवाद' का गढ़ माना जाता रहा है। 'यूएस कमीशन आन इंटरनेशनल रिजीजस फ्रीडम'-यूएससीआईआरएफ ने हाल में भारत को 'खास चिन्ता वाला देश' घोषित किया है। इससे एक विवादास्पद बहस शुरू हो गई है। भारत सरकार ने इस रिपोर्ट की घोर निन्दा और इसे खारिज करते हुए यूएससीआईआरएफ को 'राजनीतिक एजेंडे वाला एक पूर्वाग्रही संगठन' बताया है। अपनी 2024 की रिपोर्ट में यूएससीआईआरएफ ने भारत में धार्मिक स्वतंत्रता संबंधी खतरनाक प्रवृत्तियों की ओर संकेत किया है। आयोग ने धार्मिक पहचान के आधार पर लोगों के खिलाफ हिंसा की घटनाओं का उल्लेख करते हुए कुछ समूहों द्वारा हत्याओं, पिटाई व भीड़ हिंसा के उदाहरण दिए हैं। उसने धार्मिक नेताओं की मनमानी गिरफ्तारियों तथा घरों व पूजास्थलों के विध्वंस को धार्मिक स्वतंत्रताओं का गंभीर उल्लंघन कहा है। उसका आरोप है कि भारत के विधिक ढांचे द्वारा धार्मिक अल्पसंख्यकों पर निशाना लगा कर उनको मताधिकार से वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है। इन आरोपों का संबंध 'नागरिकता संशोधन कानून' तथा 'समान नागरिक संहिता' के क्रियान्वयन से है। यूएससीआईआरएफ का तर्क है कि इससे गैर-हिंदू समुदायों में भय और हाशियाकरण का माहौल बना है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस रिपोर्ट को पूरी कठोरता से खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रनधीर जायसवाल ने आयोग के विमर्श को 'जानबूझ कर' तथ्यों का गलत प्रस्तुतीकरण बताया है जिसका उद्देश्य विश्व मंच पर भारत की छवि खराब करना है। मंत्रालय के बयान में जोर दिया गया है कि यूएससीआईआरएफ की रिपोर्टिंग अवैज्ञानिक तथा ऐसे एजेंडे द्वारा संचालित है जो भारत में लोकतंत्र का यथार्थ अभिव्यक्त करने में विफल रहा है।



सच यह है कि किसी बाहरी एजेंसी या किसी अन्य देश को हमें धार्मिक स्वतंत्रता और सहिष्णुता पर भाषण देने का अधिकार नहीं है जिसका पालन भारत प्राचीन काल से करता आ रहा है। अमेरिका को पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए जहां अश्वेतों के प्रति पूर्वाग्रह की अनेक घटनायें सामने आती रहती हैं। इनमें पुलिस द्वारा अश्वेतों की हत्यायें तक शामिल हैं। जहां तक अमेरिकी रिपोर्ट का सवाल है, भारत ने 'भीड़ हिंसा' के खिलाफ कठोर कानून बना कर आरोपियों को फौरन सजा दिलाई है जिससे अब ऐसी घटनायें बंद हो गई हैं। ऐसी इक्का-दुक्का घटनाओं के पीछे धार्मिक आधार पर गंभीर उकसावे रहे हैं। रिपोर्ट में उल्लिखित चर्चों पर हमलों की घटनाओं की सरकार ने गंभीरता से जांच कराई थी और ये सभी मामले चर्च संपत्तियों की चोरी के थे। इनके पीछे कोई 'धार्मिक मंतव्य' नहीं था और कुछ मामलों में चर्च जाने वाले ही चोरियों में शामिल पाए गए थे। भारत के 'विधिक ढांचे' पर रिपोर्ट द्वारा उठाए सवाल भारतीय न्यायपालिका पर हमला हैं जिसकी निष्पक्षता और तटस्थता पूरी दुनिया में विख्यात है। नागरिकता संशोधन कानून तथा समान नागरिक संहिता कानून पूर्णतः विधि सम्मत तथा लोकतांत्रिक व पंथनिरपेक्ष आदर्शों के अनुरूप हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में कहा है कि सार्वजनिक स्थलों पर अवैध कब्जा कर बने धर्मस्थलों को गिराया जा सकता है और भारत सरकार द्वारा इस संबंध में की जाने वाली कार्रवाई अनुचित नहीं है। भारत में कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी गरीबों को मिल रहा है और इसमें धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया गया है।

# बांग्लादेश में पंथनिरपेक्षता को खतरा

बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के पीछे सक्रिय कट्टरपंथियों से पंथनिरपेक्षता को खतरा पैदा हो गया है। लोकतंत्र व पंथनिरपेक्षता के लिए संघर्षशील शहरयार कबीर की विवादास्पद आरोपों पर गिरफ्तारी इसका उदाहरण है।



हिरण्यमय कार्लेकर
(लेखक, द पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)



ढाका में 17 सितंबर, 2024 को अंतरराष्ट्रीय ख्याति वाले मानवाधिकार कार्यकर्ता शहरयार कबीर की गिरफ्तारी तथा इससे जुड़ी अन्य घटनाओं की समीक्षा करना जरूरी है। इससे स्पष्ट होता है कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के पीछे वर्तमान समय में सक्रिय कट्टरपंथी शक्तियां देश को किस दिशा में ले जाना चाहती हैं। इस संबंध में शहरयार कबीर के व्यक्तित्व पर भी संक्षेप में गौर किया जाना चाहिए। वे लेखक, पत्रकार, फिल्म-निर्माता तथा मानवाधिकार, पंथनिरपेक्षता व लोकतंत्र के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विख्यात पैरोकार हैं। वे उन लोगों को दंड दिलाने के संघर्ष में अग्रणी रहे हैं जिन्होंने 1971 में बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तानियों से गठजोड़ किया तथा वे मानवता के खिलाफ जघन्य अपराधों के दोषी रहे हैं जिनमें बड़े पैमाने पर हत्यायें व बलात्कार शामिल हैं।

1971 में मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तानियों तथा उनसे गठजोड़ करने वालों ने बांग्लादेश की जनता पर निर्मम अत्याचार ढाए थे। शहरयार कबीर ने हत्यारों तथा 71 में मिलीभगत करने वालों का सफाया करने के लिए संघर्षशील 'एकत्तोरेर घातक दलाल निर्मूल कमेटी' के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसका नेतृत्व जहांनारा इमाम कर रही थीं जिनके पति और एक बेटे की पाकिस्तानियों ने 1971 में निर्मम हत्या की थी। इसके बाद शहरयार कबीर इस संगठन के अध्यक्ष बने और अपनी गिरफ्तारी के समय वे इसकी सलाहकार समिति के अध्यक्ष थे।

इसके साथ ही शहरयार कबीर की गिरफ्तारी की परिस्थितियों, उनके खिलाफ लगाए आरोपों तथा उन पर आरोप लगाने वालों के अंतरिम सरकार से संबंधों पर भी गौर किया जाना चाहिए। 'द ढाका ट्रिब्यून' में 17 सितंबर, 2024 को प्रकाशित 'ढाका में शहरयार कबीर की गिरफ्तारी' शीर्षक रिपोर्ट के अनुसार 'हिफाजते इस्लाम'-हिफाजत के संयुक्त सचिव मुफ्ती हारून इजहार चौधरी ने 20 अगस्त, 2024 को 'इंटरनेशनल क्राइम्स ट्राइब्यूनल'-आईसीटी में शेख हसीन व अन्य 23 लोगों के खिलाफ एक शिकायत दर्ज कराई थी और उन पर हिफाजत द्वारा 5 मई, 2013 को आयोजित रैली के संबंध में मानवता के खिलाफ अपराध तथा बड़े पैमाने पर हिंसा के आरोप लगाए थे। इनमें शहरयार कबीर भी शामिल थे। 'द डेली स्टार' में 18 सितंबर, 2024 को 'शहरयार कबीर 7 दिन की रिमांड में भेजे गए' शीर्षक से प्रकाशित रिपोर्ट में बताया गया था कि मोजम्मिल बाबू के साथ कबीर को अदालत के समक्ष पेश किया गया और पुलिस ने उनकी 10 दिन की रिमांड मांगी। इस मामले का संबंध 'कोटा सुधार विरोध प्रदर्शन' के दौरान घरेलू सहायिका लिजा अख्तर की मौत से था।

रिपोर्ट में अदालत में मौजूद एक पुलिस सब-इंस्पेक्टर को यह कहते हुए संदर्भित किया गया था कि ढाका के अतिरिक्त चीफ मैट्रोपालिटन मजिस्ट्रेट मुहम्मद सनाउल्ला ने उनको सात दिन हिरासत में रखने का आदेश दिया था। 17 सितंबर, 2024 को 'शहरयार कबीर, नूरुल इस्लाम अरेस्टेड' शीर्षक से 'प्रोथम आलो इंग्लिश' में प्रकाशित रिपोर्ट में स्रोतों के हवाले से कहा गया था कि आरोपी कबीर पर ढाका के जेतराबारी व अन्य पुलिस थानों में हत्या के अनेक मामले दर्ज थे। इस लेखक को उपलब्ध सूचना के अनुसार अब तक एक आईसीटी के साथ ही उन पर हत्या के सात मामले दर्ज किए गए हैं। कबीर जैसे कद वाले व्यक्ति के खिलाफ हत्या के आरोप लगाना न केवल हास्यास्पद है, बल्कि इससे संकेत मिलता है कि ऐसे अनेक मामलों की योजना और समन्वय पर्दे के पीछे जारी प्रयासों का नतीजा हैं।

उल्लेखनीय है कि आईसीटी के खिलाफ मामले हिफाजते इस्लाम-हिफाजत के संयुक्त सचिव मुफ्ती हारून इजहार चौधरी द्वारा दर्ज कराए गए जिनमें कबीर समेत शेख हसीना व 23 अन्य पर 5 मई, 2013 को हिफाजत की एक रैली के संबंध में मानवता के खिलाफ अपराधों व बड़े पैमाने पर हत्याओं के आरोप लगाए गए थे। 19 अगस्त, 2024 को 'द ढाका ट्रिब्यून' में 'हिफाजत रैली इन शापला चत्तर: ओधिकार पब्लिशेस लिस्ट आफ किल्ड पीपुल' शीर्षक से प्रकाशित खबर में बताया गया था कि मानवाधिकार संगठन ओधिकार ने 19 अगस्त को उन लोगों की सूची जारी की जिनको अवामी लीग-नीत सरकार द्वारा ढाका के शापला चत्तर में 5-6 मई, 2013 में की गई कार्रवाई में मार डाला गया था।

मूल रूप से 2013 में प्रकाशित इस सूची के आधार पर अवामी लीग सरकार ने संगठन के खिलाफ कार्रवाई की थी। खबर के अनुसार, पहले की सरकार में उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए ओधिकार ने अंतरिम सरकार से प्रार्थना की थी कि सर्वोच्च न्यायालय के एक जज की अध्यक्षता में गठित स्वतंत्र जांच आयोग द्वारा 5 व 6 मई, 2013 को की गई न्यायेत्तर हत्याओं की निष्पक्ष जांच की जाए तथा अपराधियों को सजा दिलाई जाए। 'द ढाका ट्रिब्यून' की रिपोर्ट में इस बात का कोई उल्लेख नहीं है कि क्या ओधिकार ने दोषियों के नाम बताए थे। ओधिकार के बयान के अगले दिन 20 अगस्त, 2024 को हिफाजत ने शिकायत दर्ज कराई थी। इससे सवाल उठते हैं कि मारे गए लोगों की संख्या कितनी थी? क्या रैली शांतिपूर्ण थी?

यह किस संदर्भ में आयोजित की गई थी तथा हिफाजत की क्या मांगें थीं? ओधिकार द्वारा पेश आंकड़ों के विपरीत 6 मई, 2024 को प्रसारित 'बीबीसी' रिपोर्ट में कहा गया था कि झड़प में कम से कम 27 लोग मारे गए थे तथा दर्जनों घायल हुए थे। यह भी कहा गया था कि मरने वालों में कम से कम दो पुलिसकर्मी थे।

रिपोर्ट के अनुसार, यह भी तथ्य है कि पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने तथा हताहतों की संख्या न्यूनतम रखने के लिए 'स्टन ग्रेनेडों व रबर बुलेट्स का प्रयोग किया था।' यह रैली अत्यधिक हिंसक थी। रिपोर्ट में एक चश्मदीद को यह कहते बताया गया है कि प्रदर्शनकारी 'बहुत हिंसक थे, कुछ लोग पत्थर फेंक रहे थे जिससे स्थिति जल्द ही हिंसक हो गई थी और पुलिस के पास प्रतिक्रिया के सिवा कोई और रास्ता नहीं था।' चश्मदीद ने बीबीसी को बताया, 'दंगाइयों ने बाजारों को लूटा और किताबों की उन दूकानों में भी आग लगा दी जहां पवित्र कुरान बेची जा रही थी। इससे कुरान व अन्य धार्मिक साहित्य की हजारों किताबें जल गईं। उन्होंने सत्तारूढ़ पार्टी के राजनीतिक कार्यालय और राष्ट्रीय मस्जिद पर भी हमला बोला।'

हिफाजत के 13-सूत्रीय कार्यक्रम में ईशनिन्दा-विरोधी कानून लागू करना शामिल है जिसमें मृत्युदंड का प्राविधान है। इसके साथ ही 'इस्लाम का अपमान' करने वाले ब्लागरों तथा अन्य को इबरतनाक सजा देने, महिला विकास की बांग्लादेश की नीति रद्द करने, सार्वजनिक स्थानों पर मूर्तियां प्रदर्शित करने पर प्रतिबंध, सार्वजनिक स्थलों पर पुरुषों व महिलाओं के एकसाथ आने पर प्रतिबंध, कैंडललाइट प्रदर्शनों पर प्रतिबंध, 'बेशर्म व्यवहार व कपड़ों' पर प्रतिबंध तथा अहमदियों को 'गैर-मुस्लिम' घोषित करने की मांगें शामिल हैं। 'ईटीवी' के लिए रैली कवरेज करने वाली पत्रकार नादिया सरमीन की बेरहमी से पिटाई की गई थी क्योंकि आखिरकार एक महिला ने 'केवल पुरुषों के लिए' आयोजन में आने की हिम्मत कैसे दिखाई।

गंभीर रूप से घायल सरमीन को दूसरे पत्रकारों ने बचाया। यह सब तालिबान के एजेंडे तथा 1980 के दशक में बनी तालिबान सरकार के ओसामा बिन लादेन के आदर्शों पर चलने की याद दिलाता है। अंतरिम सरकार के हिफाजत के साथ नजदीकी और बहुत अच्छे संबंध हैं। उसने संगठन से प्रतिबंध उठा लिया है। धार्मिक मामलों के सलाहकार एएफएम खालिद इस संगठन के नायब-वजीर रह चुके हैं।

अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने 31 अगस्त, 2024 को संगठन प्रमुख ममनूल हक के साथ लंबी बैठक की। हिफाजत पूरे देश में रैलियां और प्रदर्शन कर रही है। शहरयार की गिरफ्तारी और उनकी लगातार हिरासत को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए, जबकि उनकी रिहाई के लिए अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एक्टिविस्टों और संगठनों ने मांग की है। इसके पीछे इरादा बांग्लादेश के लोगों को स्पष्ट संदेश देना है कि लोकतंत्र व मानवाधिकारों की पैरोकारी न करें तथा इस्लामी कट्टरपंथियों का विरोध न करें। यदि हम शहरयार कबीर को जेल में बंद कर सकते हैं तो तुमको भी सीखचों के पीछे फेंक देंगे।

# शिक्षा में वंचित वर्गों के कोटे का सवाल

"शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग कोटे का उल्लंघन भारत की शिक्षा प्रणाली को प्रभावित कर रहा है।"

बी के झा
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



शिक्षाधिकार अधिनियम के तहत आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग के कोटे का लगातार उल्लंघन पूरे भारत में, खासकर दिल्ली जैसे बड़े शहरों में एक परेशान करने वाला मुद्दा बन गया है। स्पष्ट कानूनी अनिवार्यताओं के बावजूद, कई निजी स्कूल इस प्रावधान के तहत सही रूप से योग्य बच्चों को प्रवेश देने से इनकार करते रहते हैं, जिससे वंचित समुदायों के लिए समान शैक्षिक अवसरों में बाधा उत्पन्न होती है। दिल्ली उच्च न्यायालय में हाल ही में हुई कानूनी कार्यवाही ने एक बार फिर इस मुद्दे को सामने ला दिया है, जिससे कमज़ोर वर्ग के छात्रों के अधिकारों की रक्षा के लिए कानून के सख्त प्रवर्तन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया है। इसका एक उदाहरण मास्टर अयान सैफी है, जो शाहिद का 4 वर्षीय बेटा है, जिसे शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए दिल्ली के शिक्षा निदेशालय द्वारा आयोजित कम्प्यूटरीकृत ड्रा के माध्यम से एक सीट आवंटित की गई थी। लेकिन, रोहिणी के एक प्रमुख निजी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने प्रवेश देने से इनकार कर दिया और इसके बाद कानूनी लड़ाई शुरू हो गई। शाहिद ने अपनी दुर्दशा के साथ दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और न्याय की मांग की। यह गलत धारणा है कि वकील ऐसे मामलों को लेने से कतराते हैं, खासकर समाज के निचले तबके से आने वाले लोगों के लिए।

इसका श्रेय दिल्ली के एक युवा वकील अमन शर्मा को जाता है, जिन्होंने बच्चे का केस लिया और अयान सैफी को स्कूल में प्रोविजनल एडमिशन दिलाया। न्यायमूर्ति स्वर्णकांत शर्मा के मार्गदर्शन में दिल्ली उच्च न्यायालय ने शिक्षा के अधिकार अधिनियम के उल्लंघन को स्वीकार किया और एक अंतरिम आदेश में बच्चे को प्रोविजनल एडमिशन दिया, जिसमें स्कूल के ईडब्ल्यूएस कोटे का अनुपालन करने के कानूनी दायित्व पर जोर दिया गया। शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 एक ऐतिहासिक कानून है, जो 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों के लिए मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा सुनिश्चित करता है। इसके प्रमुख प्रावधानों में से एक यह अनिवार्य करता है कि निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटें कमजोर वर्ग और वंचित समूहों के बच्चों के लिए आरक्षित हों। इस कोटे का उद्देश्य समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देना और सामाजिक-आर्थिक असमानताओं के बीच की खाई को पाटना है।



हालांकि, इस प्रावधान के महत्व के बावजूद, इसके कार्यान्वयन को न केवल दिल्ली में बल्कि पूरे देश के कई निजी स्कूलों से प्रतिरोध का सामना करना पड़ा है। दाखिले से इनकार करना इस कानून को लागू करने में चल रही चुनौती को उजागर करता है। यह संविधान के अनुच्छेद 21-ए के तहत एक बच्चे के शिक्षा के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करता है। अधिवक्ता शर्मा का तर्क है, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को उनकी हकदार शिक्षा से वंचित करना, एक निश्चित आवंटन के बावजूद, न केवल शिक्षा के अधिकार अधिनियम की भावना के खिलाफ है, बल्कि पहले से ही सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे परिवारों के लिए अनावश्यक बाधाएं भी पैदा करता है। गैर-अनुपालन का एक पैटर्न आसानी से देखा जा सकता है और दुर्भाग्य से, यह निजी शिक्षण संस्थानों में व्यापक हो गया है। अयान का मामला एक अकेली घटना नहीं है।

दिल्ली के निजी स्कूलों को बार-बार कमजोर वर्ग के कोटे की अवहेलना करने का दोषी पाया गया है, जिससे कानूनी लड़ाई शुरू हो गई है जो वंचित बच्चों के लिए सही शैक्षिक अवसरों को बहाल करने की मांग करती है। मार्च 2024 में, दिल्ली उच्च न्यायालय ने कमजोर वर्ग के प्रवेश के लिए आय सीमा को संशोधित किया, पात्रता मानदंडों को मजबूत किया और स्पष्ट मार्गदर्शन की पेशकश की। हालांकि, स्कूल अपनी जिम्मेदारियों से बचते रहे हैं। 2022 में रामेश्वर झा बनाम प्रिंसिपल रिचमंड ग्लोबल स्कूल के मामले में इसी तरह के फैसले ने ईडब्ल्यूएस प्रवेश से इनकार करने वाले स्कूलों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई के लिए एक मिसाल कायम की। दिल्ली उच्च न्यायालय ने तब चेतावनी दी थी कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम का पालन न करने पर स्कूलों को दिल्ली स्कूल शिक्षा अधिनियम, 1973 के तहत गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। फिर भी, स्कूल अभी भी ऐसी चालें चलते हैं जो कमजोर वर्ग के छात्रों के प्रवेश में देरी करती हैं या उन्हें मना कर देती हैं, जिससे परिवारों को मामला अदालत में ले जाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। सबसे बड़ा मुद्दा शैक्षणिक संस्थानों और संवैधानिक अधिकारों को बनाए रखने में न्यायपालिका की भूमिका में विश्वास का क्षरण है।

एडवोकेट शर्मा ने शिक्षा निदेशालय और न्यायपालिका से शिक्षा के अधिकार अधिनियम की अवहेलना करने वाले स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आग्रह किया, दंड और सख्त प्रवर्तन उपायों की मांग की। नीति निर्माताओं, शिक्षकों और नागरिक समाज के लिए आरटीई अधिनियम के सिद्धांतों को बनाए रखने और अधिक समावेशी शिक्षा प्रणाली की दिशा में काम करने में सहयोग करना अनिवार्य हो जाता है।

## आप की बात

### अनुभव को सम्मान

**एक हालिया अध्ययन** के अनुसार देश में 31 प्रतिशत काम करने वालों को अधिक उम्र के कारण कई सुविधाओं से वंचित रखा गया। उन्हें प्रमोशन देने से इनकार करने से लेकर किसी भी बहाने से नौकरी से निकलने के प्रयास किए जाते हैं। अमेरिका सहित कई देशों में भी ऐसी ही स्थितियां पाई गई। कंपनियों की मानसिकता हो गई है कि 50 वर्ष से अधिक उम्र के कर्मचारी कम ऊर्जावान तथा नया कार्य सीखने मैं सक्षम नहीं होते हैं। जबकि उम्र दराज कर्मचारी अधिक अनुभव वाले तथा अपने कार्य के प्रति गहरी समझ रखने वाले होते हैं। कंपनियों की इस मानसिकता को देखते हुए यह सवाल स्वाभाविक है कि आखिर 70 वर्ष से ऊपर के व्यक्ति बड़े-बड़े राष्ट्रों के राष्ट्रपति क्यों बनते हैं जो कि सर्वाधिक जिम्मेदारी का पद है? उनकी एक गलती से दुनिया तबाह हो सकती है, लेकिन इसके बावजूद खुद जनता ही उन्हें चुनकर राष्ट्रपति बनाती है। बड़े-बड़े व्यवसायी और व्यापारी भी बड़ी उम्र में ही अपने व्यापार को नई ऊंचाइयां दे रहे हैं तो नौकरी पेशा कर्मचारियों के लिए नौकरी में उम्र का भेदभाव सर्वथा अनुचित है। जीवन प्रत्याशा बढ़ने तथा आधुनिकतम सुविधाओं व तकनीकों से वयोवृद्ध व्यक्ति अनेक क्षेत्रों में सर्वाधिक योगदान दे सकते हैं। उनके अनुभव को समुचित सम्मान मिलन चाहिए।

**-सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### ट्रंप की बढ़ती मुश्किलें

**डोनाल्ड ट्रम्प** को अपनी लोकप्रियता में लगातार गिरावट को लेकर जितना दु:ख कमला हैरिस ने नहीं पहुंचाया था उससे कहीं अधिक दु:ख उन्हें उनकी तीसरी पतनी मेलानिया ट्रम्प ने अपने एक वक्तव्य से पंहुचाया है। डोनाल्ड ट्रम्प ने रिपब्लिकन पार्टी के सदस्यों एवं समर्थकों के साथ उस समय जश्न मनाया था जब अमेरिका की सर्वोच्च अदालत ने अमेरिकी महिलाओं को गर्भपात का पूर्ण अधिकार देने वाला कानून उलट दिया था। अब कुछ चिकित्सीय आपात स्थितियों को छोड़कर एक समय के बाद गर्भपात को अपराध घोषित किया जा जुका है। श्रीमती मेलानिया ट्रम्प ने अपनी आगामी पुस्तक के प्रचार में जारी एक वीडियो क्लिप में महिलाओं की व्यक्तिगत स्वतंत्रता के पक्ष में अपना समर्थन व्यक्त करते हुए गर्भपात को एक जन्मजात आवश्यक अधिकार बता दिया है। इस प्रकार मेलानिया ट्रम्प रिपब्लिकन पूर्व प्रथम-महिलाओं की उस लंबी कतार में शामिल हो गई हैं जो गर्भपात के अधिकारों का समर्थन करने के लिए सामने आई हैं। मैलानिया ट्रंप का यह बयान उनके पति डोनाल्ड ट्रंप के लिए बढ़ती मुश्किलों का संकेत देता है क्योंकि इसका अर्थ अधिकांश अमेरिकी महिलाओं का हैरिस के पक्ष में खड़ा होना भी है।

**- जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### मुफ्त रेवड़ियां

**जिस तरह** आरक्षण राजनीतिक पार्टियों और सरकारों के लिए गले की हड्डी बन गया है, ठीक वैसे ही उनके लिए आगे चलकर मुफ्त रेवड़ियां भी गले की हड्डी तो बनेंगी ही, साथ ही ये देश की आर्थिक आत्मनिर्भरता व उन्नति में भी बाधक सिद्व होंगी। सभी राजनीतिक दल यह जानते हैं किन्तु वोटबैंक के लालच में न चाहकर भी उसी राह पर चल रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी आगाह किया है कि शीघ्र ही राजनीतिक दल और सरकारें मुफ्त रेवड़ियां बांटना बंद कर दें तो अच्छा रहेगा। इससे एक ओर तो जनता द्वारा अपनी गाढ़ी कमाई से टैक्स के रूप में देश की उन्नति के लिए सरकार को दिया जाने वाला धन मुफ्त रेवड़ियों में बेजा खर्च हो रहा है, दूसरे लोग आलसी भी बन रहे हैं। जब कोई काम किए बिना भोजन और अनेक सुविधायें मुफ्त मिलने लगें तो खुराफाती लोग अपराधी भी बन सकते हैं। मुफ्त रेवड़ियां बांटने में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी-आप सबसे आगे है जिसका नतीजा हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना और पंजाब की जनता को भुगतना पड़ रहा है। वहां कर्मचारियों को वेतन देने के लाले पड़ रहे हैं और ढांचागत विकास के काम बंद होने की नौबत आ रही है। यह स्थिति पूरे देश के लिए अत्यधिक खतरनाक होती जा रही है।

**-शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### स्वागत योग्य फैसला

**देश** की तमाम जेलों में बंद कैदियों में जाति के आधार पर काम बांटने को सर्वोच्च न्यायालय ने असंवैधानिक करार दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने जेल मैनुअल से ऐसे प्रावधान हटाने का आदेश दिया है जिनसे जाति के आधार पर काम का बंटवारा हो। वैसे भी कैदी जेल के अंदर कुंठित रहते है, ऐसे में अगर जाति के आधार पर काम का बंटवारा होता रहे तो कैदी और ज्यादा पूर्वाग्रह से ग्रसित होंगे। इसके साथ ही जेलों में सुधार के पहलू लुप्तप्राय हो जाएंगे। आश्चर्य तो इस बात का है कि देश की आजादी के इतने साल बाद तक अंग्रेजों द्वारा बनाया गया यह प्राविधान लागू रहा और बड़ी-बड़ी बातें करने वाले राजनीतिक दलों की इस पर नजर तक नहीं गई। इस निर्णय से उन नेताओं को भी सबक लेना चाहिए जो जातीय जनगणना की रट लगाए हुए हैं। चिन्ता की बात है कि ऐसी किसी गणना से कहीं जातीय पूर्वाग्रह और मजबूत न हो जांए तथा संख्या में कम, पर प्रबुद्ध व सबको समान देखने वाले लोगों को बदले की कार्रवाई का शिकार न होना पड़े। आखिर जातिहीन समाज कैसे बनेगा?

**- योगेश जोशी**, बड़वाह

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# 18 साल की उम्र में कथावाचक रुचिता को 7 भाषाओं का ज्ञान, कत्थक नृत्य में भी हैं निपुण

## खाटू श्याम और माता के भजन से की रुचिता तिवारी ने शुरुआत, अब कथावाचक के रूप में बनाई पहचान



पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

कहते है जब तक दैविक कृपा नही होती, तब तक व्यासपीठ पर कुछ बोल नही सकते, लेकिन यहां माँ देवी भगवती का बखान करना है, जो अन्य देवी देवता तक नही कर पाते, ये माँ भगवती की ही कृपा है, जो आज मैं अपनी टूटी फूटी वाणी से शब्द प्रस्तुत कर पाती हूँ। धर्म से कल्याण के लिए जोड़ना ही उद्देश्य है। ये शब्द है कथावाचक रुचिता तिवारी के। जो कि पायनियर के ब्यूरो चीफ से खास चर्चा में उन्होंने कही। बिलासपुर निवासी रुचिता बताती है कि उनकी उम्र महज 18 वर्ष की है, 5 जनवरी 2006 को उनका जन्म हुआ। उनके घर मे माता-पिता और छोटी बहन है। पिता एक किराना व्यवसायी है और माता सरकारी हाईस्कूल में व्याख्याता के पद पर है। वर्तमान में बीएससी में अध्यनरत हैं और साइंस भी कर रही हैं, कॉलेज भी जाती है। भक्ति से जुड़ने का उद्देश्य यही है कि सभी को धर्म से जोड़कर रख सके।

**पायनियर से चर्चा के और कुछ अंश......**

**सवाल-महज 18 की उम्र में कथावाचक, यह उम्र तो पढ़ने खेलने कूदने की होती है..?**

**जवाब-**हर कार्य निर्धारित होते है, जैसा कि माँ भगवती ने ही मुझे चुना अपनी कथा के लिए। क्योकि उनके मर्जी के बिना एक पत्ता भी नही हिक सकता। माँ भगवती के विषय मे लिखा गया है, माँ भगवती के विषय मे लिखा गया है, सृष्टौ या सर्गरुपा जगदवनविधौ पालनी या रौद्री संहारे चापि यस्या जगदिदमखिलं क्रीडनं या पराख्या अर्थात माँ भगवती सम्पूर्ण कार्यो को संपादित करने वाली है। तो मैंने इस फील्ड को नही चुना, माँ भगवती ने ही मुझे चुना है।

**सवाल-पहला कथावाचन कब किया था..?**

**जवाब-**2 वर्ष पहले बिलापसुर में श्रीमद भागवत की कथा हुई है, हरिकथा। अभी अयोध्या धाम और उड़ीसा सहित अन्य जगहों पर धर्म के उद्देश्य से कथा को फैला रहे है। और ये सौभाग्य है की इस नवरात्र यहां बालोद में माँ भगवती की कथा करने का अवसर मिला है।

**सवाल-पहला भजन कहां प्रसिद्ध रहा..?**

**जवाब-**भजन संध्या तो होती रहती है, लेकिन अहमदाबाद में जो श्याम बाबा के कीर्तन हुई थी, उसमे काफी भीड़ थी। सभी ने आंनद लिया, वो यादगार है मेरे लिए।

**सवाल- अब तलक कहां कहां आपने प्रस्तुति दी है..?**

**जवाब-** भजन के क्षेत्र में दादी मंगल पाठ में, उड़ीसा, एमपी के सतना गुजरात के अहमदाबाद, सीकर, खाटूधाम, वृंदावन सहित छत्तीसगढ़ में भी कई स्थानों में कार्यक्रम हुए है। कुल 21 बार कथा का भी आयोजन हुए है।

**सवाल कहा जाता है आपको 7 भाषाओं का ज्ञान है, शास्त्रीय नृत्य में भी निपुण है..?**

कहते है, जितने मुंड है, उतनी सबकी मतिया होती है, जिस भी क्षेत्र में जाती हुं, टूटी फूटी भाषा में जो मुझको ज्ञान है कथा करने का प्रय करती हूं। हिंदी के अलावा उड़िया, मारवाड़ी, गुजराती, संस्कृत, राजस्थानी, बीकानेरी इन भाषाओं का थोड़ा बहुत ज्ञान हैं। कत्थक में मैंने विसारत किया हुआ है। चक्रधर समारोह, भोरमदेव महोत्सव, इसके अलावा लखनऊ में भी अपनी प्रस्तुति दे चुकी हूं। रायगढ़ घराने से गुरुजन आते है। उन्ही के सानिध्य में मैं अभी भी कत्थक नृत्य की शिक्षा ग्रहण कर रही हूं। भजन भी लिखती हूं, बहुत सारी रचना भी मैंने की है।

**सवाल- क्या कथावाचक तौर पर ही जीवनयापन करेंगी या फिर सांसारिक जीवन जैसे गृहस्थ भी जियेंगी..?**

**जवाब-**मुस्कुराते हुए, अभी तो मैंने ऐसा कुछ सोचा नही है, मेरी इतनी आयु भी नही है, की मैं आगे का इतना सोच सकू। माता पिता की भी आज्ञा होगी। वैसे भी सबसे पहले ब्रम्हचर्य आश्रम, तत्पश्चात गृहस्थ, फिर वानप्रस्थ उसके बाद फिर सन्यास आश्रम। सीढ़ी दर सीढ़ी कार्य होता है। फिर मुस्कुराते हुए.... जैसी भगवती की कृपा हो, बिल्कुल गृहस्थ जीवन का भी पालन करेंगे।

**सवाल-कई कथावाचक आजकल राजनीति का भी पाठ पढ़ाते है.?**

**जवाब-**ये जो क्षेत्र है भक्ति का, ये पूर्णतः भक्ति के लिए ही बना हुआ है। धार्मिकता और राजनीति क्षेत्र दोनों अलग है। दोनों को पृथक कर के चलेंगे, तो ही उद्देश्य की प्राप्ति हो सकेगी। सदैव राजनीति से बढ़कर धर्म की प्रतिष्ठा मानी गई। इससे पृथक होकर व्यासपीठ पर कुछ भी कहना अनुचित लगता है।

**सवाल-कुछ कथावाचक आजकल चिट्ठी पत्र पढ़ उनके जीवन के बारे में बताते है, आप क्या करती है..?**

**जवाब-**देखिए, तप, जप और साधना से सब होता है, जो युक्तिया बताई गई है, तंत्र साधना से ये सब होता है। कुछ लोगों इसे भ्रम की तरह फैला रहे है। छत्तीसगढ़ में अंधविश्वासी अधिक है। टोटकों में ज्यादा विश्वास करते है, भगवान के मार्ग में नही चलते है।

**सवाल-बालोद में पहली बार कथा और श्रोतागणों की इतनी भीड़.?**

**जवाब-**यहां कीर्तन में बहुत बार आ चुकी हूं, कथा पहली बार कर रही हूं। यहां बहुत प्रचार प्रसार कर अपने धर्म का विश्लेषण कर रहे है। कथा में जो मूल उद्देश्य बताना चाहती हु, अब याद रखते है। सभी को सब शब्द याद होते है। मेरे लिए उपलब्धि की बात है, की मेरे कहे हुए वाणी को लोग अपने ह्रदय में स्थापित करते हुए चल रहे हैं।

**सवाल-कुछ भजन सुना दीजिये..?**

जवाब- जब मन मेरा घबराया, अंधियारे रातों में, साथ छोड़ा नही मेरे सॉंवरे तूने बुरे हालातो में, तेरे करुणा का अंत नही, महसूस किया तबसे, कोई दौलत नही है बड़ी, खाटू वाले कि कृपा से..... आगे उन्होंने गुजराती में भी माता का भजन सुनाया.....

# मारो संकुल का संस्कृति महोत्सव का आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

मारो (सरगांव) संकुल का संस्कृति महोत्सव 6 अक्टूबर 2024 को मारो विद्यालय में संपन्न हुई। सात विद्यालय से 25 भैया 56 बहन, संरक्षक प्रधानाचार्य, आचार्य 22 सहित कुल 103 की संख्या रही। उपरोक्त कार्यक्रम में धनलाल देशलहरे (अध्यक्ष नगर पंचायत मारो) राजेश साहू (सरपंच परसदा) मनोज सिंग गुम्बर एवं बसंत गुप्ता (पार्षद) तथा विद्यालय समिति से भरत लाल साहू अध्यक्ष, मणिशंकर दीवान उपाध्यक्ष, प्रमोद पाण्डेय व्यवस्थापक, राम हरि साहू सदस्य एवं अनिल वर्मा प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर सरगांव की गरिमामय आतिथ्य में विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिता में भैया बहनों ने भाग लेकर अपनी-अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आगंतुक अतिथियों का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया एवं विजेता प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त भैया बहनों को प्रमाण पत्र सहित पुरस्कार अतिथियो के कर-कमलों द्वारा प्रदान किया गया।

# लाखो की लगत से बने कबीरधाम जिला के सेग्रीगेशन अस्सी प्रतिशत जर्जर

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com





**कचरा कलेक्शन रिक्शा कचरा में तब्दील**
गावो से कचरा इकट्ठा करने के लिए प्रत्येक गांव में रिक्शा की खरीदी किया गया है। जिले के एक भी ग्राम पंचायत में उक्त रिक्शा का उपयोग नहीं हो रहा है। कई ग्राम पंचायत में रिक्शा सेग्रीगेशन के अंदर खड़ी है तो कई सरपंच सचिव के घर के पास कंडम हालत में पड़ा हुआ है। रिक्शा खरीदी में भी भारी अनियमितता बरती गई है।

गांव को स्वच्छ सुंदर बनाने के लिए कबीरधाम जिले में 688 सेग्रिगेशन शेड निर्माण कार्य किया गया है, लेकिन ज्यादातर पंचायतों में निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद भी ग्रामीणों को सेग्रिगेशन शेड का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिले के नब्बे फीसदी सेग्रीगेशन खराब हो चुके है। कबीरधाम जिले के चारों विकासखंड बोड़ला-185, कवर्धा-139, पंडरिया-191, लोहारा-172 के विभिन्न गांवों में स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत सेग्रिगेशन शेड निर्माण तो हुआ है और निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद रंग रोगन के साथ प्लास्टिक हटाओ बीमारी भगाओ स्लोगन भी लिखें गए हैं लेकिन बिना उपयोग के खंडहर में तब्दील हो चुका हैं। अब यह सेग्रिगेशन शेड पूरी तरह से बदहाल हो चुका है। टीन शेड पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर गिरने लगें हैं। ऐसे में सेग्रिगेशन शेड ग्रामीणों के लिए मात्र शो पीस बनकर रह गए हैं। इन ग्राम पंचायतों में 4.38 लाख रुपए खर्च करने के बाद भी ग्रामीणों को स्वच्छ सुंदर गांव के ओर बढ़ते हुए नहीं दिख रहे हैं। शासन प्रशासन ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत लाखों रुपए खर्च कर सेग्रिगेशन शेड का निर्माण कराया। क्षेत्र के ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग किया है कि इस कार्य को जल्द पूरा शासन प्रशासन ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत लाखों रुपए खर्च कर सेग्रिगेशन शेड का निर्माण कराया। क्षेत्र के ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग किया है कि इस कार्य को जल्द पूरा किया जाए। ताकि इसका लाभ ग्रामीणों को मिल सके। इस ओर ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत व जिला पंचायत प्रशासन के जिम्मेदारों को ध्यान देने की जरूरत है। ताकि ग्राम पंचायत स्वच्छ सुंदर गांव बन सके।

# मानपुर वार्ड में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है दुर्गा उत्सव

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नगर बेमेतरा के वार्ड नंबर 2 मानपुर पारा में नवरात्र पर्व व पंडालों में विराजित दुर्गा उत्सव समिति आयोजकों के द्वारा हर्षोल्लास के साथ नवरात्र उत्सव मनाया जा रहा है साथ ही मां महामाया मंदिर में 32 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई है यहां प्रतिदिन अनेक महिला एवं पुरुष सेवा मंडली का आगमन हो रहा है जो श्रोताओं और दर्शक गणों को सेवा गीत गाकर एवं मांदर की धुन में मंत्र मुग्ध कर रहे हैं श्रद्धालु दर्शन के लिए उमड़ रहे हैं और यहां पहुंच कर अपनी सुख समृद्धि के लिए माता से मनोकामना आशीर्वाद मांग रहे हैं पंडाल में प्रतिदिन ग्राम बोड़तरा, मोहतरा, करचुवा, पिकरी एवं बेमेतरा की महिला एवं पुरुष जय महामाया सेवा मंडली द्वारा जसगीत की देर रात्रि तक प्रस्तुति दिया जा रहा है। समिति के संरक्षक एवं नगर पालिका के उपाध्यक्ष व पार्षद पंचू साहू, अनिल रजक, मोहन साहू, अशोक साहू, कोमल यादव बलराम साहू, धरमू वर्मा, तारण वर्मा, महेश सिन्हा, योगेश साहू, चंदू साहू, बनवाली साहू, मोती साहू, संजय साहू, नरेश साहू, उमाशंकर साहू, दौवा यादव, प्रियंक वर्मा, सतीश साहू, गोल्डन वर्मा मोहित, मनीराम साहू, देवकी साहू, लाली वर्मा, तारा साहू, बिसाहिन वर्मा, चितरेखा, संतोषी साहू, फुलिया यादव, त्रिवेणी साहू, उषा वर्मा, निशा साहू, हिरिया साहू, जामबाई वर्मा, दुलारी साहू सहित अनेक पदाधिकारी एवं सेवा जस गीत मंडली में सम्मिलित रहे।

# सण्डी के सिद्धि माता मंदिर परिसर एवं खम्हरिया (एम) में साइबर जन जागरूकता अभियान में श्रद्धालुओं को साइबर फ्राड से बचने के लिए किया गया जागरूक

## एएसपी बेमेतरा ज्योति सिंह के द्वारा साइबर अपराधो के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा कर किये आमजन को जागरूक

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस द्वारा पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार बेमेतरा जिले के समस्त थाना चौकी क्षेत्रांतर्गत 05.10.2024 से 19.10.2024 तक साइबर जन जागरूकता पखवाडा कार्यक्रम का आयोजन कर साइबर जागरूकता अभियान चलाया जाना है जिसके तहत पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में बेमेतरा जिले के प्रेस एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के बंधुओं की उपस्थिति में साइबर जन जागरूकता पखवाडा कार्यक्रम का शुभारंभ तथा साइबर जन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह के नेतृत्व में सायबर सेल बेमेतरा टीम एवं पुलिस चौकी देवरबीजा स्टाफ के द्वारा साइबर जन जागरूकता पखवाडा कार्यक्रम के दूसरे दिन थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा क्षेत्रांतर्गत पुलिस चौकी देवरबीजा क्षेत्र के ग्राम संण्डी के सिद्धी माता मंदिर परिसर एवं ग्राम खम्हरिया (एम) में साइबर जन जागरूकता का आयोजन कर साइबर जन जागरूकता रथ के बैनर, पोस्टर एवं पाम्पलेट के माध्यम से आस-पास के ग्रामीण अंचल से आये श्रद्धालुओं को साइबर फ्राड से बचने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह ने कहा कि बैंक/ एटीएम/ क्रेडिट/ अधार कार्ड संबंधित अपनी निजी जानकारी किसी अनजान व्यक्तियों से साझा ना करें। किसी भी प्रकार का ओटीपी शेयर ना करें। अनजान फोन द्वारा कोई घटना की जानकारी देकर पैसे की मांग करने पर तत्काल उस व्यक्ति /रिश्तेदारो से संपर्क कर वास्तविकता की जानकारी लें। किसी भी अनजान फोन काल पर विश्वास न करें। किसी भी अंजान व्यक्ति के वाट्सएप्प कॉल, वीडियो कॉल को अटेंड नहीं करना है, किसी भी प्रकार के ऑनलाईन लिंक पर क्लीक नहीं करना है। फेसबुक, वाट्सएप्प, इंस्टाग्राम, ट्वीटर, यूट्यूब एवं गुगल सर्च इंजन के माध्यम से होने वाले विभिन्न प्रकार की सायबर अपराध के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही साइबर फ्राड के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा किये। साइबर फ्रॉड होने पर हेल्पलाईन नंबर 1930 में कॉल करने या Nationl Cyber Crime Reporting Portal पर ऑनलाईन शिकायत दर्ज करने जगरूक किया गया। पुलिस चौकी देवरबीजा प्रभारी सउनि संतोष ध्रुर्वे एवं सायबर सेल बेमेतरा से प्रधान आरक्षक लोकेश सिंह, आरक्षक पंचराम घोरबंधे ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से होने वाले अपराधों से बचने के लिए हमेशा यह सुनिश्चित कर ले कि जो व्यक्ति फोन पर स्वयं को आपका पहचान वाला या कोई करीबी रिश्तेदार होना बता रहा है, वह वास्तव में वही व्यक्ति है या नहीं क्योंकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से अपराध करने वाले व्यक्ति हुबहु वैसे ही आवाज की नकल कर बात करते हैं।

# डॉ.गोकुल बंजारे को मानस मंथन सम्मान



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्राचीन बैकुंठ धाम मंदिर, बांधापार नेवैई, मरोदा स्टेशन में छत्तीसगढ़ स्तरीय रामधुनी महोत्सव प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि कौशिल्या साय धर्मपत्नी मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, अध्यक्षता ललीत चंद्राकर उपाध्यक्ष रा.ग्रामीण एवं अ.पि.वर्ग विकास प्रा.छ.ग. शासन रायपुर, विशिष्ट अतिथि विजय बघेल सांसद लोकसभा दुर्ग, राजमहंत डोमनलाल कोर्सेवाड़ा विधायक अहिवारा विधान सभा, गजेन्द्र यादव विधायक दुर्ग शहर, कार्यक्रम संयोजक पद्मश्री डॉ.राधेश्याम बारले सदस्य प्रदेश भाजपा कार्य समिति व अध्यक्ष राजूलाल नेताम आयोजन समिति एवं अध्यक्ष अ.ज.जा.मोर्चा भिलाई उपस्थित रहे, जिसमें बेमेतरा चंदनू वासी मानस मर्मज्ञ एवं शिक्षाविद डॉ.गोकुल बंजारे चंदन राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सेवा निवृत्त शिक्षक साहित्यकार कलाकार को जिन्होंने अपनी कला के माध्यम से अपने क्षेत्र राज्य व देश के नाम को गौरवान्वित किया है। अतिथियों के द्वारा मानस मंथन सम्मान अंतर्गत शाल श्रीफल अभिनंदन पत्र व शिल्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया, कार्यक्रम में पार्षद परमेश्वर देवदास, गोविन्द राम चतुर्वेदी, चंन्द्र प्रकाश सिंह, ममता नवीन सिन्हा, गजेन्द्री कोठरी, विनय नेताम, रेखा देवी, सोनिया देवांगन, ईश्वरीय साहू पार्षदगण व डॉ.उदय कुमार धाबर्डे, ध्रुव कुमार मार्कण्डेय, वाय अप्पल नायडू, लोक गायिका कविता वासनिक, डॉ.चुरामन सिंह साहू, मुन्ना लाल देवदास, होली राम डनसेना, शिक्षाविद् केशर दिक्षित, घनश्याम ठाकुर, राजमहंत सुधारण दास कौशल, कुंवर दास डहरिया, पंचराम साहू, ढालसिंह गुरुपंच सहित क्षेत्रवासी दर्शक जन उपस्थित रहे।

# 10 अक्टूबर तक दावा आपत्ति आमंत्रित

**कवर्धा।** कवर्धा, 05 अक्टूबर 2024। कृषि वर्ष 2024-25 मौसम खरीफके लिए किए गए गिरदावरी के आधार पर प्रत्येक भूमि के संबंध में राजस्व अभिलेख में अंकित भूमिस्वामी का नाम, भूमि का क्षेत्रफ्ल तथा उस पर ली जा रही फसल विवरण की जानकारी राजस्व विभाग के विभागीय वेबसाईट के माध्यम से ऑनलाईन उपलब्ध कराया गया है। यदि उक्त प्रविष्टियों के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 10 अक्टूबर 2024 तक संबंधित तहसील कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त दावा-आपत्ति का निराकरण 15 अक्टूबर 2024 तक करते हुए खसरा पांचसाला तथा सॉफ्टवेयर में 20 अक्टूबर 2024 तक अंतिम प्रविष्टि की जाएगी।

# स्व. ठाकुर महाराज सिंह शासकीय महाविद्यालय थानखमरिया जिला बेमेतरा में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ थानखम्हरिया
www.dailypioneer.com



भारत के इतिहास और समाज में जनजातीय समुदायों के ऐतिहासिक, सामाजिक, और आध्यात्मिक योगदान की चर्चा और सम्मान में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्व. ठाकुर महाराज सिंह शासकीय महाविद्यालय थानख़मरिया जिला बेमेतरा में आयोजित हुआ, जिसका मुख्य उददेश्य जनजातीय समुदायों के गौरवशाली इतिहास को सम्मानित करना और उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को समाज के सामने लाना था। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्रों ने भाग लिया और अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता का विषय था- जनजातीय समुदायों का ऐतिहासिक, सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान। प्रतिभागियों ने अपने भाषणों में जनजातीय नायकों की कहानियों, उनकी संस्कृति, परंपराओं, स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका और उनके आध्यात्मिक मूल्यों पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता के निर्णायकों ने ओमप्रकाश मरकाम (सहायक प्राध्यापक) तोरनलाल साहु सहायक प्राध्यापक ने छात्रों के विचारों की सराहना करते हुए कहा कि जनजातीय समाज ने भारतीय समाज के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके संघर्ष, अदम्य साहस और सांस्कृतिक धरोहर को जानना और उसे भविष्य की पीढ़ियों तक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। प्रतियोगिता जनजातीय गौरव दिवस के महत्व को उजागर करने और समाज के विभिन्न वर्गों में जागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित करेगी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक और अधिकारियों एवं कर्मचारियों की गरिमामय उपस्थिति रहीं।

# मुझे यहां से ले जाओ, इतना कहकर फोन कटा, और 7 माह बीत जाने के बाद भी नही पहुचा घर

## पिता ने गृहमंत्री से लगाई गुहार, और तमिलनाडु के कोयम्बटूर थाने में परिजनों ने लिखाई मिसिंग रिपोर्ट





पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

7 माह पहले तमिलनाडु के कोयम्बटूर में ईशा फाउंडेशन में गए 32 वर्षीय युवक आज तलक अपने घर नही पहुंच पाया है। गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने और बेटे की तलाश करने पिता ने गृहमंत्री को पत्र लिख गुहार लगाई है। गुम मगेश्वर के बड़े भाई विशाल ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि आखिरी बार किसी सीआईएसएफ के अधिकारी के नम्बर से बात हुआ था, की मुझे यहाँ से तत्काल ले जाओ, मैं नही आ पाऊंगा और फोन कट हो गया। तत्काल फ्लाइट की टिकट सम्भव नहीं थी, तो बहन और दामाद को ट्रेन से रवाना किये। जिसके बाद कोई अता-पता नही चला, ईशा फाउंडेशन में भी पता किये तो वो कोई जवाब नही दे रहे है। तो कोयम्बटूर में मिसिंग रिपोर्ट दर्ज कराए। इस पूरे घटनाक्रम में परिजनों ने ईशा फाउंडेशन पर उनके बेटे को बंधक बनाए जाने का गंभीर आरोप लगाया है। आपको बता दें कि कुछ दिनों पहले ईशा फाउंडेशन द्वारा दो बेटियों को बंधक बनाए जाने के मामला उच्चतम न्यायालय पहुंचा था। वहीं बालोद थाना प्रभारी रविशंकर पांडे ने बताया कि गुम हुआ लड़का सत्संग के नाम से निकला था, बालोद पुलिस की टीम कोयम्बटूर गई थी, नवरात्र के बाद फिर से टीम भेज कार्यवाही कि जायेगी।

### ईशा फाउंडेशन के विवादों से है नाता

उल्लेखनीय हो कि अभी 4 अक्टूबर 2024 को उच्चतम न्यायालय ने ईशा फाउंडेशन में दो महिलाओं को कथित तौर पर अवैध रूप से बंधक बनाकर रखने के मामले की पुलिस जांच पर प्रभावी ढंग से रोक लगा दी है। उच्चतम न्यायालय ने उस व्यक्ति द्वारा उच्च न्यायालय में दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को सर्वोच्च न्यायालय में स्थानांतरण कर दिया। जिसने आरोप लगाया था कि उसकी दो बेटियों को ईशा फाउंडेशन के परिसर में बंधक बनाकर रखा गया है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने तमिलनाडु पुलिस को निर्देश दिया है कि वह मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश के अनुपालन में आगे कार्रवाई न करें। जिसमें पुलिस से आश्रम में दो महिलाओं को कथित तौर पर अवैध रूप से बंधक बनाकर रखने संबंधी मामले की जांच करने को कहा गया था। बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका किसी लापता व्यक्ति या अवैध रूप से हिरासत में लिए गए व्यक्ति को न्यायालय के समक्ष पेश करने के निर्देश देने का अनुरोध करते हुए दायर की जाती है।

### पिता के द्वारा गृहमंत्री को लिखा गया पत्र

बालोद थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम टेकापार निवासी 65 वर्षीय रामचन्द ठाकुर पिता स्व. चैतू राम ठाकुर ने गृहमंत्री विजय शर्मा को लिखे अपने पत्र में लिखा है कि वे छत्तीसगढ पुलिस परिवार से है। मेरा 32 वर्षीय पुत्र मगेश्वर ठाकुर, जो घर से 27 फरवरी 2024 को कोयम्बटूर के ईशा फाउण्डेशन में 8 मार्च 2024 को होने वाले महाशिवरात्रि में शामिल होने जा रहा हूं, बताकर निकला था। वहां पहुंचकर ईशा फाउण्डेशन में रहा। 11 मार्च 2024 को रात लगभग 10 से 11 बजे के बीच मोबाईल नंबर 7200727081 एवं 9689917721 से मेरी पुत्री केशरी ठाकुर से घर जाने के संबंध में बात हुआ। फिर 12 मार्च 2024 को भी मेरे पुत्र के मोबाईल नंबर 7879103321 से दिन के लगभग साढ़े 12 बजे कोयम्बटूर रेल्वे स्टेशन से रेल्वे टिकट एवं घर आने के संबंध में बात हुआ। इसी दिन शाम लगभग 5 बजे को किसी यात्री जिनका मोबाईल नंबर 8579959734 से मेरे बड़े पुत्र विशाल ठाकुर से मोबाईल चोरी हो जाने के संबंध में बात हुआ। इस दिन मेरा पुत्र कोयम्बटूर से ट्रेन नही बैठा एवं 13 मार्च 2024 को सुबह 7 बजकर 6 मिनट में मेरे खाता कमांक- 10100869643 से 1 हजार रूपये कोयम्बटूर के एटीएम से निकालने के बाद, मेरा पुत्र का मोबाईल नंबर 9014097568 से लगभग 7 से 8 बजे घर आने के संबंध में बात हुआ है। उसके बाद से अन्य किसी नंबर से मेरे पुत्र मगेश्वर ठाकुर का फोन नही आया है। जिसके बाद मेरे पुत्र को ढूंढने के लिए मेरी छोटी लड़की केशरी ठाकुर उनके साथ में होने वाला दामाद 13 मार्च 2024 को कोयम्बटूर गए। लड़की और दामाद ने 15 मार्च को कोयम्बटूर रेल्वे स्टेशन पहुंचकर, आसपास रेल्वे पुलिस फोर्स, जनरल रेल्वे पुलिस, एवं थानों जाकर आसपास के जगहों को बहुत पता-तलाश किये, साथ ही 20 मार्च को कोयम्बटूर थाने में भी शिकायत दर्ज कराई। किंतु आज तलक उनके बेटे का अता पता नही चल पाया है। पिता रामचंद्र ने गृहमंत्री से बेटे को ढूंढने और गुम ही जाने की रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार लगाई है।

# भालेराय मैदान में होगा रावण व कुंभकर्ण और मेघनाथ का पुतला दहन, यातायात व्यवस्था पुख्ता प्रबंध करने की जा रही तैयारी

पायनियर संवाददाता ◄ चांपा
www.dailypioneer.com






इस बार चांपा में दशहरा महोत्सव भालेराय मैदान में 12 अक्टूबर 2024 शनिवार को रावण का 40 फीट का पुतला दहन किया जाएगा। साथ ही कुंभकर्ण 30 फीट और मेघनाथ 25 फीट का भी दहन होगा यह जानकारी प्रेसवार्ता दौरान आयोजन समिति ने दी। इस बार दशहरा महोत्सव को भव्यता बनाने नगर के युवा जुट गए है।चांपा का दशहरा महोत्सव शाम 5 बजे से प्रारंभ होकर 3:30 घंटे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच रावण वध तक जारी रहेगा।रात 8:30 बजे आकर्षक आतिशबाजी के बीच पुतलों का दहन किया जाएगा।रावण पुतला के निर्माण में पिछले एक सप्ताह से शहर के दर्जनों कारीगर काम कर रहे हैं।रावण पुतला दहन का कार्यक्रम के कलेक्टर मुख्य अतिथि एवं अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक जिला जांजगीर चांपा एवं निर्वाचित स्थानीय जनप्रतिनिधि व समाजसेवी होंगे। इसके अलावा हजारों लोगों की भीड़ रावण दहन का हिस्सा बनेगी। सुरक्षा कारणों से पुलिस बल की भी तैनाती की मांग की गई है। कार्यक्रम स्थल के प्रमुख मार्गों पर सुरक्षा के साथ बैठक चांपा के इंडोर हाल में आहुत किया गया था जिसमें सैकड़ों की संख्या में सदस्य अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर अपने विचार रख मार्गदर्शन प्रदान किये।चांपा दशहरा उत्सव आयोजन समिति ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

**यातायात व्यवस्था पुख्ता प्रबंध करने की जा रही तैयारी**-हमेशा दशहरा रावण दहन कार्यक्रम के दौरान यातायात व्यवस्था चरमराई रहती है घंटो इंतजार और मशक्कत के बाद बड़ी मुश्किल लोग कार्यक्रम स्थल आना जाना कर पाते हैं इसके लिए आयोजन समिति ने यातायात व्यवस्था को प्रशासन के कुशल मार्गदर्शन में व्यवस्थित करने का प्रयास किया जा रहा है।यातायात व्यवस्था कार्यक्रम दौरान वन वे रहेगा जिसकी सम्पूर्ण रूपरेखा आयोजन समिति द्वारा कर ली गई है। विजयादशमी रावण दहन कार्यक्रम में ये रहेंगे मुख्य आकर्षण का केंद्र-रावण, कुंभकरण,व मेंघनाथ के पुतले को आधुनिक तरीके से दहन कराये जाने का निर्णय लिया गया है।जबलपुर की मशहूर माई की जगराता गायिका जिया खान, बाली ठाकरे जिनका मशहूर गाना है। (आज है जगराता माई का,हे भईया जी जरा ताली बजा लेना) द्वारा चांपा दशहरा महोत्सव की समां बांधेगी। जबकि पूरे कार्यक्रम का सीधा प्रसारण फेसबुक एवं यूट्यूब के माध्यम से नगरवासी घर बैठे देख सकते हैं। आकर्षक मंच सजाः लाईटिंग, लाइनेरे साऊंड, पैरो साट फायरिंग फाग एवं रंग बिरंगा होगा।

**जूनियर फिल्मी कलाकारों की झलकीयां**-कार्यक्रम में 1अजय देवगन 2 गोविंदा 3 सलमान खान, राम रावण लाइव युद्ध 40 फुट उपर रथ में सवार होकर 40 दान दाता सहयोगीयों का आकर्षक स्वागत एवं विशेष बैठक व्यवस्था रावण दहन पूर्व शस्त्र पुजन एवं प्रसाद स्वरूप अतिथियों को शस्त्र भेंट। संपूर्ण कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट सीटी केबल से युट् यूब चैनल से फेसबुक चैनल नगर के विभिन्न स्थान पर एलईडी टीवी स्क्रीन द्वारा प्रदर्श विशेष सुरक्षा व्यवस्था के वालियंटरों के सुविधा के साथ साथ लिए बाऊंसर की व्यवस्था किया जा रहा है।

# अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शक्ति शाखा की अनुकरणीय पहल



■ नवरात्रि पर्व पर सरकारी अस्पताल में जन्मी कन्याओं का किया पूजन कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की शक्ति शाखा ने वर्तमान में चल रहे मां जगदंबे भवानी के नवरात्रि के पावन पर्व पर चतुर्थ दिवस 6 अक्टूबर को शक्ति शहर के जिला चिकित्सालय में पहुंचकर वहां प्रसूति कक्ष में जन्मी नव कन्याओं का पूजन कार्यक्रम किया तथा इस दौरान नव कन्याओं के परिवार जनों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह माता रानी की कृपा है की लक्ष्मी स्वरूपा पुत्री रत्न की प्राप्ति आपको हुई है, एवं हमारी संस्था की ओर से हम आपको बहुत-बहुत बधाई देते हैं। इस अवसर पर अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शक्ति शाखा की अध्यक्ष श्रीमती सुमन विकास अग्रवाल के नेतृत्व में पहुंचे सदस्यों ने वहां उपस्थित सभी ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों एवं प्रसूता महिलाओं को भी स्वच्छता को लेकर जागरूक किया, साथ ही बताया कि हमें स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए एवं स्वच्छता से ही हमारा स्वास्थ्य एवं हमारा पर्यावरण भी संरक्षित रहता है, इस दौरान अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के सदस्यों ने जिला चिकित्सालय में भर्ती प्रसूता महिलाओं के स्वास्थ्य की भी जानकारी लेते हुए वहां उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों से भी अस्पताल की अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी चर्चा की, साथ ही बताया कि अस्पताल में हम सभी निरंतर समय-समय पर स्वच्छता का कार्यक्रम चलाकर लोगों को जागरुक कर रहे हैं,तथा सभी के सहयोग से हमारे अस्पताल भी सदैव साफ सुथरे रहेंगे।

वहीं इस अवसर पर प्रमुख रूप से अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की शक्ति शाखा की अध्यक्ष सुमन विकास अग्रवाल, सह प्रांतीय पर्यावरण प्रमुख उषा अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, संगीता केडिया, सारिका अग्रवाल, रितु अग्रवाल, एवं राखी अग्रवाल सहित काफी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

# रायगढ़ के मुख्य मार्केट में साइबर सेल ने आयोजित किया साइबर जागरूकता कार्यक्रम

■ डीएसपी अभिनव उपाध्याय ने दी साइबर सुरक्षा की अहम जानकारियां

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस मुख्यालय के दिशा निर्देशों के अनुरूप पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर जिले में साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा, 5 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक चलाया जाना है जिसका कल विधिवत्त शुभारंभ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ द्वारा किया गया। जागरूकता पखवाड़े के दूसरे दिन आज शाम रायगढ़ के गैलेक्सी मॉल के सामने ओपन एरिया में साइबर सेल की टीम द्वारा साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डीएसपी साइबर सेल, अभिनव उपाध्याय ने प्रोजेक्टर के माध्यम से उपस्थित महिलाओं को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया और उनसे बचने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान डीएसपी उपाध्याय ने बताया कि साइबर अपराधी लगातार नए तरीकों से लोगों को ठगने की कोशिश कर रहे हैं। एक समय था जब ओटीपी से ठगी की शिकायतें ज्यादा आती थीं, लेकिन अब डिजिटल अरेस्ट, सेक्सटॉर्शन और शेयर मार्केट ट्रेडिंग जैसे जटिल तरीकों से अपराधी लोगों को जाल में फंसा रहे हैं। खासकर पढ़े-लिखे लोग इन धोखाधड़ियों का शिकार बन रहे हैं। उन्होंने महिलाओं को फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसी सोशल मीडिया प्रोफाइल्स की सुरक्षा के लिए प्राइवेसी सेटिंग्स को ऑन करने और टू-स्टेप वेरिफिकेशन का उपयोग करने की सलाह दी। मौके पर टू-स्टेप वेरिफिकेशन का डेमो भी दिया गया।

**महिला संबंधी साइबर अपराध व बचाव के उपाय**-साइबर सेल के प्रधान आरक्षक दुर्गेश सिंह और राजेश पटेल ने भी विस्तार से बताया कि अनजान व्यक्तियों को बैंक से संबंधित जानकारी, जैसे एटीएम पिन, सीवीसी नंबर, ओटीपी या पासवर्ड कभी साझा न करें। फेसबुक पर किसी मित्र द्वारा पैसों की मांग करने पर जल्दबाजी न करें ।

# एनटीपीसी लारा में अभा हास्य कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

## देश के विभिन्न हिस्सों से प्रसिद्ध कवियों ने लिया भाग

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com




एनटीपीसी लारा में 5 अक्टूबर को अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। हिंदी साहित्य के प्रसिद्ध कवि और कवयित्रियों ने हिंदी कविता के विभिन्न रूपों यानी हंसी, प्यार और रोमांस, साहस, क्रोध, घृणा, दुख आदि पर अपनी रचनाएँ प्रस्तुत कीं। आरंभ में एनटीपीसी लारा के कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार ने कवियों का स्वागत किया और हिंदी साहित्य की समृद्ध विरासत का संक्षिप्त विवरण दिया। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से प्रसिद्ध कवियों ने भाग लिया। रायपुर से पद्मश्री पुरस्कार विजेता सुरेंद्र दुबे, प्रयागराज से श्रीमती बंदना शुक्ला, जयपुर से डीसी शर्मा, मुरादाबाद से डॉ. प्रवीण राही और सिंगरौली, उत्तर प्रदेश से योगेंद्र मिश्रा ने हिंदी साहित्य और चुटकुलों पर अपनी कविता से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर लारा के कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार ने भी अपनी कविता प्रस्तुत की, जिसकी पेशेवर कवि समूह ने खूब प्रशंसा की। एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट के रूप में एनटीपीसी लारा हिंदी साहित्य के विकास में योगदान दे रही है। 14 से 28 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया था, इसके अंतर्गत कई कर्मचारियो, महिलाओं एवं बच्चों के लिए अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

# आमादरहा चेक डेम में डूबे मछवारे का शव तीसरे दिन मिला

## मछली मारने के दौरान पैर फिसलने से हुई थी घटना

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले की धरमजयगढ़ क्षेत्र के ग्राम आमदरहा के चेक डेम में डूबे मछवारे की लाश तीसरे दिन मिल गई है। यह मछवारा 4 अक्टूबर की दोपहर मांड नदी में बने चेक डेम पर अपने साथी के साथ मछली मारने के लिये जाल फेंक रहा था उसी दौरान खुद का पैर फिसला और वह गहरे पानी में डूब गया था। रेस्क्यू टीम दो दिनों तक ग्रामीण की खोजबीन कर रही थी इसी बीच आज मृतक का शव नदी किनारे मिला है। धरमजयगढ़ पुलिस ने गोताखोरों की मदद से इस मछुवारे का शव जब निकाला तब वह अपने ही जाल में फंसा हुआ था, ऐसा लगता है कि वह अपने ही मछली के जाल में फंसकर डूबता चला गया था। 47 वर्षीय संजय यादव धरमजयगढ़ के जेलपारा का रहने वाला था और चेक डेम में डूबने के बाद तीन दिन की तलाशी करने के बाद आज तड़के दो बजे पानी में बहकर दो किलोमीटर दूर किनारे पड़ा हुआ मिला। धरमजयगढ़ पुलिस ने मर्ग कायम करके इसकी सूचना उसके परिजनों को दे दी है।

# केवड़ाबाडी के कन्हैया भोजनालय में पुलिस की दबिश, 41 पाव देशी व अंग्रेजी शराब जब्त



पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

कोतवाली पुलिस द्वारा कल अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि केवड़ाबाड़ी बस स्टैण्ड स्थित कन्हैया भोजनालय में संचालक संजय गुप्ता अवैध रूप से देशी एवं अंग्रेजी शराब की बिक्री कर रहा है। प्राप्त सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए कोतवाली पुलिस की टीम ने मौके पर छापा मारा। पुलिस द्वारा मौके पर भोजनालय की तलाशी लेने पर, काउंटर के नीचे एक प्लास्टिक बोरी में रखी गई कुल 41 पाव शराब बरामद की गई। इसमें 37 पाव सीलबंद रोमियो देशी मदिरा प्लेन, शोले मसाला देशी मदिरा और 4 पाव सीलबंद मेकडायल नंबर-1 व्हिस्की अंग्रेजी शराब शामिल थी। साथ ही आरोपी संजय गुप्ता से 220 की शराब बिक्री की रकम भी बरामद की गई। आरोपी संजय गुप्ता, उम्र 47 वर्ष, निवासी रेलवे बंगला पारा, रायगढ़ के खिलाफ अवैध शराब की बिक्री करने के आरोप में अपराध दर्ज कर लिया गया है। इस मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) एवं 59 (क) आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीकृत किया गया है।

# रजत जयंती की ऐतिहासिक अलौकिक यात्रा- शक्ति से निकली चंद्रपुर की पदयात्रा में हजारों यात्री हुए शामिल



पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

चंद्रपुर पदयात्रा सेवा समिति द्वारा 6 अक्टूबर को शहर के श्री राधाकृष्ण मंदिर से मां चंद्रहासिनी देवी की 25वीं पदयात्रा निकाली गई, इस यात्रा की शुभारंभ जहां रथ पर शक्ति के प्रसिद्ध माँ महामाई दाई मंदिर के प्रतीकात्मक स्वरूप में मां चंद्रहासिनी देवी को विराजमान कर उसकी पूजा अर्चना की गई तो वहीं राधाकृष्ण मंदिर से प्रारंभ हुई यात्रा बैंड बाजे के साथ यह यात्रा पैदल महामाई दाई मंदिर पहुंची, जहां 51दीपो की पूजा अर्चना के साथ ही महा भोग का प्रसाद लगाया गया एवं महामाई दाई की पूजा अर्चना कर पैदल पदयात्रा हाथों में झंडा लेकर जय माता दी के श्री घोष के साथ निकल पड़ी,शक्ति से इस यात्रा के निकलने पर सोंठी, टेमर, अड़भार, भद्री चौक, धुरकोट,बघोद, अमलड़िहा, सहित पूरे यात्रा मार्ग में जगह-जगह स्वागत किया गया तो वही इस यात्रा में महिला, पुरुष, बच्चे सभी शामिल थे, चंद्रपुर पदयात्रा सेवा समिति के भी पदाधिकारी सदस्यों द्वारा पूरे यात्रा मार्ग में रोशनी की व्यवस्था एवं पैदल पद यात्रियों के लिए सुरक्षात्मक उपाय किए गए थे, साथ ही जगह-जगह भंडारा प्रसाद एवं स्वल्पाहार तथा शरबत का भी आयोजन किया गया था अमलडीहा पहुंचने पर जहां वहां के अग्रवाल समाज बंधुओ ने आगंतुक यात्रियों का जोरदार स्वागत करते हुए नाश्ते की व्यवस्था की तो वहीं चंद्रपुर पैदल यात्रियों को बैठाकर उनका सम्मान भी किया गया, शक्ति शहर में 6 अक्टूबर को निकली चंद्रपुर की पैदल पदयात्रा अपने आप में एक ऐतिहासिक रही तथा सुप्रसिद्ध पंडित भोलाशंकर तिवारी ने पूजा अर्चना की तो वहीं सभी पैदल पद यात्री 7 अक्टूबर की सुबह मां चंद्रहासिनी देवी की नगरी चंद्रपुर में देवी माता के दरबार में पहुंचकर दर्शन करेंगे तथा वहां से वापस लौटेंगे सभी पैदल यात्रियों के लिए चंद्रपुर के अग्रसेन भवन में आवास एवं भोजन की भी व्यवस्था की गई है।

# अग्रवाल सभा एवं अग्रसेन जयंती समारोह समिति शक्ति ने किया पवन अग्रवाल का सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



अग्रवाल सभा शक्ति के मार्गदर्शन में श्री अग्रसेन जयंती समारोह समिति 2024 के द्वारा जयंती के मुख्य समारोह के विशिष्ट अतिथि पवन अग्रवाल बिलासपुर के कार्यक्रम में ना पहुंच पाने के कारण 6 अक्टूबर को उनके निवास बिलासपुर पहुंचकर उन्हें विशिष्ट अतिथि का सम्मान प्रेषित किया, साथ ही उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया, इस दौरान अग्रवाल सभा शक्ति के अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल, सचिव कन्हैया गोयल, श्री अग्रसेन जयंती समारोह समिति के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल राजू,सचिव मनीष कथुरिया एवं राहुल अग्रवाल प्रमुख रूप से मौजूद थे, इस दौरान अग्रवाल सभा अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने शक्ति के अग्रसेन जयंती के मुख्य समारोह एवं शोभा यात्रा के संबंध में भी कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पवन अग्रवाल को अवगत कराया, साथ ही उनसे शक्ति में प्रस्तावित अग्रवाल समाज के कन्या भवन को लेकर भी अनौपचारिक चर्चा की, जिस पर पवन अग्रवाल ने भी कहा की शक्ति में अग्रवाल समाज का कन्या भवन बनना चाहिए तथा इसके लिए सभी संयुक्त रूप से प्रयास करें,वही अग्रवाल सभा शक्ति ने बिलासपुर शहर में पवन अग्रवाल द्वारा अपने पूज्य पिता स्वर्गीय श्री सेदुराम अग्रवाल जी की स्मृति में अग्रवाल समाज बिलासपुर को दी गई अग्रसेन भवन निर्माण हेतु 5 एकड़ भूमि के लिए भी उनका साधुवाद ज्ञापित किया, तथा कहा कि आज महाराजा अग्रसेन जी ने जो दानवीरता, सेवा एवं धर्मशालाओं के निर्माण का जो कार्य किया, उसे निश्चित रूप से आप भी उन आदर्शों को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ रहे हैं,तथा हम सभी भगवान अग्रसेन जी से कामना करते हैं कि आपको ऐसे दान,धर्म के काम करने की और अधिक शक्ति प्रदान करें,ज्ञात हो की पवन अग्रवाल द्वारा राजस्थान के खाटू धाम में भी छत्तीसगढ़ भवन का निर्माण सर्व सहयोग से किया है, तथा यह छत्तीसगढ़ भवन अपने आप में सुविधाओं के मामले में काफी भव्य है।

## कपिस्दा मे सालों से संचालित हो रहा कर्ष डॉक्टर अवैध क्लिनिक जिम्मेदार अधिकारीयों को बडी घटना का इंतजार

# मेडिकल की आड़ में मरीजों की जान से खिलवाड़ कर डॉक्टर भर रहा अपनी जेब

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

बम्हनीडीह विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत कपिस्दा मे वर्षो से कर्ष डॉक्टर मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहे है वही जिम्मेदार स्वास्थ्य विभाग इनको खुला संरक्षण देने मे लगा हुआ है कर्ष डाक्टर के द्वारा मरीजों के जीवन के साथ यहां खिलवाड़ किया जा रहा है. जिले में इसी वजह कई लोगो का झोलाछाप डॉक्टरों के इलाज के चलते मौतें हो रही हैं. झोलाछाप डॉक्टर बिना किसी डिग्री-डिप्लोमा के उपचार कर रहे अपनी जेबे भर रहे हैं वही जिम्मेदार स्वास्थ्य विभाग इनके अवैध कारोबार पर रोक लगाने मे नाकाम साबित हो रहा है मिली जानकारी के अनुसार कपिस्दा मे कर्ष झोलाछाप डॉक्टर अपनी दुकान दारी खुले आम मेडिकल स्टोर की आड़ लेकर चला कर लोगो की जान से प्रेक्टिस कर रहै है।



### कार्यवाही के बाद भी नही सुधरा झोलाछाप डॉक्टर जगह बदल कर खोल दी अवैध क्लिनिक

आप को बता दे की कपिस्दा के झोलाछाप डॉक्टर कर्ष के द्वारा बिना नर्सिंग होम एक्ट के नियम का पालन किये बिना था स्वास्थ्य विभाग के अनमति के अवैध तरीके से लंबे समय से क्लिनिक का संचालन किया जा रहा था इसकी सिकायत के बाद झोलाछाप डॉक्टर कर्ष के क्लिनिक को स्वास्थ्य विभाग ने सील कर दिया था और लोगो का इलाज करने से मना किया था पर झोलाछाप डॉक्टर कर्ष ने पुन्ह अवैध तरीके से क्लिनिक खोल कर लोगो का इलाज कर रहा है और लोगो की जान से खिलवाड़ करने कोई कसर नही छोड रहा है बताया जा रहा है ।

### नब्ज टटोलकर करते है झोलाछाप डॉक्टर इलाज

बार-बार बदल रहे मौसम चलते क्षेत्र में कई प्रकार की बीमारियां पनप रही हैं और झोलाछाप डॉक्टर अभी से सक्रिय हो गए हैं जो नब्ज टटोलकर लोगों को टेबलेट, इंजेक्शन दे रहे हैं। इसके एवज में मोटी रकम वसूलकर अपनी जेबे भरने में लगे हुए हैं। छोटी बीमारी हो या बड़ी सभी एक जैसी दवाएं देते हैं, जिस कारण लोगों की हालत और भी बिगड़ जाती है, फिर सीधे बड़े अस्पताल का रूख करते है, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। फिर भी जिम्मेदार अधिकारी ऐसे झोलाछाप डॉक्टरों के विरूद्ध कार्यवाही करने में असक्षम दिख रहे हैं। बताता जा रहा है कि कर्ष डाक्टर के इलाज से कई लोगों की जान तक जाने की बात सामने आ चुकी है पर झोलाछाप डॉक्टर कर्ष सुधरने का नाम नहीं ले रहा है और मेडिकल की आड़ में अपना अवैध क्लिनिक का संचालन कपिस्दा में अपने घर में कर रहा है।

# धरमजयगढ़ क्षेत्र में हुआ कस्तूरी बिलाव का सुरक्षित रेस्क्यू

## अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में जंगल में छोड़ा गया

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



धरमजयगढ़ क्षेत्र वैसे तो खास कर हाथियों के नाम से जाना जाता है लेकिन वहीं बीते कल एक कस्तूरी बिलाव की रेस्क्यूँ ने लोगों को एक पल के लिए चैका दिया जब जानकारी मिली कि वन विभाग द्वारा खड्डे में गिरे सुनहरे कस्तूरी बिलाव का सुरक्षित रेस्क्यूँ किया गया है।जानकारी मुताबिक धरमजयगढ़ रेंज के मेंढरमार गांव किनारे राइस मिल के पीछे खोदे गए एक खड्डे में एक जानवर के गिरने की खबर मिली जिसकी पहचान कस्तूरी बिलाव के रूप में गई जिसका सुरक्षित रेस्क्यूँ किया गया है। धरमजयगढ़ वनक्षेत्र में कहा जा सकता है बिल्ली प्रजाति का यह जानवर बहुत कम कभी कभार देखने को मिलता है ऐसे में क्षेत्र में हुए कस्तूरी बिलाव का रेस्क्यूँ कहीं न कहीं लोगों के लिए रौचक का विषय जरूर बन गया है हालांकि वनमण्डल धरमजयगढ़ एसडीओ बाल गोविंद साहू के नेतृत्व में उक्त रेस्क्यूँ को सफल अंजाम दिया गया है।

# बालको ने समुदाय में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छता ही सेवा का चलाया अभियान

पायनियर संवाददाता ∢ बालकोनगर
www.dailypioneer.com




वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने स्वच्छता दिवस के अवसर पर समुदाय में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये, जिसका उद्देश्य समुदाय में स्वच्छता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को बढ़ावा देना था। कंपनी ने स्वच्छता अभियान से लगभग 2800 सामुदायिक सदस्यों को जागरूकता संदेश देने का कार्य किया।

भारत सरकार के 'स्वच्छता ही सेवा 2024' मिशन के अनुरूप कंपनी ने समुदाय में स्वच्छता जागरूकता के अंतर्गत अपशिष्ट प्रबंधन और स्रोत पृथक्करण पर सामुदायिक-आधारित संगठनों के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए। प्रशिक्षण में 90 से अधिक सदस्यों और जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इसके साथ ही कंपनी के पर्यावरण टीम के सहयोग से समुदाय में स्वच्छता वार्ता का आयोजन जिसमें स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं को सर्वोत्तम पर्यावरण प्रथाओं के प्रति जागरूक किया गया।

जागरूकता को बढ़ावा देते हुए स्वच्छ भारत थीम पर स्थानीय कारीगरों तथा प्रशिक्षित किशोर लीडर ने कठपुतली शो तथा नुक्कड़ नाटक का मंचन कर स्वच्छता के महत्व और समुदाय को प्रोत्साहित करने का काम किया। नगर निगम के साथ मिलकर कंपनी ने मेगा स्वच्छता अभियान चलाया जिसमें 200 से अधिक कर्मचारी स्वयंसेवक और समुदाय के सदस्य ने सार्वजनिक पार्क को साफकिया। सफाई के साथ स्वच्छता शपथ ली तथा सामुदायिक एकजुटता का प्रदर्शन किया।

युवाओं मे स्वच्छता समझ विकसित करने के लिए कंपनी ने 21 सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों में 'स्वच्छता वार्ता' आयोजित किये। वार्ता में शामिल 1042 छात्रों को सामुदायिक स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ 3आर, रिड्यूस (कम करना), रीयूज़ (पुनः उपयोग करना) और रिसाइकिल (पुनर्चक्रण करना) के महत्व को बताया गया। छात्रों ने कचरे से आय मॉडल और पोस्टर बनाकर कार्यक्रम में भाग लिया। छात्रों और शिक्षकों ने अपने आस-पास की सफाई बनाए रखने के लिए 'स्वच्छता शपथ' ली।

# बलदेव फर्नीचर में दिवाली धमाका ऑफर



पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

गुरुनानक चौक एवं जनकबाड़ा स्थित बलदेव फर्नीचर 44 वर्षो से आपके घर, ऑफिस के फर्नीचर की शोभा बड़ा रहा है। इस त्योहार दिवाली तक धमाका ऑफर ला रहा है। जिसमे 1.25 लाख से अधिक की खरीदी पर एक कूलर, 70,000 से अधिक की खरीदी पर कैबिन सूटकेस, 40,000 से अधिक की खरीदी पर बैगपैक फ्री दिया जा रहा है। संस्था के संचालक स.लखविंदर सिंह ने बताया कि हम इसके अलावा ग्राहकों की आवश्कता अनुसार कस्टमाइज फर्नीचर भी बनाते हैं। ग्राहकों को चुनींदा आयटम पर 50% तक डिस्काउंट दिया जा रहा है। ग्राहकों का अच्छा प्रतिसार मिल रहा है। हम हर वर्ष ग्राहकों के अनुरूप नए नए फर्नीचर उपलब्ध कराते हैं। हमारे यहां बैडरूम सेट, डायनिंग टेबल, सोफा सेट, अलमारी, आउटडोर फर्नीचर, मंदिर, आकर्षण झूले, ऑफिस टेबल, सेंटर टेबल, रेकलाइनर। ब्रांड में गोदरेज के सेफ, नीलकमल, पूजा, किसान के मोल्डेड फर्नीचर, ईजी की रिवॉल्विंग चेयर, इटालिका के फर्नीचर नए मॉडल डिजाइन उपलब्ध हैं।

# छत्तीसगढ़ साहू संघ आई. टी. प्रकोष्ठ का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ∢ लवन
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के आई. टी प्रकोष्ठ के नवनियुक्त पदाधिकारी का शपथ ग्रहण समारोह माँ कर्मा धाम कृष्ण नगर रायपुर में रखा गया। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन उपमुख्यमंत्री अरुण साव, पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू अध्यक्षता छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू, विशिष्ट अतिथि विधायक मोतीलाल साहू, साहू समाज युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष व कसडोल विधायक संदीप साहू, राजिम विधायक रोहित साहू बेमेतरा विधायक दीपेश साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अरुण साव ने कहा कि बड़ी खुशी की बात है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ आईटी प्रकोष्ठ का गठन किया गया। समाज द्वारा किए गए विभिन्न कार्यो को सोशल मीडिया आईटी प्रकोष्ठ के माध्यम से समाज को और मजबूती प्रदान होगी। पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि मुझे विश्वास है कि आप सभी अपने-अपने दिए गए दायित्व को निस्वार्थ भाव से पूरा करेंगे और समाज को और आगे बढ़ाने में अपना अहम योगदान देंगे। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष टहल सिंह साहू ने कहा साहू समाज द्वारा विभिन्न प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। बारी-बारी सभी प्रकोष्ठों के संयोजकों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किए जा रहे हैं। आईटी प्रकोष्ठ के नवनियुक्त पदाधिकारी ने शपथ ली है आईटी प्रकोष्ठ समाज को और एकजुटता में अपना योगदान देंगे। आप सभी युवा हैं मुझे उम्मीद है अपने प्रकोष्ठ के माध्यम से प्रदेश के हर कोने-कोने में प्रचार प्रसार कर समाज के उत्थान के लिए कार्य करेंगे। साहू समाज युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कसडोल विधायक संदीप साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बड़ी खुशी की बात है कि प्रदेश साहू संघ द्वारा आईटी प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। आप सभी युवा समाज के रीढ़ हैं समाज है तो हम हैं युवा ही है जो समाज को और मजबूती प्रदान करने जोड़ने समाज के उत्थान के लिए बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते आ रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है। आप सभी अपने दिए गए दायित्व को निस्वार्थ भाव से पूरा करेंगे।

# महामाया माता की पूजा करने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहुंचे कुम्हारी स्थित माँ महामाया मन्दिर, प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि के लिए माता से मांगा शुभ आशीर्वाद

पायनियर संवाददाता ∢ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



शारदीय नवरात्र के चतुर्थी तिथि पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कुम्हारी पहुंचे, जहां उन्होंने स्वयं प्रकट हुई मां महामाया माता के दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि के लिए मंगल कामनाएं एवं प्रार्थना की। उन्होंने पूजा-अर्चना के पश्चात प्रज्ज्वलित ज्योत जॅवारा के दर्शन भी किये। साथ ही भूपेश बघेल ने स्वयं द्वारा प्रज्ज्वलित कराए गए मनोकामना के ज्योत का दर्शन कर हवन पूजन किया। मन्दिर परिसर का भ्रमण किया, दर्शनार्थी भक्तों की सुविधा व्यवस्था के सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भेंट कर नवरात्र की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी तेजराम देवांगन, दुर्गा देवांगन सहित नगर पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, पार्षद थानेश पटेल, मनहरण यादव, आकाश देवांगन, गिरीश देवांगन, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुम्हारी अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत, विष्णु देवांगन, नोबल सिंह, अमर यादव, किशोर सोनकर, लेखराम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी व अनेक कार्य कर्तागण उपस्थित रहे।

# जिला खनिज न्यास प्राधिकरण के सदस्य बने फत्तेलाल वर्मा

पायनियर संवाददाता ∢ उतई
www.dailypioneer.com



ग्राम खोपली के पूर्व सरपंच व भाजपा उतई मंडल के अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा को जिला खनिज न्यास प्राधिकरण का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद वर्मा, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की अनुशंसा पर दुर्ग जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा की सहमति से की गई है। फत्तेलाल वर्मा ने कहा कि मुझ जैसे छोटे कार्यकर्त्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी दिया है। उसको पूरी ईमानदारी के साथ निभाऊंगा। उन्हें जिला मंत्री रोहित साहू, मंडल महामंत्री सोनू राजपूत, पुकेश चंद्राकर, भाजयुमों अध्यक्ष प्रवीण यदु, किसान मोर्चा अध्यक्ष फलेंद्र सिंह राजपूत, महिला मोर्चा अध्यक्ष शीतला ठाकुर अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष देवेंद्र भारती, अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष योगेश ठाकुर अन्य पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष पार्षद सतीश चंद्राकर, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष नवाब खान, नगर भाजपा अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण साहू किसान मोर्चा के जिला महामंत्री अजीत चंद्राकर, मनोज चंद्राकर, रूपेश पारख, चंदू देवांगन, आशीष साहू, डिलेश साहू, करण सेन, नरेंद्र साहू, नीलम गढ़े, तुलुराम साहू, कांति साहू, वैभव देवांगन, हरीश यादव, चंदू चेलक, चंद्रशेखर बंजारे, लेखुदास साहू, टीकाराम साहू, विजय यादव, खेमू देवांगन, लुकेश देवांगन, पोषण देवांगन, जितेंद साहू, शत्रुहन साहू, गजेंद्र साहू, चिंटू सिन्हा, संतोष साहू, सुभम वर्मा, रामकांत चंद्राकर, जगन्नाथ यादव, किसून चंद्राकर, दुष्यंत सपहा, रमेश साहू, घनश्याम चंद्राकर, राजू लाल साहू, अरुण चंद्राकर, थनेश साहू, पवन चंद्राकर, तोपशिह कोसरीया, अखिलेश चंद्राकर, सागर वर्मा, जितेन्द्र चंद्राकर, संतोष कौशिक, नंदकुमार सेन, मोहन पटेल, दिनेश देशलहरे, पुरण देशालहरे, भागचंद देशालहरे, लक्ष्मी बंजारे, बाबूलाल सपहा, बिन्दा सपहा, मंशा भारती टुमन चंद्राकर, करन देशमुख, दीपक साहू, दीपक सेन, भूपेंद्र साहू, चंदन ढहरिया, दीपक वर्मा, गौतम निर्मलकर, प्रमोद काकड़े, चंदन डहरिया, उर्वशी देशलहरे, हर्षा देशलहरे, डिकेश वर्मा, योगेश साहू आदि ने बधाई दी है।

# जागरूकता पखवाड़ा अभियान के माध्यम से साइबर अपराध के प्रति किया गया जागरूक

पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

एस.डी.ओ.पी. बालोद देवांश राठौर के नेतृत्व में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों, साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक जोगेन्द्र साहू द्वारा राज्य व्यापी साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा अभियान के माध्यम से आम नागरिकों को साइबर अपराध के प्रति किया गया जागरूक। अभियान के द्वितीय दिवस पर जिला के थाना दल्लीराजहरा व सायबर सेल द्वारा चिखलाकसा सब्जी मंडी, शास. उचित मूल्य की दुकान वार्ड क्रमांक-23, साप्ताहिक मार्केट, व्यवहार न्यायालय चौक, गुप्ता चौक राजहरा वार्ड क्र.25, थाना-बालोद- ग्राम सभा स्थल करहीभदर, दुध गंगा डेयरी, चंडी मंदिर, बाजार, झलमला गंगा मैय्या मंदिर, थाना गुरूर-ग्राम सभा खर्रा, कुलिया, सर्वदा, बोहारडीह, नारागांव सियादेवी मंदिर परिसर, थाना पुरूर- अटल चौक कोचवाही, कंकालीन मंदिर मिर्रिटोला, थाना सनौद- ग्राम अरमरीकला बाजार एवं मंच, थाना गुण्डरदेही-बस स्टैण्ड, थाना रनचिरई- ग्राम सभा राहुद, अचौद, थाना अर्जुन्दा-ग्राम मोहंदीपाठ कोटागांव, खुटेरी, थाना सुरेगांव- बाजार चौक भेंड़ी, मुढ़ीया, भिमकन्हार, थाना देवरी- अटल चौक ग्राम भंडेरा, थाना डौण्डी लोहारा- ग्राम बटेरा, नारगी, थाना मंगचुवा-ग्राम करतुटोला, झोलाटोला, रेंगाडबरी, थाना महामाया-किल्लेबाड़ी मंदिर कोटागांव, महामाया मंदिर, थाना-डौण्डी- ग्राम सभा घोटिया, चौकी कंवर- चंडी मंदिर कंवर, चौकी संजारी- बाजार चौक गंजईडीह, बर्रापारा, चौकी पिनकापार में साइबर क्राईम एवं साइबर सुरक्षा के संबंध में आनलाईन फ्राड, सोशल मीडिया एप्स साइट का उचित उपयोग, डिजिटल अरेस्ट, व्हाट्सएप फेसबुक मैसेंजर के जरिए अश्लील वीडियो कॉल कर ब्लैकमेलिंग, साइबर बुलिंग, ट्रोलिंग, ऑनलाईन फ्राड, एटीएम का सुरक्षित उपयोग, एटीएम कार्ड नंबर, सीवीवी नंबर, ओटीपी, शेयर नही करने, अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचने जैसे साइबर अपराधों से बचाव, हेतू महत्तवपूर्ण जानकारी साझा की गई। बच्चों को मोबाइल एडिक्शन (लत) ऑनलाईन गेम, सोशल एप्स का अत्यधिक उपयोग करने से जो साइकोलॉजिकल तौर पर दुष्प्रभाव होते हैं जिनके कारण बच्चों की जान तक चली जाती है ऐसे मोबाइल मोह से दूर रहने अपील कर जानकारी दी गई, साथ ही साथ बच्चों को नशा से होने वाले दुष्प्रभाव के बारें में जानकारी देकर नशा नही करने की अपील की गई। इस कार्यक्रम में जिला मुख्यालय के समस्त स्टाफगण एवं साइबर सेल से प्रधान आरक्षक रूमलाल चुरेन्द्र, विवके शाही, आरक्षक योगेश गेडाम, रविकांत गंधर्व, संदीप यादव थाना राजहरा से सउनि विजयनाथ, आरक्षक योगेन्द्र तामस्कर, झामसिंह कोमरे, मो. अकबर उपस्थित रहें।

# शिक्षकों के लिए आज सेमीनार मुकेश शाह रहेंगे मुख्य वक्ता

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



डॉ. राधाकृष्णन विद्यालय, भारत माता चौक, गुढ़ियारी में शिक्षकों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम ट्रेन द टीचर्स का आयोजन आज मंगलवार को दोपहर 12 बजे से किया गया है। सेमीनार में वहां के नोडल स्कूलों से करीब एक सौ शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति होगी। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में शिक्षाविद् मुकेश शाह विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों की भूमिका, बच्चों, अभिभावकों व सहयोगी शिक्षकों के साथ व्यवहार, क्लास रूम मैनेजमेंट, स्वआकलन शैक्षिक वातावरण आदि पर विस्तार से अपनी बातें रखेंगे।

# विप्र कॉलेज में आज से इंटर कॉलेज बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय द्वारा विप्र ट्रॉफी अंतर महाविद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन आठ व नौ अक्टूबर को किया जा रहा है। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने बताया कि अंतर महाविद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के माध्यम से 16 अक्टूबर को रायगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय इंटर सेक्टर प्रतियोगिता में शामिल होने वाली रायपुर सेक्टर टीम का गठन भी किया जाएगा। प्रतियोगिता में रायपुर सेक्टर की लगभग 10 टीम शामिल होगी।

# भारत की कला संस्कृति लाजवाब : कौशिल्या साय

पायनियर संवाददाता ∢ उतई
www.dailypioneer.com

## नेवई में हुआ राज्य स्तरीय रामधुनी प्रतियोगिता



प्राचीन बेकुठधाम मंदिर नेवई में राज्य स्तरीय रामधुनी महोत्सव व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशिल्या साय थी। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि भारत की कला सस्कृति का जवाब नही है। गांव के माटी में ही प्यार मिलता है। आप हम सब मिलकर कला सस्कृति को बचाने का प्रयास करे। कर्म करने के पहले धर्म जरूरी है। हमेशा आपका आचरण अच्छा होना चाहिये। महिलाओं के सिर पर हमेशा पल्लू रहना चाहिये। छग सरकार महिलाओ के बैंक खाते में हर महीने महतारी वंदन योजना के तहत बैंक खाते में एक हजार रुपया दिया जाता है जो कभी-कभी लाख के बराबर हो जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ललित चन्द्राकर दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने की। उन्होंने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमेशा काम करने वालो का मान सम्मान होता रहता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार प्रदेश के सभी वर्गो के विकास के लिए काम कर रही हैं। अंत्योदय के सपने को साकार करने में लगे हुए हैं। आज समाज के विभिन्न वर्गो के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों को सम्मान करने का अवसर मिला। विशिष्ठ अतिथि दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल, विधायक राजमंहत डोमन लाल कोसेवाड़ा, गजेन्द्र यादव, रिकेश सेन, ओजस्वी मंडावी, दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष महेश वर्मा, सांसद प्रतिनिधि दीपक चंद्राकर, रिसाली भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेन्डे थे। स्वागत भाषण डॉ आर एस बारले ने दी। उन्होने मंदिर को छग पर्यटन में शामिल करने व समिति को 25 लाख रुपये मुख्यमंत्री निधि से प्रदान करनें का अनुरोध किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भागवत बुंदेला, राजु लाल नेताम, भूपेंद्र साहू, कविता वासनिक, हेमा धनकर, शत्रुघन धनकर, ममता सिन्हा, सोनुराम सिंह, शेलेंद्र साहु, निगम सिंह, गजेन्द्री कोठारी, ब्यास नारायान वर्मा, पार्षद सोनिया देवागन, नवीन सिन्हा, रेखा देवी, ईश्वरी साहू सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं जागरूकता रथ को किया रवाना

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर से बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं योजनान्तर्गत जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि जागरूकता रथ में एलईडी के माध्यम से बेटियों के प्रति भेदभाव की समस्या पर अंकुश लगाने लोगों को जागरूक किया जायेगा। साथ ही दहेज के सामाजिक मानक, पितृसत्तामक आदि नकारात्मक सोच को बदलने के लिए जागरूकता रथ गांव-गांव जाकर बेटियों के प्रति सकारात्मक संदेश का प्रचार करेगा। भारत सरकार की बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना का जागरूकता रथ जिले के सभी विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों तथा शहरी क्षेत्रों में बेटियों के प्रति नकारात्मक सोच को बदलने एवं बेटियों को बचाने, बेटियों को पढ़ाने एवं आगे बढ़ाने में सेतु का कार्य करेगा। इसके साथ ही इस जागरूकता रथ में लगी एलईडी के माध्यम से मतदान के प्रति भी लोगों को जागरूक किया जायेगा। इस अभियान के माध्यम से बालिकाओं को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए इनके प्रावधानों की जानकारी भी ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचेगी। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार पाण्डेय सहित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# आजाद नगर वार्ड के गणेश चौक में धूमधाम से मनाया जा रहा है शारदीय नवरात्री पर्व

पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



वार्ड नंबर 2 आजाद नगर वार्ड के गणेश चौक में मां शक्ति की आराधना का पर्व शारदीय नवरात्रि बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। यहां गणेश चौक के युवाओं के द्वारा मां दुर्गा की स्थापना कर विधि विधान से 9 दिनों तक पूजा अर्चना की जाती है तथा महा अष्टमी के हवन उपरांत विसर्जन किया जाता है। वार्ड नंबर 02 गणेश चौक के युवाओं के द्वारा विघ्नहर्ता भगवान गणेश की स्थापना इसी तरह आपसी सामंजस्य और प्रेम व्यवहार के साथ किया जाता है। मां दुर्गा की स्थापना का यह 12 वां वर्ष है।

# अमेजन.इन के दुर्गा पूजा स्टोर पर अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान करें एथनिक कपड़ों, पूजा सामग्री और अन्य की खरीदारी

**रायपुर।** देशभर में दुर्गा पूजा की धूम मची हुई है, इस बीच अमेजन.इन पर दुर्गा पूजा स्टोर लाइव हो चुका है। ग्राहक टॉप ब्रांड्स पर आकर्षक डील्स और ऑफर्स के साथ, पारंपरिक परिधान, पूजा से जुड़ी सामग्री, दोस्तों और परिवार के लिए उपहार तथा ट्रेंडी इलेक्ट्रॉनिक्स आदि सहित त्योहारों के लिए जरूरी चीजों की एक विस्तृत श्रृंखला में से खरीदारी कर सकते हैं। यह दुर्गा पूजा स्टोर त्योहार को स्टाइल से मनाने के लिए जरूरी हर चीज के लिए आपको एक वन-स्टॉप समाधान उपलब्ध कराता है। फेस्टिव लुक के लिए खूबसूरती से तैयार किए गए एथनिक वियर से लेकर, घर को सुंदर बनाने के लिए होम डेकोर, पूजा सामग्री और आपको अप-टू-डेट रखने के लिए गैजेट्स तक, यहां सभी के लिए कुछ न कुछ है। इस साल के अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के साथ, ग्राहक सैमसंग, वनप्लस, अमेजन ईको, एप्पल, बीबा, लक्मे, यूएस पोलो, पिजन, एलेन सॉली जैसे अपने पसंदीदा ब्रांड्स के बेजोड़ चयन पर बड़ी बचत का फायदा उठा सकते हैं।

# सिटिजन क्लब के महिला समाज ने मनाया नवरात्रि मिलन समारोह

पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



राजहरा खदान समूह के ऑफिसर्स क्लब सिटिजन क्लब के सदस्यों के परिवार के द्वारा नवरात्रि मिलन समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया। राजहरा महिला समाज के सदस्यों एवं सिटिजन क्लब के सदस्यों के द्वारा डांडिया शिक्षिका कुमारी रितु साखरकर के मार्गदर्शन में पिछले 25 दिनों से डांडिया का प्रशिक्षण लिया जा रहा था। जिनका शारदीय नवरात्रि तृतीया को संध्या 8:00 बजे सिटीजन क्लब सभागार में रंगारंग प्रस्तुति दी गई। नवरात्रि महापर्व आयोजन के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक आइओसी राजहरा खदान समूह आर बी गहरवार थे। गहरवाल ने सभी सदस्यों को मां शक्ति की आराधना का पर्व नवरात्रि महापर्व की बधाई दिया। नवरात्रि का 9 दिन का यह महापर्व आपके जीवन में सुख शांति और समृद्धि बनाए रखें यही शुभकामनाएं हैं। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के गरबा नृत्य का आयोजन से सभी सदस्यों को एकजुट होने का संदेश मिलता है। घर परिवार से समय निकालकर महिलाओं ने जिस तरह लगन और मेहनत से गरबा का अभ्यास किया है और उनके द्वारा जो बेहतर प्रस्तुति दी गई वह प्रशंसनीय है। क्लब कमेटी की ओर से डांडिया में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया तथा डांडिया प्रशिक्षक कुमारी रितु सखारकर को भी राजहरा महिला समाज एवं सिटीजन क्लब राजहरा की कमेटी के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मातृशक्ति के द्वारा बेहतरीन भजन की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन राम कापरे ने किया। नवरात्रि महोत्सव आयोजन करने में सिटिजन क्लब के कमेटी मेंबरों का विशेष योगदान रहा। डांडिया प्रस्तुत करने में इन लोगों की सहभागिता रही रेखा गहरवार, प्रभा सिंह, उषा रामटेक, प्रतिमा, मिनोती बास्के, आरती कापरे, आशा लता, स्वाति शिरपुरकर अर्चना, मनीषा, शालिनी, सोमप्रभा, हिना, उपासना, शुभांगी कापसे, नीलू, स्वीटी, शिल्पा, प्रीति, सीक्षी, मुस्कान, श्वेता शुक्ला सावित्री देवांगन, मालती निराला, आभा पटेल, कीर्ति टनन, चारु पांडे, अंकिता त्रिपाठी, निक्की डहरिया, प्रियंका, सारिका आनंद, दीपा सिरवैया. शिल्पी वर्मा, अरुण जैन, स्वेताग्नि, लिप्सा।


## छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, हसदेव बरॉज जल प्रबंध संभाग**
**रामपुर/कोरबा जिल-कोरबा (छ.ग.)**

### // निविदा निरस्तीकरण सूचना //

आदेश क्रमांक 3126/व.ले.लि./2024-25 रामपुर/कोरबा, दिनांक 03/10/2024

प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, सेक्टर-19 नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर का पृष्ठा क्रमांक 4263193 निविदा प्रकोष्ठ/2024/12721 एवं पृष्ठा क्रमांक 4263194 निविदा प्रकोष्ठ/2024/12719 नवा रायपुर दिनांक 19.09.2024 के परिपालन में इस संभाग का निविदा सूचना क्र. 01/व.ले.लि./2024-25, दिनांक 23.08.2024 के अन्तर्गत निविदा सिस्टम क्रमांक 157782 निरंक निविदाकार होने के कारण एवं निविदा सिस्टम क्रमांक 157783 एकल प्रतिभागी निविदाकार होने के कारण जी क्रमांक 242502036 दिनांक 27.08.2024 द्वारा प्रथम आमंत्रित निविदा प्रतिस्पर्धा के अभाव, में निरस्त किया जाता है।

**कार्यपालन अभियंता**
**हसदेव बरॉज जल प्रबंध संभाग,**
**रामपुर/कोरबा**

G-242502980/3

# अघोषित कटौती पर आक्रोश... कांग्रेस ने विद्युत कंपनी अधिकारियों को सौंपा बेशरम का फुल

## बिजली आपूर्ति व्यवस्था सुधारों नहीं तो होगा उग्र प्रदर्शन: कांग्रेस

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



अघोषित बिजली कटौती को लेकर कांग्रेस का आक्रोश सामने आया है। नेताओं ने कहा कि, राजनांदगांव शहर में आए दिन बिना किसी सूचना के घंटों बिजली गुल कर दी जाती है। व्यापारी, रोजमर्रा का काम करने वाले मजदूर, किसान, श्रमिक, पढ़ाई करने वाले बच्चों से लेकर वृद्धजन सहित हर वर्ग इससे परेशान है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने इसे लेकर कैलाश नगर स्थित विद्युत विभाग कार्यालय के सामने विरोध-प्रदर्शन कर व्यवस्था सुधारने की मांग की और अधिकारी को बेशरम फूल के साथ ज्ञापन सौंपा। पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने कहा कि घंटों बिजली गुल से आमजनता को परेशान करने का विद्युत विभाग ने ठेका ले लिया है, विभाग द्वारा जारी नंबर ज्यादातर बंद रहता है। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने विद्युत वितरण कंपनी के अफसरों को चेताते हुए कहा कि कांग्रेस जनता के हित में सड़क की लड़ाई लड़ी है। विभाग द्वारा शहर के किसी भी क्षेत्र में कभी भी दिन हो या रात अघोषित विद्युत कटौती बिना कोई सूचना के घंटों तक कर देती है। जिसके लिए कांग्रेस द्वारा कई बार विभाग को इस बारे में पत्र सौंपा चुके हैं। उन्होंने कहा कि, पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डा.रमन सिंह का विधानसभा क्षेत्र है, इनके बावजूद घंटों बिजली अवरूद्ध रहना बड़े ही शर्म की बात है। अघोषित बिजली बंद होने से शहर में चोरी की वारदातें बढ़ रही है। कांग्रेस कई बार यहां के विधायक का ध्यानाकर्षण कराया उसके बावजूद भी समस्या यथावत है कोई सुधार नहीं हुआ है। यहां के विधायक डा.रमन सिंह अपने क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था नहीं सुधार पा रहे हैं ये बड़ी ही सोचनीय विषय है। इस दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, रमेश डाकलिया, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, महामंत्री नरेश शर्मा, नासिर जिंदरान, हनी ग्रेवाल, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

### व्यवस्था पर भड़के

उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली व दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने अघोषित विद्युत व्यवस्था पर भड़कते हुए कहा कि राजनांदगांव शहर की दुर्दशा का कारण यह है कि यहां के विधायक रायपुर व सांसद कवर्धा निवासी है तो राजनांदगांव शहर का क्या ख्याल रखेंगे। जो स्थानीय भाजपा नेता है उन्हें तो सिर्फ चाटूकारिता से फुर्सत नहीं। हमारे द्वारा दो माह पूर्व भी धरना-प्रदर्शन कर कंपनी के आला अफसरों को चेतावनी दी परंतु आज तक उस पर अमल नहीं हो पायी। अब अगर व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं किया तो कांग्रेस आम जनता के साथ उग्र आंदोलन करने को मजबूर होगा।

# शासन ने एक माह पहले जारी किए आदेश बावजूद अवकाश पर भी खुले स्कूल

## निजी स्कूलों में पहुंचे डीईओ, जिला शिक्षा विभाग ने नोटिस जारी की

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



दशहरा अवकाश पर भी जिले के कई निजी स्कूल के संचालन की जानकारी पर जिला शिक्षा विभाग ने संज्ञान लिया है। इस मामले में कुछ स्कूल प्रबंधनों को नोटिस जारी किए जाने की कार्रवाई की गई है। निजी स्कूल इस अवकाश के दौरान भी छमाही परीक्षा आयोजित कर रहे हैं जिसे लेकर विभाग ने नाराजगी जताई है। कई स्कूलों ने शासन द्वारा घोषित अवकाश के तहत ही स्कूल के संचालन की बात कही है। इस मामले को लेकर नए जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने सोमवार को निजी स्कूलों का निरीक्षण भी किया। डीईओ बघेल ने कहा कि, स्कूलों को घोषित अवकाश के तहत ही शालाओं का संचालन किया जाना चाहिए। राज्य शासन ने करीब एक माह पहले ही 12 सितंबर को दशहरा पर्व के लिए 7 से 12 अक्टूबर तक अवकाश की घोषणा की थी। इन 6 दिनों के अवकाश के तहत ही स्कूलों का संचालन किया जाना था। लेकिन निजी स्कूलों में परीक्षाओं और अवकाश को संशोधित कर शाला कक्षाएं लगाई जा रही है।

### परीक्षा का बहाना, विभाग ने समय-सारणी पर सवाल उठाया

7 अक्टूबर को खुली कुछ शालाओं में परीक्षा आयोजित की जा रही है। इनके प्रबंधन ने परीक्षा के टाईम टेबल को अवकाश के दिनों में स्कूल लगाए जाने का आधार बताया है। इसपर विभाग ने सवाल पूछा है कि, एक माह पूर्व जारी शासन के आदेशानुसार ही समय सारणी क्यूं नहीं बनाई गई। विभाग के अफसरों के निरीक्षण में राजनांदगांव, डोंगरगांव, डोंगरगढ़ में ऐसी शिकायतों की पुष्टि हुई है। इनमें कुछ नामी स्कूल भी शामिल हैं। डीईओ बघेल ने कहा कि, कुछ स्कूल अवकाश के दिन में कक्षाएं न लगाने को लेकर सहमत हुए हैं। अन्य निजी शालाओं को नोटिस जारी कर जवाब मांगा जा रहा है जिसके बाद ही उन पर कार्रवाई तय होगी।

# आवास मेला में शामिल हुई जिला पंचायत सदस्य

## प्रत्येक आवासहीन को मिलेगा आवास: जागृति



पायनियर संवाददाता डोंगरगाँव नगर
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत क्षेत्र के सर्वाधिक आवास स्वीकृति वाले कलस्टर तिलईरवार में विकासखंड स्तरीय आवास मेला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में जाग्रति चुन्नी यदु जिला पंचायत सदस्य तथा जपंसीईओ द्वारा नवीन स्वीकृत आवास हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र, आवास पूर्ण कर चुके हितग्राहियों को पूर्णता प्रमाण पत्र वितरित कर नवीन आवास हितग्राहियों का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में जाग्रति चुन्नी यदु, जिला पंचायत सदस्य द्वारा हितग्राहियों को प्राप्त होने वाले किस्तों की जानकारी देते हुए आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण कर सम्पूर्ण किशत प्राप्त करने के सम्बन्ध में प्रेरित किया। आवास के हितग्राहियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए आवास निर्माण जल्द पूर्ण करने करने सहमति जताकर यदु जिला पंचायत सदस्य को आश्वस्त किया। कार्यक्रम में जिपंसदस्य जाग्रति चुन्नी यदु के अलावा क्षेत्र के जनपद सदस्य, मुख्य कार्यपालन अधिकारी नवीन कुमार मसियारे, विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक एवम हितग्राही, ग्रामीण आवास योजना प्रभारी विजय देवांगन, इंजिनियर आँचल भास्कर उपस्थित सहित ग्रामीणजन बड़ी तादाद में उपस्थित थे।

# गरबा के धुन में थिरके टीचर्स एवं विद्यार्थी नन्हे विद्यार्थियों द्वारा दुर्गा की झाँकी का प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता डोंगरगाँव नगर
www.dailypioneer.com



नगर में मानव समाज कल्याण एवं शिक्षण समिति द्वारा संचालित भारतीय पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में श्रध्दा एवं भक्ति का पर्व नवरात्रि पर ज्योत प्रजल्वित किया गया है। विद्यार्थियों में धर्म जागरण एवं संस्कार शिक्षा के उद्देश्य पंचमी अवसर पर विद्यार्थियों सहित शिक्षक व शिक्षिकाओं ने गरबा नृत्य में हिस्सा लिया। वहीं नन्हे बच्चों ने माता दुर्गा स्वरूप की नयनाभिराम प्रदर्शन किया। आयोजन में शैलजा पाण्डेय् अध्यक्ष मानव समाज कल्याण एवं शिक्षण समिति, सदस्यगण संतोष सागर शर्मा, गौरी बाई झाड़े, संस्था के संरक्षकगण संतोष कुमार वैष्णव, उमाराजे राजपूत, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, पवन ठाकुर, बीरेन्द्र बोरकर, कार्यालय प्रभारी राजेन्द्र कुंवर, पाली प्रभारी बिरेन्द्र राजपूत, प्रधान पाठक पीएल बया, प्रधान पाठिका दामिनी यदु, अनुराधा सोनटेके, जमुना साहू, रश्मि देवांगन, लक्ष्मी राजपूत, उषा साहू, दुबीलता ठाकुर, नरोत्तम साहू, टज्ञाश्रुति एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने सहभागिता निभाई।

# सदस्यता अभियान अंतिम दौर में, मंडलों की बैठक घोषित

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में जारी वृहद सदस्यता अभियान अब अपने अंतिम दौर में प्रवेश कर रहा है। पार्टी के कार्यकर्ता जिला, मंडल, शक्ति केन्द्र व बूथ स्तर तक सक्रिय होकर सदस्यता अभियान के लक्ष्य को पूरा करने के लिये जी-तोड़ मेहनत कर रहे है। अब इस अंतिम दौर को सफल करने के लिये पार्टी के सभी 10 मंडलों में बैठकें आयोजित हो रही है, जिसमें जिला भाजपा के वरिष्ठ नेता भाग लेकर अभियान के अंतिम दौर को गति प्रदान करेंगे। जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने बताया कि 07 अक्टूबर को राजनांदगांव उत्तर, छुरिया व कुमर्दा मंडल की बैठक होगी जिसमें क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय, सचिन सिंह बघेल, भरत लाल वर्मा, जिला भाजपा के महामंत्री राजेन्द्र गोलछा व आलोक श्रोती मार्गदर्शन हेतु उपस्थित रहेंगे। इसी प्रकार 08 अक्टूबर को जिला भाजपा कार्यालय में दोपहर 02 बजे राजनांदगांव दक्षिण मंडल की बैठक होगी, जिसमें भाजपा नेता कोमल सिंह राजपूत उपस्थित रहेंगे, इसके पूर्व सुबह 11.00 बजे राजनांदगांव ग्रामीण मंडल की बैठक होगी, जिसमें वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष अग्रवाल का मार्गदर्शन मिलेगा। डोंगरगढ़ शहर मंडल की बैठक शाम 04.00 बजे लोधी भवन डोंगरगढ़ में होगी जिसमें रविन्द्र वैष्णव व सुरेन्दर सिंह बन्नोआना उपस्थित रहेंगे। डोंगरगढ़ ग्रामीण मंडल की बैठक दोपहर 12 बजे साहू धर्मशाला ग्राम अछोली में होगी जिसमें मूलचंद लोधी व लीलाधर साहू उपस्थित रहेंगे। इसी प्रकार 08 अक्टूबर को ही घुमका मंडल की बैठक सुबह 11 बजे सतनाम भवन घुमका में होगी, जिसमें जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल सदस्यता अभियान के जिला प्रभारी सावन वर्मा व राजेश श्यामकर उपस्थित रहेंगे। इसी प्रकार इसी दिन डोंगरगांव मंडल की बैठक दोपहर 2 बजे यादव भवन डोंगरगांव में होगी जिसमें वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख व आभा तिवारी उपस्थित रहेंगी।

# जिला रेडक्रॉस सोसाइटी की साधारण सभा की बैठक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर

पायनियर संवाददाता मोहला
www.dailypioneer.com

जिला रेड क्रॉस सोसाइटी की साधारण सभा की बैठक कलेक्टर एस. जयवर्धन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में जिले के प्रमुख अधिकारी और सोसाइटी के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से तीनों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में ब्लड स्टोरेज यूनिट स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया। यह निर्णय क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से लिया गया है, ताकि रक्त की आवश्यकता के समय बेहतर सुविधाएं मुहैया कराई जा सकें। रेड क्रॉस मोबाइल मेडिकल यूनिट के लिए आवश्यक मानव संसाधन की व्यवस्था पर भी बैठक में गहन चर्चा की गई। इसके लिए डीएमएफ (जिला खनिज निधि) और साडा (विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण) से प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया गया, ताकि मोबाइल यूनिट के लिए जरूरी स्टाफ और अन्य व्यवस्थाओं को समय पर सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में स्वास्थ्य शिविरों के महत्व पर भी जोर दिया गया। स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुँचाने और सामुदायिक स्वास्थ्य के स्तर को सुधारने के लिए नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन आवश्यक माना गया है। इसके लिए रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा शिविरों के आयोजन की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्यता अभियान को और अधिक व्यापक बनाने पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस अभियान के तहत अधिक से अधिक लोगों को सोसाइटी से जोडने और समाज सेवा के कार्यों में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की गई। रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्यता अभियान का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों के लोग रेड क्रॉस सोसाइटी से जुड़कर मानव सेवा के कार्यों में योगदान दें।

# दिव्यांग प्रधानपाठक ने बाइक को की मोडिफाइड, अब कार की तरह कर रहे आपरेट

पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com



कहते है आवश्कता ही अविष्कार की जननी है। कुछ इसी तरह से जिले के ग्राम परना के प्राथमिक शाला में पदस्थ प्रधानपाठक की मोटर साईकल इन दिनों जिले में चर्चा का विषय बनी हुई है। दिखने में साधारण बाइक अब पुरी तरह मोडिफाइड कर उसे कार की तरह ऑपरेट कर लेते है। जिसमे कार की तरह हैंड गेयर लगा हुआ है, पीछे सामने किसी भी दिशा में इस बाइक को चला सकते है। और ऐसा कर दिखाया है, एक दिव्यांग ने। दरअसल बचपन से ही दिव्यांग शिक्षक ताम्रध्वज राणा को स्कूल आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।

फिर इन्होंने सोशल मीडिया में मोडिफाइड बाइक देखी। जिसे दिव्यांग ताम्रध्वज आसानी से चला सकते है। जहां इन्होंने आंध्रप्रदेश राज्य के विजयवाड़ा में अपनी बाइक भेजी। अब उसे मोडिफाइड करवा कर चला रहे है। जिसमे 2 बड़े 2 छोटे चक्के लगे हुए। साथ ही गेयर कुछ इस तरह से लगाया गया है कि जैसे कार में होता है। जहां इनका ये मोटरसाइकिल इनके दिव्यंगता के लिए काफी सहारा है।

### बाइक को मोडिफाइड होने लगे डेढ़ माह, 70 हजार आया खर्च

प्रधानपाठक ताम्रध्वज राणा बताते है कि उन्हें यूट्यूब के जरिये विजयवाड़ा में बाजी संस से संपर्क किया, और उनसे बात की। फिर उनके कहने पर 125सीसी की बाइक ली, बाइक को ट्रेन के माध्यम से पार्सल कर के विजयवाड़ा भेजा। बाइक को बनने में डेढ़ माह का वक्त लगा। हाथ से ही गेयर लगा सकते है, और ब्रेक दोनों कॉम्बो है। इसको बनाने में कुल 70 हजार का खर्च आया है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व वे स्कूटी चलाते थे, करीबन 15 साल स्कूटी चलाए है, जिसमे बहुत दिक्क ते आ रही थी। लेकिन जबसे बाइक को मोडिफाइड करवाकर चला रहा हु, तबसे सुविधा हो रही है।

# कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न रोकथाम निषेध और निवारण अधिनियम 2013 के संबंध हुई कार्यशाला

पायनियर संवाददाता बीजापुर
www.dailypioneer.com



पीओएसएच-2013 कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न रोकथाम निषेध निवारण अधिनियम 2013 के संबंध में जिला कार्यालय के इन्द्रावती सभाकक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन एवं ट्रांसफार्म फॉर लॉ एंड डेवलपमेंट के सहयोग से कराया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कलेक्टर संबित मिश्रा ने कहा कि बिना झिझक अपने अधिकार और स्वयं के प्रति होने वाले दुर्व्यवहार का खुलकर बात रखनी होगी कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न एवं रोकथाम निषेध और निवारण अधिनियम 2013 के सभी प्रावधानों की अच्छी तरह से जानकारी होना आवश्यक है तभी स्वयं को सुरक्षित रख सकते हैं। महिलाओं के साथ-साथ पुरूषो को भी इस अधिनियम की जानकारी होने से कई बड़े दुष्परिणाम से बचा जा सकता है। कलेक्टर ने कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बताए गए सभी जानकारियों को एकाग्र होकर सुनने और अपने मन में उठने वाले सभी प्रश्नों को खुलकर पूछने एवं जवाब से संतुष्ट होने के लिए कहा। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर्स मोनिका पीएलडी एवं दिव्या नेगी द्वारा पीपीटी, शार्ट फिल्म के माध्यम से विभिन्न उदाहरणों, घटनाओं के प्रस्तुतिकरण किया गया कि किस तरह महिलाएं यौन उत्पीड़न का शिकार होती है इससे बचने के लिए स्वयं को कैसे सक्षम किया जाए। महिला और पुरूष की समाज में समानता, कर्तव्य स्थल पर समानता अधिनियम नहीं बनने के पहले क्या स्थिति रही।

### जिला भाजपा में अब पांच और नये मंडल

**राजनांदगांव।** जिला भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष रमेश पटेल ने जिले में 10 मंडलो का विस्तार करते हुए नवीन पांच मंडल गठित करने की घोषणा की है, जिसके अनुसार अब जिला भाजपा के अन्तर्गत 15 नये मंडल हो जायेंगे। वर्तमान में खुज्जी विधानसभा में छुरिया व कुमर्दा, अम्बागढ़ चौकी सहित तीन मंडल है, अब इस विधानसभा में गैंदाटोला चौथा मंडल बन गया है। इसी प्रकार डोंगरगांव विधानसभा में डोंगरगांव व लालबहादुर नगर सहित दो मंडल है जिनका विस्जोतार कर अब तुमड़ीबोड़ व मुसरा मंडल के रूप में गठित करने की घोषणा की गई है तथा डोंगरगढ़ विधानसभा के घुमका मंडल का विस्तार कर नवीन मंडल बनाया जा रहा है। इसी तरह राजनांदगांव ग्रामीण जो अब तक एक मंडल हुआ करता था जो अब पूर्व व पश्चिम दो मंडल के रूप में गठित होगा। विज्ञप्ति के अनुसार संगठन विस्तार की दृष्टि से पार्टी ने यह निर्णय लिया है कि सदस्यता अभियान के बाद सभी 16 मंडलों में नयी कार्यसमिति मंडल स्तरीय बनेगी।

## कब्जाधारियों ने खाली करने मांगा 15 दिन का समय

# अवैध कॉम्प्लेक्स और मकान को हटाने पहुंची टीम

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com




वन विकास निगम के अधिकारी की संलिप्तता की आशंका
निस्तारी डिपो और पौधारोपण वाले जगह पर बना अवैध कॉम्प्लेक्स और बन रहा मकान

पायनियर
खबर का असर

निस्तारी डिपो और पौधा रोपण जगह पर अवैध कब्जा को लेकर पायनियर समाचार पत्र में खबर प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। खबर को संज्ञान में लेकर राजस्व और वन विकास निगम की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण को खाली करने के लिए अतिक्रमण धारी को बोला गया तो उन्होंने 15 दिवस का समय मांगा है और स्वयं खाली करने की बात टीम के समक्ष बोले है।

**खाली होगा डिपो में अवैध कब्जा** -वन विकास निगम कबीरधाम के कक्ष क्रमांक 420 में लोगो के निस्तार के लिए डिपो था जहां से क्षेत्र के लोगों के द्वारा अपने उपयोग के लिए लकड़ी का खरीदी करते थे। जो 2012 के आसपास बंद हुआ। जब डिपो बंद हुआ उसे विभाग संरक्षित करने के बजाए कब्जाधारियों के लिए छोड़ दिया, जिसके कारण अब अतिक्रमण का शिकार हो गया। विभाग को पता ही नहीं था। सन 2020-21 में रोड किनारे व्यवसायिक कांप्लेक्स बना और इस बार नए मकान बनाया जा रहा है। जिसकी नींव भरी जा चुकी है लेकिन जिम्मेदार मौन है। कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति कर रहे है कि खबर का प्रकाशन किया गया जिसे बाद टीम गठित कर मौके पर पहुंचकर जांच किया गया। 15 दिवस बाद उक्त जगह खाली हो जाएगा।

**नुकसान की वसूली किया जाएगा या नहीं** -मिली जानकारी अनुसार उक्त कक्ष क्रमांक 420 में वर्ष 2015-16 हरियर छत्तीसगढ़ योजना के तहत पौधा रोपण किया गया जिसमें मिश्रित प्रजाति के पौधा रोपण किया गया था। जो वर्तमान में गायब हो गया है। तत्कालीन जिला अधिकारी के साथ रेंजर अफसर और उसके जिम्मेदार अधीनस्थ लोगो ने ध्यान नहीं दिया। जिसका वजह क्या हो सकता है वो ही जाने और वर्तमान जिम्मेदार भी दोषी है। वर्ष 20-21 में उक्त जमीन से लगे हुए बोडला दलदली मार्ग के किनारे व्यवसायिक कांप्लेक्स का निर्माण किया और 2021-22 से खेती करना भी शुरू कर दिया गया है लेकिन विभाग कोई ठोस कार्यवाही नहीं कर पा रहा है। अब टिम के समक्ष कब्जा धारियों ने खाली करने की स्वीकार कर लिए है लेकिन बड़ी बात यह है कि उक्त जगह पर जो विभाग का नुकसान हुआ है उसकी भरपाई होगा या उन्हें छोड़ दिया जाएगा।

**जिम्मेदार अफसर की ढुलमुल रवैया से अधीनस्थ परेशान** -वन विकास निगम कबीरधाम के जिम्मेदार अफसर के ढुलमुल रवैया से अधीनस्थ परेशान है उनके द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नही करते न ही करने देते। तत्कालीन वन मंत्री मो अकबर के कार्यकाल में कब्जाधारियों ने उक्त कक्ष क्रमांक 420 बोडला, दलदली मार्ग के जमीन पर कब्जा किया। कार्यवाही करने पहुंचे डिप्टी रेंजर को निलंबित होना पड़ा लेकिन कब्जा नहीं हटा। मिली जानकारी अनुसार वर्ष 2024 में तीन बार जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया लेकिन अधिकारी के कान में जू तक नहीं चला और अभी पिछले महीना कार्यवाही के लिए अनुविभागीय अधिकारी बोडला को पत्र दिया जबकि यह पत्र 2020 में ही दे देना चाहिए था जो नहीं किया।

# अनुमति बिना होडिंग बोर्ड, बैनर पोस्टर लगाने पर अर्थदंड लगाया जाएगा

**राजनांदगांव।** निगम सीमाक्षेत्रांतर्गत कतिपय विज्ञापन एजेंसियों/संस्थानों/व्यक्तियों द्वारा प्रायः इस निकाय के बिना पूर्वानुमति एवं स्वीकृति के विज्ञापन हेतु बोर्ड/निजी भवनों के दीवाल एवं छत पर होर्डिंग्स बोर्ड/विद्युत पोलों में छोटे बोर्ड, बैनर पोस्टर एवं सार्वजनिक शौचालय/फ्लाई ओव्हर के पिल्हरों में अन्य प्रकार का विज्ञापन लगाया जाता है और कई लोगों द्वारा लगाया भी गया है, जो कि छ.ग. विज्ञापन पंजीयन एवं विनियमन उपविधि 2012 की कंडिका 9 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है एवं छ.ग.नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 248 एवं 434 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है। इस संबंध में निगम आयुक्त ने संबंधितों को सूचित कर उनके विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये है। आयुक्त ने सर्वसंबंधित विज्ञापन एजेंसियो/संस्थानों एवं संबंधित व्यक्तियों को सूचित करते हुये कहा है कि निकाय के बिना पूर्वानुमति एंव स्वीकृति के लगाये गए होडिंग्स बोर्ड, बैनर पोस्टर एवं अन्य प्रकार के विज्ञापन स्वेच्छा से 07 दिवस के भीतर हटा लेवें अन्यथा भविष्य में बिना किसी पूर्व सूचना के निगम सीमाक्षेत्रांतर्गत बिना अनुमति लगाये गये होर्डिस बोर्ड/बैनर पोस्टर के लिए अर्थदंड अधिरोपित करते हुए बैनर पोस्टर एवं अन्य प्रकार के विज्ञापन बोर्ड निगम द्वारा हटा/जब्त कर लिया जावेंगा एवं अवैध विज्ञापनकर्ताओं के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी जावेंगी, जिससे उत्पन्न क्षति तथा संपूर्ण हर्जे खर्चे के लिए संबंधित एजेंसी/संस्थान एवं व्यक्ति स्वयं उत्तरदायी होंगे।

# रामानुजगंज नगर पंचायत क्षेत्र में बारिश का पानी दुकानों एवं घरों में घुसा, प्रभारी सीएमओ एव अध्यक्ष की लापरवाही उजागर

## स्वच्छता अभियान का ढोंग करने वाला छत्तीसगढ़ का पहला नगर पंचायत

पायनियर संवाददाता ✓ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com





नगर में शाम के समय भारी बारिश होने के कारण कई मोहल्लों की दुकानों तक में पानी घुस गया। सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया था। बारिश रुकने के काफी देर बाद सड़कों पर पानी भरा रहा। रामानुजगंज नगर पंचायत के द्वारा जाम नालियों को सफाई नहीं करने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई। शाम 4:00 के लगभग अचानक से बारिश शुरू हो गई। जिसके कारण नगर जल मग्न हो गया। सबसे भारी क्षति स्टेट बैंक रोड में रहने वाले दुकानदारों को हुआ है। रामानुजगंज नगर पंचायत के प्रभारी सीएमओ सुधीर श्रीवास एवं नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल की लापरवाही से सही समय पर दोनों ओर से बहने वाली नालियों की साफ सफाई नहीं कराई गई। गत दिनों स्वच्छता अभियान भी चल रहा था इसके बाद भी दोनों महानुभावों के लापरवाही का नतीजा दुकानदारों को भुगतना पड़ रहा है। भारी बारिश के कारण लोगों के दुकानों में पानी घुस जाने के कारण लाखों रुपए के सामान भींग गया। खास कर किराना दुकान वाले को लाखों रुपए की क्षति हुई है, वहीं भारतीय स्टेट बैंक में अंदर तक पानी चला गया, यही नजारा एक्सिस बैंक का भी था। समेकित कर वसूलने वाला नगर पंचायत लोगों की सुविधाओं का ख्याल रखने में अक्षम साबित नहीं हो पा रहा है, जिसका खामियाजा नगर की जनता को उठाना पड़ रहा है। सबसे बड़ी ताजुब की बात यह है कि उक्त घटना के संबंध में दुकानदारों के द्वारा सोशल मीडिया में उक्त समस्या का वीडियो बनाकर वायरल करने के बाद भी रामानुजगंज नगर पंचायत के लापरवाह अधिकारी मौके तक नहीं पहुंचे और ना ही इसके बारे में कोई सुध ली। जिन व्यापारियों का लाखों रुपए का सामान का नुकसान हुआ है क्या उन व्यापारियों को अपने द्वारा बरते गए लापरवाही के कारण जो नुकसान हुआ है क्या नगर पंचायत भरपाई कर पाएगा? राजनीति पहुंच के कारण चढ़ावा चढ़ा कर कोई भी प्रभारी अधिकारी बन जा रहा है, और जो चढ़ावा चढ़ा कर आया है वह आम जनता के लिए बेहतर सोच रखे, यह तो संभव नहीं है। स्वाभाविक सी बात है कि इस क्षेत्र के प्रभावशाली जनप्रतिनिधि के इशारे पर जब उसकी नियुक्ति की गई है तो वह किस मुंह से उस अधिकारी पर दबाव बना सकते हैं? लेकिन नगर पंचायत परिषद के अध्यक्ष एवं पार्षदों को इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि अपने अधिकार क्षेत्र में जो कार्य करने हैं उसको समय पर कराकर अप टू डेट रखना चाहिए ताकि नगरवासियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और उनके साथ पर बटटा ना लगे? क्या जनता आपका चुनाव इसलिए की थीं कि आप उसके विश्वासों पर खरा ना उतरे। लेकिन इसके लिए नगर पंचायत रामानुजगंज परिषद कभी गंभीर नहीं रहा। जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पकड़ना पड़ रहा है। स्वच्छता अभियान का ढोंग करने वाला शायद यह छत्तीसगढ़ का पहला नगर पंचायत होगा जहां कूड़ो का ढेर लगा रहता है।

# सभी देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित सोनारपारा महामाया मंदिर में 678 कलश स्थापना की

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com



नवरात्रि पर सभी देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित की गई है। सोनारपारा महामाया मंदिर में 678 कलश स्थापना की गई है। देवी मंदिरो में प्रातः काल से देर रात्रि तक भजन कीर्तन आरती का सिलसिला चल रहा है। शारदीय नवरात्र के अवसर पर देवी मंदिरों में सैकड़ों की तादत में मनोकामना ज्योति कलश श्रद्धालुओं द्वारा प्रज्वलित कराया गया है। मंदिरो में माता का विशेष साज श्रृंगार के बाद विधि विधान से पूजन-अर्चना आरती उपरांत पूरे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ज्योति कलश प्रज्वलित किये। नगर के मध्य में स्थित महामाया मंदिर, शक्तिमाई मंदिर, खरीपारा माँ काली मंदिर, दाऊपारा महामाया मंदिर, रामगढ़ स्थित महामाया मंदिर, मल्हापारा में महामाया मंदिर, दुर्गा मंदिर, शीतला मंदिर, ठाकुर देव मंदिर, सेतगंगा स्थित सिद्धेश्वरी मंदिर, हथनीकला स्थित अष्टभुजी मंदिर, देवगांव स्थित दुर्गा मंदिर आदि जगह पूजा अर्चना किया जा रहा है। पडरिया रोड स्थित शक्ति माई मंदिर में नवरात्रि के अवसर पर ज्योत कलश जलवाने वाले श्रद्धालुओ ने अपनी मनोकामना ज्योति प्रज्जवलित कराया। मंदिर समिति के अनुसार इस वर्ष शारदेय नवरात्र में कुल 1146 ज्योति कलश जलाया गया है। जिसमें 67, ज्वारा 53 एव तेल ज्योत 1027 प्रज्जवलित है। बडकी दाई महामाया मंदिर में धृत ज्योति 92, तेल ज्योति कलश 235 प्रज्जवलित हुए । वही आर्दश ग्राम हथनी कला स्थित महामाया मंदिर में धृत ज्योति 227 तेल ज्योति 1622 प्रज्जवलित हुए । सेतगंगा में स्थित मां महामाया सिद्धेश्वरी महामाया मंदिर में घट स्थापना के साथ ही पूजा अर्चना प्रारंभ हुआ। नवरात्र प्रारंभ होने के साथ ही भक्ति और शक्ति पूजा का माहौल है। श्रद्धालुजन अपने-अपने ढंग से नवरात्र पर देवी उपासना में लगे हुए है। नवरात्रि प्रारंभ होते ही बाजार में अच्छी रौनक दिख रही हैं, श्रद्धालुजन शारदीय नवरात्र के लिए देवी माता के पूजन सामग्री की खरीददारी कर रहे है। बाजार में चहल-पहल नजर आ रही हैं। मंदिरो में श्रद्धालुओ की भीड़ लग रही है। वही आवागमन के दबाव को देखते हुए यातायात विभाग ने भी रूटचार्ट बनाया है जिससे दुर्गा देखने वाले श्रद्धालुओ को आवागन में कोई बाधा न हो ।

# रोट्रेक्ट क्लब ऑफ मुंगेली ने नवरात्रि की पावन पर्व पर रोट्रेक्ट गरबा महोत्सव 2024 का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com



रोट्रेक्ट क्लब ऑफ मुंगेली द्वारा नवरात्रि की पावन पर्व पर रोट्रेक्ट गरबा महोत्सव 2024 का शुभारंभ 5 अक्टुबर को किया गया। जो पांच दिवसीय गरबा महोत्सव की धूम नगर के हृदय स्थल में नगर पालिका उच्चतर माध्यमिक शाला के प्रांगण में रोट्रेक्ट क्लब ऑफ मुंगेली द्वारा आयोजित रोट्रेक्ट गरबा कार्यक्रम में मां दुर्गा की शैलचित्र की पूजा अर्चना कर भक्ति गीतों पर गरबा की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं में उत्साह बढ़ा दिया है। पर्व को लेकर महिलाओं और बच्चों में खासा उत्साह है। उत्सव के दौरान अलग-अलग रंग-बिरंगे परिधान में सजे हर आयु वर्ग के महिलाओं और बच्चों ने जमकर गरबा में थिरके व गुजराती परंपराओं के अनुसार गरबा डांडिया की धूम शुरू हुई। नवरात्रि के पावन अवसर पर रोट्रेक्ट क्लब ऑफ मुंगेली के गरबा महोत्सव का आयोजन नगर पालिका स्कूल में शुभारंभ प्रेस क्लब के अध्यक्ष अनिल सोनी के द्वारा माता दुर्गा के शैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर गरबा महोत्सव का शुभारंभ किया गया साथ में प्रेस क्लब सचिव योगेश शर्मा, मनीष शर्मा, अक्षय लहरे, आनंद गुप्ता, राजकुमार जोगांस, मनीष नामदेव, नीलकमल ठाकुर, अलीम मिर्जा नईम खान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी भी मौजूद रहे। महिलाएं और बच्चे लड़कियां ने माता रानी की प्रतिमा की गोल चक्कर काट कर गरबा कर भक्ति किया गया मैदान में 450 लड़कियां एवं महिलाओं ने गरबा में भाग लिया तत्पश्चात लकी ड्रा भी निकल गया जिसमें प्रथम दिवस अनुराधा देवांगन, ज्योति मानिकपुरी, आर्य राय, दूसरा दिवस जीविका सुथार, युक्त चैहान, झलक परी गोयल को इनाम दिया गया। जूनियर एवं सीनियर महिलाएं एवं लड़कियों को गरबा परिधान, सर्वोत्तम गरबा नृत्य, सर्वोत्तम गरबा जोड़ी का प्रथम द्वितीय तीसरा पुरस्कार भी रखा गया इस गरबा आयोजन में आकर्षण सेल्फी जोन रखा गया है इसमें बेस्ट फोटो को ओप्पो मोबाइल इनाम दिया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्लब के अध्यक्ष राजू श्रीवास्तव, सचिव विनय लूनिया, कार्यक्रम प्रभारी रविंद्र छाबड़ा दिनेश गोयल एवं क्लब के सदस्य रामशरण यादव, नितेश ठाकुर, गिरीश सुथार, राहुल वाधवा, कमल कोठारी, संदीप चोपड़ा।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की राशि मिलने से किसानों के चेहरे में खुशी की लहर

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com



शासन की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से किसानों को खेती-किसानी में काफी सहूलियत मिल रही है, इससे जिले के किसानों के चेहरे में खुशी की लहर है। मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम नवापारा के किसान बल्लू साहू ने योजना की सराहना करते हुए बताया कि प्रतिवर्ष 03 किश्तों में मिलने वाली राशि का उपयोग वे अपने खेती-किसानी सहित विभिन्न त्यौहारों में करते हैं।

उन्हें पैसे के लिए सेठ-साहूकारों का चक्कर नहीं लगाना पड़ता। योजना से उनका परिवार काफी खुश है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप शासन द्वारा किसानों की आर्थिक सुदृढ़ीकरण एवं खेती-किसानी व छोटी-छोटी जरूरतों जैसे खाद, बीज, दवाई आदि में सहयोग करने के लिए किसान सम्मान निधि योजना का संचालन किया जा रहा है। योजना के तहत छोटे और सीमांत किसानों के बैंक खाते में प्रतिवर्ष 06 हजार रूपए 03 किश्तों में अंतरित किया जाता है। गत दिवस प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों को दशहरा एवं दीपावली पर तोहफा देते हुए महाराष्ट्र से योजना के तहत देश के किसानों के खाते में 18वीं किश्त की राशि अंतरित की। इसमें मुंगेली जिले के 93 हजार 212 किसान भी शामिल हैं।

# यातायात पुलिस ने शहर के अंदर जाने वाले मार्गो को परिवर्तन किया

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com



नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के दौरान शहर में श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने तथा यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नवरात्रि के पांचवे दिन से दशहरा पर्व तक यातायात पुलिस के द्वारा शहर के अंदर जाने वाले मार्गो पर परिवर्तन किया गया है। जिसमें चार पहिया वाहन एवं बड़े वाहनों को शहर के अंदर जाना प्रतिबंधित रहेगा। यातायात पुलिस ने आदेश जारी कर शहरवासी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बताया कि पड़ाव चौक एवं दाऊपारा चौक से शाम 5 से रात 11 बजे तक वाहनों पर आवाजाही प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही पड़ाव चौक से दाऊपारा चौक एवं बालानी चौक तक चार पहिया वाहन ले जाना तथा बीच सड़क पर मोटरसाइकिल खड़ी करना प्रतिबंधित रहेगा। दाऊपारा चैक से पुलपारा व सिटी कोतवाली तक दो पहिया वाहन खड़ी करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। यातायात प्रभारी अमित गुप्ता ने बताया की शहर में त्यौहार के दौरान यातायात व्यवस्था सुधारने का प्रयास किया जा रहा है। प्रतिबंधित मार्ग पर वाहन लाने एवं सड़को पर बेतरतीब ढंग से वाहन खड़ी करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने अपील की है।

# बलरामपुर जिले में अपराधियों के हौसले बुलंद 10 साल बच्चे की सर कटी मिली लाश





पायनियर संवाददाता ✓ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

बलरामपुर रामानुजगंज जिले के बलंगी पुलिस चौकी क्षेत्र के तोरफा गांव से पांच दिनों से गायब दस साल के बच्चे की सिर कटी लाश मिली है। बृजेश कुमार नाम का यह दस साल का बच्चा अपने घर के सामने खेलने के दौरान अचानक गायब हो गया था। परिजनों ने बच्चों के गुम होने के बाद बहुत जोर शोर से खोज बिन की लेकिन कुछ पता नहीं चला अंततः उन्होंने पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस एवं ग्रामीणों के द्वारा खोजबीन जारी ही था कि इसी बीच पता चला कि तोरफा गांव में सड़ी गली हालत में बच्चे का शव पड़ा हुआ है सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग वहां एकत्रित हो गए और तरह-तरह की बातें करने लगे कुछ लोग का मानना है कि यह एक बलि प्रथा के कारण तो जान नहीं ली गई है पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है। चौकी प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि इसमें जो भी दोषी होंगे उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# अस्थायी पटाखा लाईसेंस का नवीनीकरण 11 अक्टूबर से 12 नवंबर तक, अनुविभागीय दंडाधिकारी अधिकृत

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले में अस्थायी पटाखा लाईसेंस का नवीनीकरण 11 अक्टूबर से 12 नवंबर तक किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने आदेश जारी कर जिले में अस्थायी पटाखा लाइसेंस के नवीनीकरण हेतु अनुविभागीय दंडाधिकारी मुंगेली, लोरमी और पथरिया को अधिकृत किया है। अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने बताया कि अस्थायी पटाखा लायसेंस का नवीनीकरण 12 नवंबर तक के लिए किया जाएगा। नवीनीकरण हेतु निर्धारित शुल्क का चालान के माध्यम से जमा करना होगा। नगरीय निकाय क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्रों में विस्फोटक नियम 2008 के प्रावधानों के अनुरूप पटाखा विक्रय हेतु सुरक्षित स्थल को चिन्हांकित कर लायसेंस धारियों को आबंटित किया जाएगा। आबंटन की कार्यवाही अनुविभागीय दण्डाधिकारी की निगरानी में किया जाएगा। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि निर्धारित स्थल के अतिरिक्त किसी भी स्थान पर पटखा का विक्रय न हो। ग्रामीण स्तर पर सुरक्षित पटाखा विक्रय हेतु स्थल का चयन ग्राम पंचायत द्वारा किया जाएगा। जिसकी सूचना संबंधित थाना एवं तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी को दी जाएगी। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार निर्धारित अवधि के दौरान पटाखा के भण्डारण एवं विक्रय के दौरान समस्त आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किया जाए। इस संबंध में विस्फोटक अधिनियम 2008 की धारा 84 के विहित प्रावधानों के अनुसार त्यौहारों के दौरान स्थानीय प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थल पर अस्थायी दुकान में पटाखा विक्रय के शर्तो का पालन कराया जाए। दीपावली पर्व के अवसर पर आतिशबाजी के भण्डारण एवं बिक्री के समय अनुमोदित आरेखण मे दर्शाई गई दुकान की सीमा रेखा के अन्दर ही आतिशबाजी का भण्डारण करें। आतिशबाजी की दुकान के अन्दर सीमा से अधिक मात्रा में फटाकों का भण्डारण न करें। दुकान के अन्दर ग्राहकों का जमाव न करें। दुकान के बाहर रेत से भरी, पानी से भरी बाल्टियाँ, ड्रम एवं पर्याप्त मात्रा में अग्निशमन यंत्र अवश्य रखें। दुकान के अन्दर अन्य आतिशबाजी के साथ माचिस, पेपर कप्स या ऐसी अन्य सामग्री जिसमें क्लोरेट मिश्रण का भण्डारण न करें। अनुज्ञप्तिधारी विदेशी मूल के आतिशबाजी को ना रखेगा और ना ही उसकी बिक्री करेगा। जारी आदेश के अनुसार दुकान के अन्दर आतिशबाजी को उसके मूल पैकिंग को खोलकर लूज अवस्था में ना रखें। दुकान में लगे शटर को खोलने के पश्चात उसमें स्टॉपर अवश्य लगाएं। दुकान के बाहर किसी प्रकार का पंडाल या अस्थाई शेड आदि ना लगाये। दुकान के अन्दर बल्ब, ट्यूबलाईट - आदि को दीवार पर ठीक प्रकार से फिक्स (जैसे की कंसिल्ड वायरिंग/कंड्यूट पाईप में वायरिंग) करवायें। बल्ब आदि को दुकान के अन्दर लटकाकर ना रखें। दुकान के भीतर खुले बिजली के तार आदि न लगायें। एम.सी.बी लगाने से अधिक सुरक्षा होती है। आतिशबाजी की दुकान में कार्यरत कर्मचारियों को आतिशबाजी को रखने, उठाने या पैक करने की समय ली जाने वाली आवश्यक सुरक्षा उपायों से पूर्णतः अवगत करायें। आतिशबाजी के दुकान में कार्यरत सभी कर्मचारियों को किसी प्रकार की अग्नि दुर्घटना आदि होने की स्थिति में अग्निशमन आदि यंत्रों के उपयोग से प्रशिक्षित करें।

# गरबा करने वाले प्रतिभागियों को जूनियर एवं सीनियर दोनों वर्ग में सोलो,ड्यूएट व ग्रुप डांस पर किया पुरस्कृत

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com



अखण्ड ब्राह्मण समाज सेवा समिति द्वारा आयोजित रास गरबा महोत्सव का गरिमामय वातावरण में हुआ समापन, अतिथियों ने गरबा करने वाले प्रतिभागियों को जूनियर एवं सीनियर दोनों वर्ग में सोलो,ड्यूएट व ग्रुप डांस पर किया पुरस्कृत। अखण्ड ब्राह्मण समाज सेवा समिति द्वारा पंडरिया रोड स्थित सेंट जेवियर स्कूल में आयोजित रास गरबा महोत्सव के दूसरे दिवस का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी, पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष थानेश्वर साहू,जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजीत बनर्जी, स्वतंत्र मिश्रा, रोहित शुक्ला, संजय यादव ,कत्थक नृत्यांगना एवं छत्तीसगढ़ी फिल्म कलाकार दीपाली पाण्डेय,मनोज पाण्डेय एवं समाज के सदस्यों ने पं मनोज मिश्रा के निर्देशन में विधिवत पूजा अर्चना कर तथा गरबा नृत्य कर किया। नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी ने अपने संबोधन में कहा कि रास गरबा का यह आयोजन अखण्ड ब्राह्मण समाज सेवा समिति द्वारा श्रद्धा व भक्ति मय तथा पारिवारिक वातावरण में किया गया है जिसमें सभी समाज के लोगों ने गरबा किया है। उन्होंने आयोजकों को बधाई देते हुए बताया कि पूर्व में इसी जगह पर वे गरबा आयोजित कर चुके हैं। उन्होंने विजयी होने वाले प्रतिभागियों को बधाई दी। दीपाली पाण्डेय ने कहा कि वे इस तरह की कई आयोजनों में शामिल होती रहीं हैं परंतु जो पारिवारिक वातावरण व श्रद्धा भक्ति अखण्ड ब्राह्मण समाज के इस आयोजन में देखने को मिला वो और कहीं नहीं दिखा था।


**ई–नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना (परिशिष्ट – IVA) (नियम 8(6))**

आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में जिसे इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) (आईआईएफएल–एचएफएल) कॉर्पोरेट कार्यालय प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज–IV, गुड़गांव –122015 (हरियाणा) के पास बंधक रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री और शाखा कार्यालय "पहली मंजिल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेंसी, रालपुर के सामने, सीजी 492001" वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद "अधिनियम") के तहत जबकि आईआईएफएल–एचएफएल के प्राधिकारी अधिकारी ("एओ") ने अधिनियम की धारा 13(2) के तहत निम्नलिखित ऋण खातों/प्रोसपेक्ट सं. में जारी नोटिस के अनुसरण में निम्नलिखित संपत्ति/संपत्तियों को अपने कब्जे में ले लिया था, जिसमें आईआईएफएल–एचएफएल की बकाया राशियों की वसूली के लिए "जहां है जैसा है और बिना किसी आधार के बेचा जा रहा है। बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट www.iiflonehome.com पर उपलब्ध ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी।

| कर्जदार(रों)/सह–कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) | मांग सूचना की तिथि एवं राशि | अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण | सांकेतिक कब्जे की तिथि | आरक्षित मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. सुनील कुमार सिंह 2. एस के मोबाईल रिपेयरिंग सेन्टर 3. सपना सिंह (प्रॉस्पेक्ट नं. 838969) | 23.11.2019 रु. 25,42,743/– (रु. पच्चीस लाख ब्यालीस हजार सात सौ तैतालीस मात्र) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि खसरा नं. 179/24, पी.एच नं. 104, आर एन एम रायपुर, मौज़ा डांगनिया रायपुर, छत्तीसगढ़–492001 (क्षेत्रफल 1200 वर्ग फीट) | 11.06.2020 | रु. 16,44,000/– (रु. सोलह लाख चौवालीस हजार मात्र) |
| | बोली वृद्धि राशि | | कुल बकाया | धरोहर राशि (ईएमडी) |
| | रु. 25,000/– (रु. पच्चीस हजार मात्र) | | दिनांक 05.09.2024 तक रु. 33,17,301/– (रु. तैतीस लाख सत्रह हजार तीन सौ एक मात्र) | रु. 1,64,400/– (रु. एक लाख चौसठ हजार चार सौ मात्र) |

| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि | ई–नीलामी की तिथि / समय |
|---|---|---|
| 21.10.2024 को पूर्वाह्न 1100 बजे से अपराह्न 1400 बजे | 23.10.2024 को अपराह्न 05.00 बजे | 25.10.2024 को पूर्वाह्न 1100 बजे से अपराह्न 1300 बजे |

भुगतान का प्रकार:– ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन मोड द्वारा किया जाएगा। भुगतान करने के लिए आपको https://www.iiflonehome.com पर जाना होगा और केवल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा। टिप्पणी: प्रत्येक संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए भुगतान लिंक अलग है। सुनिश्चित करें कि आप उस संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे हैं जिसे आप सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से खरीदना चाहते हैं। शेष राशि भुगतान के लिए – Login https://www.iiflonehome.com > My Bid > Pay Balance Amount.

**नियम और शर्तें:–**

1. ई–नीलामी में भाग लेने हेतु, इच्छुक बोलीदाताओं को सेवा प्रदाता https://www.iiflonehome.com के साथ अपना विवरण पंजीकृत करना आवश्यक है, को पहले से ही लॉगिन अकाउंट, लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को ईएमडी के भुगतान विवरण, केवाईसी और पैन कार्ड की प्रति के साथ अपना "निविदा फॉर्म" उपरोक्त शाखा कार्यालय में जमा/भेजना होगा।
2. बोलीदाताओं को "बोली वृद्धि राशि" कॉलम के तहत उल्लिखित राशि के गुणकों में अपने प्रस्ताव में सुधार करना होगा। यदि नीलामी के समापन समय के अंतिम 5 मिनट में बोली लगाई जाती है, तो समापन समय स्वचालित रूप से 5 मिनट के लिए बढ़ाया जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को एओ द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति के 24 घंटे के भीतर बोली राशि का 25% (ईएमडी समायोजित करने के बाद) जमा करना होगा और बोली राशि का शेष 75% सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा करना होगा। सभी जमा और भुगतान के निर्धारित भुगतान के मोड से होंगे।
4. क्रेता को उपकर, लागू स्टांप शुल्क, व्यय, और कोई अन्य वैधानिक बकाया या अन्य बकाया जैसे नगरपालिका कर, बिजली शुल्क, भूमि और अन्य सभी आकस्मिक लागत, संपत्ति से संबंधित सभी करों और दरों सहित बकाये का वहन करना होगा।
5. क्रेता को बिक्री राशि के लेनदेन/भुगतान पर टीडीएस आवेदन देना होगा और आईआईएफएल एचएफएल के पास टीडीएस प्रमाण पत्र जमा करना होगा।
6. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे नीलामी बिक्री और नीलामी आवेदन के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए वेबसाइट https://www.iiflonehome.com और https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction देखें। ई–नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिए अपनी बोली फॉर्म जमा करने से पूर्व।
7. विवरण के लिए, ई–नीलामी पर सहायता प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता ईमेल आईडी : care@iiflonehome.com सहायता हेल्पलाइन नं. 1800 2672 499 से संपर्क कर सकते हैं।
8. संपत्ति के विवरण, संपत्ति के निरीक्षण और ऑनलाइन बोली आदि से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए सोमवार से शुक्रवार 09:30 बजे से 18:00 बजे तक आईआईएफएल एचएफएल के टोल फ्री नंबर 1800 2672 499 पर कॉल करें या ईमेल पर care@iiflonehome.com लिखें
9. उपरोक्त उधारकर्ताओं को नोटिस दिया जाता है कि वे 7 दिनों के भीतर भौतिक कब्जा लेने के समय सुरक्षित संपत्ति में पड़े घरेलू सामान को वापस ले लें। अन्यथा आईआईएफएल–एचएफएल किसी भी परिस्थिति में संपत्ति के नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
10. इसके अलावा ऋणी को नोटिस दिया जाता है, यदि वे उपरोक्त वस्तुओं को एकत्र करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कानून के अनुसार बेचा जाएगा।
11. उपरोक्त निर्धारित समय के भीतर सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा किसी भी स्तर पर भुगतान में चूक के मामले में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी और पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएगी और संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा।
12. एओ के पास बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी के नियमों और शर्तों को स्थगित/रद्द करने या बदलने का अधिकार सुरक्षित है। निविदा/नीलामी में किसी भी विवाद के मामले में, आईआईएफएल–एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम होगा।

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9 की उप धारा(1) के तहत 15 दिनों की वैधानिक बिक्री सूचना**


उधारकर्ता को निविदा/नीलामी की तारीख से पहले उपरोक्त उल्लिखित राशि का भुगतान दिनांकित ब्याज और सहायक खर्चों के साथ करने के लिए सूचित किया जाता है। ऐसा न करने पर संपत्ति को नीलाम/बेच दिया जाएगा और शेष बकाया, यदि कोई हो, ब्याज और लागत सहित वसूल किया जाएगा

स्थान : रायपुर, तिथि : 08.10.2024 हस्ता/– प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड



## धनुंबांस जंगल में मां बंजारी, जामगांव में मानकेश्वरी तो सांपखंड में माता सांपखंडिन देवी की चल रही भक्ति की बयार, सबसे निराली पहाड़ी वाली चंडी डोंगरी में भी बिराजी मातारानी


# पूर्वांचल के अंतर्राज्यीय सीमाओं में सजा मातारानी का दरबार

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com







रायगढ़ जिले के पूर्वी अंचल हर क्षेत्र में खासमखास होता है, चाहे भक्ति का क्षेत्र हो, शिक्षा हो या फिर आध्यात्म, पूर्वांचल से निकली रोशनी सुदूर जिले को आलोकित करती है। पहली बार रायगढ़ जामगांव सड़क मार्ग पर कोतरलिया जुरडा चौक पर स्थित चंडी डोंगरी में मातारानी की कृपा बरस रही है। रामचंडी सेवा समिति एवम आंचलिक ग्रामवासियों के सहयोग से मां रामचंडी की मंदिर तो बनेगी इसके पहले ही उनकी भक्ति आराधना करने नवरात्र पूजन प्रारंभ किया गया है। यहां पर मां का आशीर्वाद देखते ही बनती है।जनमानस में आस्था बढ़ते जा रही है, पूरे नौ दिन चलनेवाली इस नवरात्रि महोत्सव में लोग दूर दूर से आ रहे हैं। दूसरी ओर रायगढ़ जमगांव सड़क पर ही रेलवे स्टेशन से आगे ओडिसा और छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित मां मानकेश्वरी मंदिर परिसर में भी आस्था के ज्योत जगमगा रहे हैं। यहां पर दोनो राज्यों के भक्तों की महाकुंभ जम रही है। तीन कोशा धनु बांस जंगल के रूप मशहूर आड़बहाल दूबड़कछार के बीच जंगल में स्थापित मां बंजारी माई की दरबार भी पिछले कई सालों से सज रही है। यह स्थल भी अंतर्राजीय सीमा छत्तीसगढ़ और ओडिसा के बीच दोनो राज्यों के भक्तों को जोड़ती है। मातारानी की कृपा से इस घने जंगल के बीच लोग बहुत ही श्रद्धा से पवित्र दीप प्रज्ज्वलित कर रहे हैं। विभिन्न भक्तिमय कार्यक्रमों के साथ लोगों की अपार जन समूह देखते ही बनती है। यहां पर नौ दिन चलने वाली मेले में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। महापल्ली से आगे शकरबोगा कनक तोरा के बीच सांप खंड जंगल में माता सांप खंडीन देवी की पूजा अर्चना यूं तो सालों साल से होते आ रही है लेकिन पिछले आठ दस सालो से यहां पर भी दोनो प्रदेशों के भक्तों की संयुक्त कमेटी गठित कर नवरात्र पूजन की भव्यता बढ़ा दी है। यहां सर्पदेवी की पूजा अर्चना की जाती है।यह ओडिसा और छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित है। वित्त मंत्री और विधायक ओपी चौधरी ने यहां इस वर्ष विद्युतीकरण भी करवा दिया है। अब अंधेरे का सामना नहीं करना पड़ेगा।यहां प्रतिदिन नवरात्रि में दोपहर में महा भंडारा दी जाती है।प्रतिदिन दो हजार से अधिक लोग इस महा भंडारा में शामिल हो रहे हैं। यूं तो सभी दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम दोनो राज्यों के भक्तों द्वारा की जाती है लेकिन नवरात्र के अंतिम दिन रावण दहन और रामलीला की झांकियो के कारण पंद्रह हजार से अधिक लोगों की हुजूम हर साल उमड़ती है।सबसे निराली मां भद्रकाली का दरबार महापल्ली बीच बस्ती में पूजक अक्षय कुमार गुप्ता के घर सजी हुई है। यहां भी भक्तिमय माहौल अखंड ज्योत जल रही है। मां भद्रकाली के विभिन्न रूपों का पूजन विधि विधान के साथ हो रही है।

चंडी पाठ भजन कीर्तन और अंतिम दिन भंडारे का आयोजन भी किया गया है।वित्तमंत्री और रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने गत दिवस महापल्ली आगमन पर मां भद्रकाली के दरबार में मत्था टेका और जिले व प्रदेश के सुख शांति की कामना की।

# सशस्त्र सैन्य प्रदर्शनी युवाओं के लिए प्रेरणा का अद्वितीय स्रोतः राज्यपाल डेका

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com





रायपुर में आयोजित भव्य सशस्त्र सैन्य समारोह युवाओं के लिए प्रेरणा का एक अद्वितीय स्रोत है। यह दिखाता है कि भारतीय सेना में शामिल होने का अर्थ केवल एक नौकरी पाना ही नहीं है बल्कि अपने राष्ट्र की रक्षा के लिए समर्पण की भावना से ओत-प्रोत होना है। राज्यपाल रमेन डेका ने रायपुर में सशस्त्र सैन्य समारोह के समापन अवसर पर उक्त बातें कहीं। रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में विगत 05 अक्टूबर से आयोजित सशस्त्र सैन्य प्रदर्शनी का आज भव्य समारोह में समापन हुआ। इस कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने युवाओं से आव्हान किया कि भारतीय सेना राष्ट्र सेवा का प्रतीक है, इसमें शामिल होकर राष्ट्र के प्रति अपना कर्तव्य निभाएं। सैन्य प्रदर्शनी के माध्यम से छत्तीसगढ़ के युवाओं में साहस और समर्पण की भावना उत्पन्न होगी। छत्तीसगढ़ के युवा भी सेना में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे और देश की सुरक्षा में तत्पर रहेंगे। डेका ने कहा कि यह आयोजन हमे दिखाता है कि भारतीय सेना अब अत्याधुनिक तकनीकों और उपकरणों से सुसज्जित है। यह आत्मनिर्भर भारत की ओर हमारा बढ़ता हुए कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस प्रगति की है। भीष्म टी-90 टैंक, स्ट्रेला मिसाइल और अन्य सैन्य उपकरण जो हम यहां देख रहे है, इस बात का प्रमाण है कि अपने संसाधनों और प्रतिभा का उपयोग करके हम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ ताकतों में से एक बन रहे है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना का शौर्य और वीरता अदभुत है। हर सैनिक में त्याग, साहस और कर्त्तव्यपरायणता की भावना कूट-कूट कर भरी हुई है। इसमे महिलाएं भी पीछे नहीं हैं। वे भी सेना के हर मोर्चे पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। हमारे जवानों का अदम्य साहस और कर्त्तव्य निष्ठा हमे यह सिखाता है कि जब देश की बात हो तो हमे सभी कठिनाइयों का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। भारतीय सेना न केवल युद्ध क्षेत्र में बल्कि आपदा राहत कार्यों, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई और शांति बनाए रखने के प्रयासों और जीवन के साथ हमारी सम्पत्ति की रक्षा करती है। इसलिए हमारे सैनिकों और उनके परिजनों के हित और कल्याण के लिए हमें भी अधिक-अधिक योगदान करना चाहिए। समारोह के पूर्व डेका ने सैन्य प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सेना के उच्च अधिकारियों ने भीष्म टी-90 टैंक सहित विभिन्न मिसाइल, अत्याधुनिक लड़ाकू हथियारों एवं अन्य सैन्य उपकरणों के बारे में जानकारी दी। राज्यपाल डेका ने शहीद जवानों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। समारोह में स्वागत भाषण रायपुर जिले के कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने किया। समारोह के दौरान एनसीसी के कैडेटों का शानदार घुड़सवारी प्रदर्शन, जाबांज सैनिकों का डेयर डेविल मोटर साइकिल शो, गोरखा रेजिमेंट का खुखरी डांस प्रस्तुतिकरण, हेलीकॉप्टर से सलामी, सैन्य छापेमारी, मिलिट्री बैंड कॉन्सर्ट एवं अन्य विविध कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने छत्तीसगढ़ और ओड़िशा उप क्षेत्र के बिग्रेडियर अमन आंनद को छत्तीसगढ़ शासन की ओर से मानपत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किया। सेना के अधिकारियों ने उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, रामप्रताप सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण, राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड के संचालक विवेक शर्मा, सेना के अधिकारीगण, सैनिक, उनके परिजन, आम जनता, युवा, महिलाएं तथा छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# भाजपा सरकार लोहारीडीह के 167 लोगों को फांसी पर चढ़ाना चाहती है : भूपेश बघेल



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

लोहारीडीह मामले में पत्रकारों से चर्चा करते हुये पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा सरकार ने लोहारीडीह के मामले में 167 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। हमारे पास जो एफआईआर की कापी आई है, उसमें 167 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा विभिन्न धाराओं में दर्ज किया है। लोहारीडीह में पूरे गांव को संगीन धाराओं में फंसाकर जेल में डाला गया है। भाजपा सरकार 167 लोगों को फांसी की सजा दिलाना चाह रही है, एफआईआर से स्पष्ट हो रहा है। कुल 167 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। इसके अलावा अन्य लिखकर बचे हुये गांव वालों का भी नाम जोड़ने का रास्ता बनाया गया है। ऐसी-ऐसी धारायें सभी 167 लोगों के खिलाफ लगाई गयी है, जिसमें सभी को फांसी की सजा दोहरा आजीवन कारावास की सजा सहित अलग-अलग धाराओं में वर्षों तक जेल में बंद रखने की सजा हो सकती है। सरकार ने अपनी विफलता का बदला पूरे गांव से लिया है। सभी समाज के लोगों को प्रताड़ित किया गया है। पुलिस ने विवेचना किये सिर्फ एक व्यक्ति विनोद साहू पिता रघुनाथ साहू के बयान के आधार पर 167 लोगों को जेल में डाल दिया। पूरे गांव का बयान लेना था, उसके बाद कार्यवाही होना था। गांव के जो लोग बाहर है उन पर भी गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है क्योंकि एफआईआर में 167 के बाद अन्य लिखकर शेष लोगों की गिरफ्तारी का मार्ग बनाया गया है, सरकार के इशारे पर और भी नाम जोड़े जा सकते है। धारा 103(2) मॉब लीचिंग के लिये पूरे देश में पहली कार्यवाही कर 167 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया। लोहारीडीह मामले में आईपीएस अधिकारी विकास कुमार को क्यों निलंबित किया गया? क्या विवेचना सही नहीं किया गया था? विवेचना ठीक से नहीं हुआ क्या फिर से विवेचना होगी? सूची में जो नाम है वह सही है या गलत सरकार बताये?

# विधायक पुरंदर मिश्रा ने डब्ल्यू आरएस दशहरा उत्सव की तैयारियां शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश

## सफाई, प्रकाश, पेयजल, बैरिकेटिंग सहित आवश्यक प्रबंध शीघ्र करने कहा

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने डब्ल्यू आरएस दशहरा उत्सव की तैयारियों को शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश दिए हैं। रायपुर उत्तर विधायक ने नगर निगम जोन 2, पीडब्ल्यूडी, पीएचई, छग विद्युत पावर कम्पनी के सम्बंधित अधिकारियों को डब्ल्यू आरएस दशहरा उत्सव की गरिमा के अनुरूप मैदान में सफाई, पेयजल, प्रकाश, बैरिकेटिंग सहित अन्य आवश्यक प्रबंधन प्रशासनिक तौर पर शीघ्र प्राथमिकता से पूर्ण करवाने के निर्देश दिए है। रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने डब्ल्यूआरएस दशहरा उत्सव समिति के राधेश्याम विभार, पदाधिकारीगणों, से चर्चा की। रायपुर उत्तर विधायक ने नगर निगम जोन 2 जोन कमिश्नर डॉक्टर आर. के. डोंगरे, पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता राजेश नशीने, सम्बंधित अन्य अधिकारीगणों को व्यवस्था के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश निरीक्षण के दौरान दिए।

# दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ के दौरान चलाई जाएंगी 6556 स्पेशल ट्रेनें

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए भारतीय रेल द्वारा इस वर्ष 6556 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इन स्पेशल ट्रेनों का संचालन 1 अक्टूबर से 30 नवंबर के बीच किया जाएगा। रेलवे अधिकारी के मुताबिक हर साल त्योहारों के अवसर पर रेलवेद्वारा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाता है। इस वर्ष इन स्पेशल ट्रेनों की संख्या में भारी बढ़ोतरी की गई है। गौरतलब है कि दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पर्वों के दौरान लाखों की संख्या में यात्री सफर करते हैं। यात्रियों की भारी भीड़ को सुगम एवं आरामदायक यात्रा प्रदान करने के लिए रेलवे द्वारा इस वर्ष भी विशेष ट्रेनों का संचालन करने की तैयारी की गई है। दो महीने की अवधि के दौरान ये स्पेशल ट्रेनें 6556फेरे लगाएंगी और बड़ी तादाद में यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने का काम करेंगी। पिछले वर्ष भी भारतीय रेल द्वारा बड़ी संख्या में त्योहार स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया था और इन ट्रेनों ने कुल 4,429 फेरे लगाए थे, जिनके माध्यम से लाखों की संख्या में यात्रियों को आरामदायक यात्रा की सुविधा प्राप्त हुई थी। जाहिर है कि हर साल दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर देश भर से बड़ी संख्या में लोग उत्तर प्रदेश और बिहार की ओर प्रस्थान करते हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों के लिए ये त्योहार न केवल धार्मिक महत्व रखते हैं, बल्कि परिवारों से मिलने का भी एक अहम अवसर होते हैं। हर साल त्योहारों के दौरान यात्रियों की भीड़ की वजह से अधिकांश ट्रेनोंमें दो-तीन महीने पहले से ही टिकट वेटिंग लिस्ट में चली जाती हैं। इसी को देखते हुए रेलवे द्वारा इस वर्ष भी त्योहारों के अवसर पर स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है।

# मनेन्द्रगढ़ में बेवरेज डिपो या गोदाम खोलने पर बनी सहमति चार जिलों को होगी सप्लाई : श्याम बिहारी जायसवाल

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन के संचालक मंडल की बैठक रायपुर के आबकारी भवन में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने की। संचालक मंडल की इस बैठक में बेवरेज कारपोरेशन के विभिन्न एजेंडों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में सर्वप्रथम 21 अगस्त को आयोजित बैठक में लिए गए निर्णयों का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के वित्तीय विवरणों का अनुमोदन भी किया गया। बैठक में बेवरेज कार्पोरेशन द्वारा दुर्ग एवं बिलासपुर के गोदामों में हाउस कीपिंग कार्य के लिए निविदा जारी करने कार्य का अनुमोदन किया गया, साथ ही अरसनारा-दुर्ग गोदाम के लिए एक नग जेनरेटर क्रय करने की भी स्वीकृति प्रदान की गयी। अध्यक्ष श्याम बिहारी जायसवाल ने सरगुजा संभाग में वाइन की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं आस पास के जिलों में स्टाक उपलब्धता के लिए मनेंद्रगढ़ में बेवरेज डिपो या गोदाम के संचालन का प्रस्ताव रखा जिस पर संचालक मंडल ने अपनी सहमति प्रदान की। मनेन्द्रगढ़ में बेवरेज गोदाम खुलने से गौरेला पेंड्रा मरवाही, मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर, कोरिया और सूरजपुर जिलों की वाइन दुकानों के लिए स्टाक का स्टोरेज किया जाएगा। बैठक में सचिव वाणिज्य कर आबकारी आर संगीता, प्रबंध संचालक स्टेट बेवरेज कार्पोरेशन श्याम धावड़े, सचिव वित्त विभाग शारदा वर्मा समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।









सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403